राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-143
लखनऊ, बुधवार 10 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




गरीब कल्याण की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करें अफसर : केशव 03

विधानसभा में व्यवधान पैदा करने की परंपरा लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं 12

## आधा किमी. तक फायर कर सकती है असॉल्ट राइफल

▸ डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों के लिए लॉन्च की 'उग्रम' राइफल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए 7.62×51 मिमी. कैलिबर की स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' लॉन्च कर दी है, जिसकी प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है।

इन असॉल्ट राइफल को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस इकाइयों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। डीआरडीओ की पुणे स्थित लैब आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने हैदराबाद की द्विपा आर्मर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 7.62 × 51 मिमी. कैलिबर की एक अत्याधुनिक असॉल्ट राइफल विकसित की है। राइफल की प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। राइफल का पहला ऑपरेशनल प्रोटोटाइप नाम 'उग्रम' दिया गया है, जिसका अर्थ है क्रूर।

## राष्ट्रपति ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 26 खिलाड़ियों को दिए अर्जुन पुरस्कार

### पांच कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार, क्रिकेट में शमी, शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप अर्जुन अवॉर्डी व सात्विक और चिराग को खेल रत्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय खेल और साहसिक पुरस्कार 2023 प्रदान किए। क्रिकेटर मो. शमी सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति ने शमी के अलावा ओजस प्रवीण, शीतल देवी और अन्य को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। भारत में दूसरा सबसे बड़ा खेल सम्मान अर्जुन पुरस्कार अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन करने के लिए दिया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लॉन बाउल्स में उनकी उपलब्धियों के लिए पिंकी, शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्क्वैश में हरिंदर पाल सिंह संधू, टेबल टेनिस में अयहिका मुखर्जी, कुश्ती में सुनील कुमार और अंतिम पंघाल, नाओरेम रोशिबिना देवी को वुशू, शीतल देवी को पैरा तीरंदाजी, इलुरी अजय कुमार रेड्डी को ब्लाइंड क्रिकेट, प्राची यादव को पैरा कैनोइंग में उनकी उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार, 2023 प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विनीत कुमार शर्मा और कविता सेल्वराज को ध्यानचंद पुरस्कार (लाइफटाइम), 2023 प्रदान किए। राष्ट्रपति ने लैंड एडवेंचर में उनकी उपलब्धियों के लिए सविता कंसवाल (मरणोपरांत) को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, 2022 प्रदान किया। इसके अलावा राष्ट्रपति ने तुलसी चैतन्य मोथुकुरी, मास्टर वारंट ऑफिसर अंशू कुमार तिवारी और परवीन सिंह को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, 2022 प्रदान किए। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (एमएकेए) ट्रॉफी, 2023 गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर को दी गई। ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) और जैन (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार, 2023 दिए गए।



**लाइफ टाइम (ध्यानचंद पुरस्कार)**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| कविता | कबड्डी |
| मंजूषा कंवर | बैडमिंटन |
| विनीत कुमार शर्मा | हॉकी |

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड**

| कोच | खेल |
|---|---|
| गणेश प्रभाकरन | मलखंब |
| महावीर सैनी | पैरा एथलेटिक्स |
| ललित कुमार | रेसलिंग |
| आरबी रमेश | शतरंज |
| शिवेंद्र सिंह | हॉकी |

**लाइफ टाइम अवॉर्ड**

| कोच | खेल |
|---|---|
| जसकीरत सिंह ग्रेवाल | गोल्फ |
| भास्करन ई | कबड्डी |
| जयन्त कुमार पुसीलाल | टेबल टेनिस |

**खेल रत्न**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| सात्विक-चिराग | बैडमिंटन (डबल्स) |

**अर्जुन अवॉर्ड**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| मोहम्मद शमी | क्रिकेट |
| अजय रेड्डी | ब्लाइंड क्रिकेट |
| ओजस प्रवीण देवताले | तीरंदाजी |
| अदिति गोपीचंद स्वामी | तीरंदाजी |
| शीतल देवी | पैरा तीरंदाजी |
| पारुल चौधरी और मुरली श्रीशंकर | एथलेटिक्स |
| मोहम्मद हुसामुद्दीन | मुक्केबाजी |
| आर वैशाली | शतरंज |
| दिव्यकृति सिंह और अनूष अग्रवाल | घुड़सवारी |
| दीक्षा डागर | गोल्फ |
| कृष्ण बहादुर पाठक | हॉकी |
| सुशीला चानू | हॉकी |
| पिंकी | लॉन बॉल |
| ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर | शूटिंग |
| अंतिम पंघाल | कुश्ती |
| अहिका मुखर्जी | टेबल टेनिस |
| ईशा सिंह | शूटिंग |
| हरिंदर पाल सिंह संधू | स्क्वैश |
| सुनील कुमार | कुश्ती |
| नाओरेम रोशिबिना देवी | वुशु |
| प्राची यादव | पैरा कैनोइंग |
| पवन कुमार | कबड्डी |
| रितु नेगी | कबड्डी |
| नसरीन | खो-खो |

## संक्षिप्त समाचार

### एलओसी के पास से हथियार व नशीले पदार्थ बरामद

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास से सुरक्षा बलों ने हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। इस दौरान एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक विशिष्ट इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम ने किशनगंगा नदी के पास तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान नदी के किनारे कोबरा पोस्ट व्यू पॉइंट के पास केरन पाईन से एक एके-47 राइफल, दो एके मैगजीन और नशीले पदार्थ के पैकेट बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि इस दौरान नागा मंडियान निवासी मोहम्मद अमीन लोन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत संक्रमित

**बेंगलुरू।** देश में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के बीच कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। वह राजभवन में क्वारंटाइन हो गए हैं। राजभवन की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक 卐कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का कोविड-19 परीक्षण सकारात्मक आया है। फिलहाल उन्हें उनके आवास पर ही क्वारंटाइन कर दिया गया है। गौरतलब है कि देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 475 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,919 हो गई है।

### एसिड पर रोक लगाने की याचिका पर मांगा जवाब

**प्रयागराज।** प्रदेश में खुलेआम बिक रहे एसिड पर रोक लगाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि प्रदेश में खुलेआम एसिड बिक्री पर रोकथाम को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने पिछले पांच साल में हुए एसिड अटैक की घटनाओं का ब्यौरा भी मांगा है। कोर्ट इस याचिका पर 23 जनवरी को अगली सुनवाई करेगी। नव्या केसरवानी व अन्य की तरफ से जनहित याचिका दायर की गई है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई की।

### विधायक जनता की अपेक्षाओं को करें पूरा : सतीश महाना

**भोपाल।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को यहां विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करें। महाना प्रभावी विधायक कैसे बने, संसदीय शिष्टाचार एवं आचरण'' विषय पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि सभी कार्य आप करा पायें, पूरा करने का पूरा प्रयास करें। उन्होंने विधायकों को सलाह दी कि विधानसभा में अध्ययन करके आयें और तर्कपूर्ण बातें करें। नई तकनीक के साथ समन्वय बनायें। जिन कामों से नियम कानून का उल्लंघन हो तो नही कहना भी सीखे। सार्वजनिक जीवन में हैं तो आपका व्यवहार भी अच्छा होना चाहिए।

## वाइब्रेंट ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन

### पीएम मोदी ने की मोजाम्बिक, तिमोर लेस्टे के राष्ट्रपति की उपस्थिति में सबसे बड़े ट्रेड शो की शुरुआत

एजेंसी

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) 2024 के अंतर्गत गांधीनगर में देश के सबसे विशाल वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो 2024 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्टे के राष्ट्रपति जोस मैन्युअल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में स्विच ऑन करके तथा तख्ती का अनावरण कर ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'द समिट ऑफ सक्सेस टुवर्ड्स रियलाइजेशन ऑफ फुलेस्ट पोटेंशियल ऑफ गुजरात' नामक ई-कॉफी टेबल बुक लॉन्च की।




प्रधानमत्री द्वारा वाइब्रेंट गुजरात 2024 अमृतकाल की प्रथम समिट की स्मृति में स्मारक सिक्के तथा वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के सफलतापूर्वक 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मारक स्टाम्प का अनावरण भी किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात समिट के 20 वर्ष के प्रभाव पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा तैयार की गई अनुसंधान रिपोर्ट का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी सहित अतिथियों ने ग्लोबल ट्रेड शो में इंटरनेशनल पवेलियन, ई-मोबिलिटी, आत्मनिर्भर गुजरात, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन टेकेड सहित विभिन्न पवेलियनों पर जाकर एग्जीबिटर्स के साथ संवाद किया तथा जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक सहित देश-विदेश के अग्रणी उद्योगपति उपस्थित रहे। दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में एग्जीबिशन और स्टॉल हेलिपैड ग्राउंड, गांधीनगर में दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में एग्जीबिशन तथा स्टॉल वाला देश का यह सबसे बड़ा ग्लोबल ट्रेड शो 10 से 11 जनवरी तक बिजनेस विजिटर्स के लिए, जबकि 12 से 13 जनवरी तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

#### 'मेक इन गुजरात' व 'आत्मनिर्भर भारत' सहित विभिन्न 13 थीमें तय

इस ट्रेड शो में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कम्पोनेंट्स, सिरामिक्स, केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल्स, जेम्स एंड ज्वैलरी, फार्मास्युटिकल्स तथा पोर्ट और मरीन जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक उत्पादनों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया है। टेक्सटाइल और गारमेंट, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ग्रीन हाइड्रोजन, एयर क्राफ्ट और अनुषांगिक उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम), फिनटेक, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग सहित अन्य उद्योग आकर्षण का केंद्र रहेंगे। ट्रेड शो के तहत कुल 13 हॉल में 'मेक इन गुजरात' और 'आत्मनिर्भर भारत' सहित विभिन्न 13 थीमें तय की गई हैं। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए लगभग 450 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयां इस ट्रेड शो में सहभागी हो रही हैं, जिसके तहत महिला सशक्तिकरण, एमएसएमई विकास, नई टेक्नोलॉजी, ग्रीन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और टिकाऊ ऊर्जा आदि पर इस प्रदर्शनी में विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## जीडीसीई परीक्षा पेपर लीक मामले में 12 स्थानों पर सीबीआई का छापा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे भर्ती केंद्र, पश्चिम रेलवे, मुंबई की सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के प्रश्नपत्र लीक मामले में सूरत, अमरेली, नवसारी, मुंबई व बक्सर (बिहार) सहित लगभग 12 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान डिजिटल साक्ष्य एवं आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

सीबीआई ने पश्चिम रेलवे की शिकायत के आधार पर रेलवे के कुछ कर्मियों और मुंबई स्थित एक निजी कंपनी के अज्ञात कर्मियों सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया, जिसमें रेलवे भर्ती केंद्र, पश्चिमी रेलवे, मुंबई द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के प्रश्न एवं उत्तर पत्र लीक करने का आरोप है। आरोप



है कि जीडीसीई कोटा के अधीन गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियां (गैर स्नातक) जूनियर क्लर्क सह टाइपिस्ट एवं ट्रेन क्लर्क के पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 02 जनवरी 2021 को आयोजित की गई थी, जिसमें 06 शहरों अहमदाबाद, इंदौर, राजकोट, सूरत, वडोदरा व मुंबई के 28 परीक्षा केंद्रों पर कुल 8603 उम्मीदवार उपस्थित हुए। कुछ उम्मीदवारों को कथित तौर पर व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से पेपर दिए गए थे एवं कुछ उम्मीदवारों को सामूहिक तौर पर प्रश्नपत्र दिखाए गए थे। आरोप है कि उक्त फर्म को परीक्षा संचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था।

## लैंड फॉर जॉब केस में हेमा यादव भी आरोपी

**पटना ।** लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ईडी की तरफसे मंगलवार को इस मामले में एक नई चार्जशीट दायर की गई है। इसमें लालू यादव की एक और बेटी हेमा यादव को भी आरोपी बनाया गया है। ईडी की नई सप्लीमेंट्री चार्जशीट में हेमा यादव के अलावा राबड़ी देवी, मीसा भारती, अमित कात्याल, हृदयानंद चौधरी समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सूत्रों की मानें तो इसमें दो कंपनी भी शामिल हैं जिनका नाम फिलहाल अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। ईडी की तरफ से ये चार्जशीट दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित विशेष कोर्ट में दायर की गई है। कोर्ट की तरफ से ईडी को चार्चशीट की ई-कॉपी भी फाइल करने का आदेश दिया गया है। अब इस मामले पर 16 जनवरी को सुनवाई होगी। बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने इस कार्रवाई को संवैधानिक प्रक्रिया बताया है।

## हॉर्स गाड्र्स परेड मैदान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर

एजेंसी

**ब्रिटेन।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मंगलवार को लंदन के हॉर्स गाड्र्स परेड मैदान में पूरे समारोह के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्रिटिश सेना की नंबर 7 कंपनी कोल्डस्ट्रीम गाड्र्स और आयरिश गाड्र्स बैंड द्वारा एक विशेष परेड थी।

परेड में प्रदर्शित रेजिमेंट ब्रिटिश सेना में सबसे ऐतिहासिक हैं। इस प्रकार के औपचारिक स्वागत को एक राष्ट्र से दूसरे राष्ट्र के लिए उच्च सम्मान के विशेष और यादगार क्षण माना जाता है। समारोह के बाद, राजनाथ सिंह और उनके यूके समकक्ष, रक्षा राज्य सचिव, ग्रांट शाप्स, साझा भविष्य की सैन्य प्रतिबद्धताओं और संयुक्त प्रशिक्षण अवसरों पर चर्चा करने के लिए रक्षा मंत्रालय में सेवानिवृत्त हुए। सिंह ने मंगलवार को लंदन के टैविस्टॉक में



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री अंबेडकर संग्रहालय के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद वह नेसडेन मंदिर में प्रार्थना करने जाएंगे। राजनाथ सिंह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के राज्य सचिव डेविड कैमरन से मुलाकात करेंगे। मंत्री ब्रिटेन में एक सामुदायिक स्वागत समारोह में भी भाग लेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार रात ब्रिटेन पहुंचे। विशेष रूप से, यह 23 वर्षों में किसी मौजूदा भारतीय रक्षा मंत्री की ब्रिटेन की पहली यात्रा है।

## ठाकरे गुट के सांसद राजन विचारे के घर आयकर विभाग का छापा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) पार्टी के सांसद राजन विचारे के घर पर आयकर विभाग की टीम मंगलवार को सुबह छापा मारा है। इस छापेमारी का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। आयकर विभाग की टीम कई कारोबारियों को विचारे के घर पर बुलाकर दोनों से आमने-सामने बैठाकर वित्तीय हेराफेरी के बारे में पूछताछ कर रही है। खबर लिखे जाने तक आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह ही आयकर विभाग की एक टीम सांसद राजन विचारे के ठाणे में हीरानंदानी स्थित घर पहुंची। टीम ने घर के सभी सदस्यों के मोबाइल जब्त कर लिया। आयकर की टीम ने ठाणे में एक और घर पर औरन विचारे के पुराने घर के ऑफिस पर भी छापा मारा है। अधिकारियों ने विचारे से जुड़े कुछ कारोबारियों को भी जांच के लिए विचारे के घर पर बुलाया है।

### मुख्यमंत्री योगी ने रामलला व हनुमानगढ़ी मन्दिर में किया दर्शन-पूजन



**अयोध्या।** नए साल में रामनगरी की पहली यात्रा पर मंगलवार को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हनुमानगढ़ी गए। यहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री रामलला के दरबार में गए और शीश नवाया। सीएम ने यहां प्रदेशवासियों के सुखी-स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। इसके पहले मुख्यमंत्री ने 29 दिसंबर को यहां पूजन-अर्चन किया था। गौरतलब है कि नए साल में सीएम की रामनगरी की पहली यात्रा भी विकास पर ही फोकस है। दर्शन-पूजन के उपरांत सीएम ने विकास से जुड़ी योजनाओं-परियोजनाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राममंदिर से जुड़े कार्यों का अवलोकन भी किया।

## गुजरात, एमपी में दो नए फ्लाइंग स्कूलों को डीजीसीए ने दी मंजूरी

▸ राज्य सरकार के अधीन हैं आठ संस्थान व 25 निजी क्षेत्र के स्वामित्व में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के विमानन नियामक ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने दो नए उड़ान प्रशिक्षण संगठनों को मंजूरी दे दी है, जिनमें से प्रत्येक गुजरात और मध्य प्रदेश में है। यह कदम देश में एयरलाइंस द्वारा 1,000 नए विमानों का ऑर्डर देने की पृष्ठभूमि में आया है।

डीजीसीए ने दो एफटीओ, ड्यून्स एविएशन अकादमी, भावनगर और इंडियन फ्लाइंग अकादमी, खजुराहो को मंजूरी दे दी है, जिससे भारत में एफटीओ की कुल संख्या 36 हो गई है, जिससे भारत के भीतर अधिक एब-इनिशियो पायलटों को प्रशिक्षण देने की क्षमता बढ़ाने को बढ़ावा मिला है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक बयान में कहा गया है।

टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने पिछले साल बोइंग और एयरबस से 470 विमान खरीदने के लिए 70 अरब डॉलर के सौदे को अंतिम रूप दिया था, जबकि इंडिगो ने एयरबस से 500 विमानों के ऑर्डर की घोषणा की थी। 34 स्वीकृत फ्लाइंग स्कूलों में से केवल एक, अमेठी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी केंद्र सरकार के अधीन है। राज्य सरकार के अधीन आठ और संस्थान हैं जबकि 25 निजी क्षेत्र के स्वामित्व में हैं।

**निर्देश** सीएम ने अयोध्या दौरे के दौरान जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर बंद रहेंगे यूपी में शिक्षण संस्थान

एजेंसी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश के शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस विशिष्ट अवसर को राष्ट्रीय उत्सव की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं।

मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के उपरांत



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक-दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो। योगी ने कहा कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25-50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा।

#### 14 जनवरी से नगर में चलाएं स्वच्छता से जुड़े अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 06 भाषाओं में साईनेज हों। उन्होंने कहा कि आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जनसहयोग लें। धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। अभी 3800 से अधिक स्वच्छताकर्मी तैनात हैं, 1500 कर्मचारियों की संख्या और बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त नगर हो, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। 14 जनवरी से नगर में स्वच्छता विषयक विशेष अभियान चलाएं। नगर में कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है।

# समाज की सच्ची उद्धारक है स्वस्थ पत्रकारिता: राजू भैया

- जगह-जगह हुए भव्य स्वागत के बीच बोले हिंदी पत्रकार एसो. के प्रदेश अध्यक्ष



**हैदरगढ़, बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**

विकसित समाज के उत्थान में पत्रकारों का महत्वपूर्ण स्थान है। यह जिम्मेदारी कलमकारों को हमेशा आत्मसात रखनी चाहिए। क्योंकि समाज के लिए स्वस्थ पत्रकारिता सच्ची उद्धारक है। उक्त बात हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने हैदरगढ़ क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर किए गए स्वागत समारोहों के दौरान कही। सामाजिक कार्यकर्ता व प्रदेश अध्यक्ष राजू भैया ने कहा कि पत्रकार समाज का वह सजग प्रहरी है जो तमाम बाधाओं से जूझते हुए भी समाज के लिए निरंतर कुछ न कुछ करता रहता है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि देश में चार स्तंभ की बात करने वाले तमाम जिम्मेदारों ने चौथे स्तंभ के विकास पर ईमानदारी से अब तक ध्यान नहीं दिया। फिर भी पत्रकार समाज अथवा पीड़ित के लिए तमाम जोखिम उठाकर अपनी आवाज को बुलंद करते हैं। राजू भैया ने कहा की हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनकी भूमिका अब और महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि संगठन को मजबूत करते हुए पत्रकार एवं पत्रकारिता के स्वस्थ एवं मजबूत सृजन के लिए संपूर्ण प्रयास किया जाए। स्वागत समारोह में बोलते हुए युवा नेता अतुल सिंह ने कहा कि राजू भैया की ताजपोशी हैदरगढ़ के लिए गौरव की बात है। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। भाजपा नेता गौरी शंकर पांडे ने कहा कि यह हैदरगढ़ के लिए सम्मान की बात है कि आज हैदरगढ़ का बेटा पत्रकारों के लिए प्रदेश स्तर पर संघर्ष करने के लिए चुना गया है। युवा राजकुमार सोनी एवं उमेश कुमार सोनी ने कहा कि राजू भैया स्वस्थ एवं सरल व्यवहार के धनी है। हमारा पूरा विश्वास है कि वह हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के संगठन को भविष्य में मजबूती के मामले में शिखर पर स्थापित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद राजू भैया का निरंतर स्वागत जारी है। इसी श्रृंखला में भाजपा नेता गौरी शंकर पांडे ने आज श्री भैया का मल्यापर्ण कर भव्य स्वागत किया। हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया का मन्नत हॉस्पिटल औसानेश्वर रोड एवं जेके हॉस्पिटल बछरावां रोड व मोहित रेस्टोरेंट पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राजकुमार सोनी जय कुमार सोनी एडवोकेट डॉ कुलदीप सोनी डॉ विष्णु सोनी डॉ दुर्गेश सोनी पत्रकार उमेश कुमार सोनी त्रिवेदीगंज के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह भाजपा नेता राम प्रकाश वैश्य सोनू द्विवेदी रामेंद्र तिवारी डब्बू अवस्थी अनुज शुक्ला युवा नेता सौरभ मिश्रा भाजपा महामंत्री संतोष श्रीवास्तव जगदीश साहू पंकज राजेंद्र कलकू सिंह बादल यादव, सभासद विपिन सोनी प्रदीप तिवारी मौजूद रहें।

# आम आदमी ने भाजपा को हटाने का मूड बना लिया है: सियाराम

- कांग्रेस पार्टी के बूथ अध्यक्षों को करना चाहिए व्यापक प्रचार प्रसार

**हैदरगढ़, बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**

भाजपा की नकारात्मक नीति देश व प्रदेश में भीषण महंगाई की मार झेल रहा आम आदमी ने झूठ और फरेब की बुनियाद पर सत्ता में काबिज भाजपा को बेदखल करने का मूड बना लिया है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के नेता व पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अधिवक्ता सियाराम यादव ने बूथ अध्यक्ष सत्यापन के दौरान व्यक्त कर रहे थे, श्री यादव ने भाजपा की जनता विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। वहीं नगर अध्यक्ष युवा नेता सभासद सूरज दीक्षित ने भी सभी बूथ अध्यक्षों से कहा कि आप लोग पूरी तरह से सक्रिय होकर पार्टी की नीतियों के बारे में आम जनता को बताएं कि भाजपा सरकार में आम आदमी कितना परेशान है। भाजपा जनता को गुमराह करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है हमें इससे सावधान रहने की जरूरत है। इसकी जानकारी देने के लिए कांग्रेस पार्टी के बूथ अध्यक्षों को गांव में व्यापक प्रचार प्रसार करना चाहिए। उनके साथ न्याय पंचायत प्रभारी सरांगोपी गोपी के विनोद कुमार तिवारी मैं ब्लॉक अध्यक्ष के साथ न्याय पंचायत के सभी गांव के बूथ अध्यक्षों का मौके पर जाकर सत्यापन किया गया।

## वाहन चालकों के साथ बैठक कर पुलिस ने दिया निर्देश

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के पेट्रोल पम्प, रेस्टोरेंट, मालिकों आटो चालक और चौकीदारों के साथ पुलिस उपाधीक्षक रामनगर हर्षित चौहान ने बैठक कर दिए निर्देश। मंगलवार को सीओ की अध्यक्षता एंव प्रभारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार यादव के संयोजन में बैठक हुई। जिसमें में पुलिस उपाधीक्षक रामनगर ने पेट्रोल पंम्प संचालकों को पम्पो पर कर्मचारियों को वर्दी में सेवा करने, टायलेट साफ रखनें, एवं नियमावली के अनुसार सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।वहीं आटो चालकों को हाइवे पर न जाने एंव सवारियों या बाहरी आगन्तुकों से शिष्टाचार पूर्वक बात करने के साथ ही सही रास्ता बताने पर चर्चा की गई। रेस्टोरेंट संचालकों एंव चौकीदारों को सन्दिग्ध यक्तियों पर नजर रखने तथा समय से पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

# एक्सप्रेसवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**

बीते रविवार की देर शाम पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में घायल दो युवकों की ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली के तपापुर गांव निवासी अंकित पुत्र रामबरन पाल 21 वर्ष अपनी 10 वर्षीय बहन आशा, पड़ोसी ग्राम सरांयरावत के राम गोपाल तिवारी पुत्र शिवानंद तिवारी 45 वर्ष कोअपनी मोटरसाइकिल से साथ लेकर संसारा गांव में रहने वाले कारीगर के बुलावा पर दौलतपुर टोल के पास से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से होते हुए संसारा गांव में आयोजित मेले में शामिल होने जा रहा था कि तभी संसारा गांव के पास पड़ने वाले बाबा का ताल के निकट सामने से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई थी। विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल पर थाना लोनीकटरा के बीरमपुर गांव निवासी रोहित पुत्र जगदीश गौतम 18 वर्ष अपने मामा हैदरगढ़ कोतवाली के दतौली गांव निवासी राम मनोहर पुत्र मातादीन गौतम 52 वर्ष के साथ निमंत्रण पत्र बांटकर दतौली के लिए लौट रहा था। भीषण एक्सीडेंट के बाद जहां दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए वहीं सभी बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गए थे। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद मामूली रूप से घायल शिवानंद तिवारी को छोड़कर गंभीर रूप से घायल भाई बहन और मामा भांजे को ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया था।

## 14 जनवरी को मनेगी स्व सुंदरलाल दीक्षित की पुण्यतिथि

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक हैदरगढ़ की माटी के लाल स्वर्गीय सुंदरलाल दीक्षित की प्रथम पुण्यतिथि आगामी 14 जनवरी को नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग भवन के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियो एवं कर्मचारियो की गरिमामई उपस्थिति में मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए उनके सुपौत्र अनुराग दीक्षित राहुल दिक्षित शशांक दीक्षित आदि ने बताया कि प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर दिन में खिचड़ी भोज एवं रात्रि में उत्तर प्रदेश के विभिन्न राज्यों से आए मशहूर कवियों द्वारा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# सीडीओ की उपस्थिति में हुई विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

- वैज्ञानिक सोच के साथ किये गए प्रयास ही एक उत्कृष्ट मॉडल के रूप में प्रदर्शित होते है: सीडीओ

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विद्यार्थियों में अपने आस-पास की समस्याओं के निदान के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ किये गए प्रयास ही एक उत्कृष्ट मॉडल के रूप में प्रदर्शित होते हैं। यह विद्यार्थियों की प्रतिभा विकसित करने का श्रेष्ठ मंच है। यह विचार मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने जिला विज्ञान क्लब , बाराबंकी के तत्वावधान में किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में व्यक्त किये। प्रदर्शनी में 51 विद्यालयों के 73 मॉडल प्रदर्शित किए गए।

इसके पूर्व परियोजना निदेशक डी आर डी ए मनीष कुमार, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, जीजीआईसी प्रिंसीपल डॉ सुविद्या वत्स ने दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी ,परियोजना निदेशक मनीष कुमार द्वारा विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए विज्ञान मॉडल का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ पी त्रिपाठी ने कहा प्रतिकूल मौसम के बाद भी विद्यार्थियों ने जिस उत्साह से जनपद के कोने कोने से आकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है वह उनके उत्साह को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान मात्र किताबो तक सीमित नही है इसको दैनिक जीवन मे घर की दहलीज से लेकर विद्यालय के कक्षा कक्ष तक आसानी से महसूस किया जा सकता है।प्रधानाचार्य जीजीआईसी डॉ सुविद्या वत्स, ज्ञान चन्द्र शुक्ल , इन्द्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को पुष्प गुच्छ भेंट किये।

समन्वयक जिला विज्ञान क्लब आशीष पाठक ने विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और इस वैज्ञानिक सोच के साथ निर्मित मॉडल के उपयोगिता पर ध्यान देने की बात कही। मॉडल प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्यों ज्ञान प्रकाश , व्याख्याता मेकेनिकल राजकीय पॉलीटेक्निक हरख, डॉ बिनीत गुप्ता प्रोफेसर आई टी रामस्वरूप टेक्निकल विश्वविद्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक हरख से डॉ साक्षी मिश्रा और राम स्वरूप विश्वविद्यालय से डॉ कार्तिकेय तिवारी द्वारा सभी मॉडल का गहन निरीक्षण एवं प्रतिभागियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से मॉडलों का मूल्यांकन किया।

# नहर से बरामद हुआ युवक का शव



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** तीन जनवरी की सुबह घर से निकले एक 21 वर्षीय युवक का शव अमेठी जनपद के सातनपुरवा गांव के बगल से निकली नहर से प्राप्त हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के ठाकुरद्वारा वार्ड निवासी बृजकिशोर कश्यप का 21 वर्षीय पुत्र शिवम कश्यप 3 जनवरी की सुबह नहर की ओर जाने को कहकर घर से निकला था शाम तक घर न लौटने पर पिता ने कोतवाली हैदरगढ़ में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताते चले कि ब्रजकिशोर कश्यप के 6 पुत्रों में तीसरा पुत्र शिवम लक्ष्मी फास्ट फूड के नाम से दुकान चलाता था और घर चलाने में पिता का इकलौता सहारा था। शव प्राप्त होने की सूचना मिलने पर पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## डॉ.ज्योति तिवारी ने गरीबों में वितरित किए कंबल

**सूरतगंज,बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में तैनात डा. ज्योति तिवारी ने मंगलवार दोपहर मोहम्मदपुर खाला गांव पहुंच कर के दर्जनों गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। उन्हों ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से मन को बड़ी शांति मिलती है, इस भीषण सर्दी में तमाम बेसहारा लोग इधर उधर भटक रहे हैं उनकी हमें मदद करना चाहिए, गरीबों की सेवा करना सबसे पुण्य का काम है।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडों से की पिटाई

**पसगवां, खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव जीराबोझी निवासी प्रेमराज पुत्र प्रहलाद ने पसगवां थाने में तहरीर देकर बताया है कि गांव के ही अरुण पुत्र जगदीश पुरानी रंजिश के चलते आए दिन गाली गलौज करते रहते हैं। घटना दिनांक 8 जनवरी 2024 की शाम लगभग 7:30 बजे की है। मैं घर के सामने बैठा था तभी आरोपी अरुण पुत्र जगदीश आया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटने लगा। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए और आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। मामले में पसगवां पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### कोतवाली प्रभारी के स्थानांतरण पर हुआ सम्मान समारोह

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदी कोतवाली मे तैनात रहे प्रभारी अम्बर सिह का लखीमपुर सदर स्थानांतरण हो जाने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमे आम जनमानस से लेकर सभी ने इंस्पेक्टर अम्बर सिंह की कार्यशैली की तारीफ की तथा बेदाग छवी की खूब सराहना की और फूल मालाओं से उनका विदाई समारोह किया उस समय उनके साथ रहे कोतवाली से लेकर चौकी तक तैनात सिपाहियो की आखें नम हो गई जिसे देखकर वो खुद भावुक हो गए और आंखे नम हो गयी।

### प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सकों के साथ की बैठक



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज सेवाओं को बेहतर करने और जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज को शुरू करने की कवायत के बीच नवागत प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज लखीमपुर डॉ आर्य देश दीपक ने मंगलवार को सभी चिकित्सकों के साथ एक आवश्यक बैठक एमसीएच विंग ओयल में की। इस दौरान उनके साथ सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी और सीएमएस एमसीएच विंग डॉ एसी श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। बैठक में चिकित्सकों की आवश्यकता विभाग अध्यक्ष और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज लखीमपुर डॉ आर्य देशदीपक ने बैठक में मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला पुरुष चिकित्सालय में दी जा रही सेवाओं पर जानकारी ली।

### नाबालिग लड़की को भगाने का दर्ज हुआ मुकदमा

**रामनगर,बाराबंकी।** क्षेत्र की नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। प्राप्त विवरण के अनुसार एक गाँव की पीड़ित महिला ने रामनगर थाने पर देकर कहा कि मेरी 16 वर्षी पुत्री बीते 5 जनवरी को रात करीब 2:00 बजे ग्राम करसा कला निवासी मदनपाल पुत्र जयपाल बहला फुसला कर भगा ले गए।सुबह उठकर देखा गया तो पुत्री घर पर नहीं थी।उसी रात मदनलाल हाथ में एक बैग लिये हुये रात्रि में मेरे घर के आसपास घूम रहे थे।तभी से मेरी पुत्री गायब है।फिलहाल पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में शुरु कर दी है।

# समाचार पत्र वितरक हैं समाज के सजग प्रहरी: जिलाधिकारी



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तराई में लगातार बढ़ रही ठंड से समाचार वितरकों को राहत पहुंचाने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रशासन की ओर से कंबल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ सभी समाचार वितरकों को कंबल वितरित किया। प्रशासन से कंबल पाकर समाचार पत्र वितरकों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आम आदमी तक समाचार पत्रों को पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरक प्रशंसा के पात्र हैं। उनका काम किसी चुनौती से कम नहीं है। वितरक सच्चे अर्थ में कर्मयोगी के साथ ही समाज के भी सजग प्रहरी हैं।

## वोटर जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** बुधवार को उप जिला मजिस्ट्रेट सदर श्रद्धा सिंह की अगुवाई में शहर में मतदाताओं को जागरूक करने लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मतदाता चुनावी लोकतंत्र के आधार और अहम कड़ी हैं। मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर ले ताकि निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कोई असुविधा न हो। मतदाता सूची निर्वाचन की आत्मा है। यदि मतदाता सूची स्वच्छ एवं पारदर्शी है तो निर्वाचन में कोई कठिनाई नहीं आएगी। डीएम ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण तभी संभव है जब मतदाता अपने मतों का उचित प्रयोग करते हुए अपने प्रतिनिधित्व का चुनाव करें। इसके लिए आपका नाम मतदाता सूची में होना बहुत जरूरी है।

# ट्रक ने दो महिलाओं को रौंदा, एक की मौत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी कस्बे में एक तेज रफ्तार ट्रक में सड़क किनारे बाईं तरफ जा रही दो महिला को रौंदते हुए निकल गया जिसमें एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं मृतक महिला के साथ में चल रही बहू जोर-जोर से चीखने और चिल्लाने लगी, घटना की सूचना मिलते ही सड़क पर लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, वहीं घटना करके भाग रहे ट्रक को चालक सहित अपने कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई, और आगे की पड़ताल में जुट गई। घटना निघासन कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी स्थिति चौराहे की है, जहां निघासन कस्बे के दुर्गापुरम वार्ड निवासी सोहन शाक्य की पत्नी अपनी बहू के साथ रकेहटी स्थित आर्यावर्त बैंक में रुपए निकालने के लिए जा रही थी, तभी निघासन से ढखेरवा जा रही तेज रफ्तार ट्रक पीछे चल रही सोहन की पत्नी को ठोकर मार कर रौंदते हुए आगे निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई, तभी ग्रामीणों ने ट्रक को दौड़ाकर ट्रक चालक को पकड़ कर घटना स्थल पर मौजूद पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ निघासन सहित दरोगा राममिलन, कांस्टेबल योगेंद्र सिंह, ओमकार सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

घटना की जानकारी मिलते मृतक के परिजन घटना स्थल पर रोते बिलखते पहुंच गए।

## कार दुकान में घुसी, घायल नशे की हालत में हुआ हादसा

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम इटकुटी में तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे टेलर के खोखे की दुकान में जा घुसी। टेलर की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियो की माने तो टेलर अपनी दुकान से मशीन समेत 20 फीट दूर जाकर गिरा जिससे उसकी टांगे व हाथ टूट गए और भी गंभीर चोटे आई है वही दो अन्य लोग मौजूद थे उनको भी हल्की चोटे आई है। मिली जानकारी अनुसार घनश्याम पुत्र स्वामी दयाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी शंकर पुर जो की इटकुटी में रोड के किनारे लकड़ी का खोखा रखकर कपड़ा सिलाई (टेलर) का कार्य करके अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। मंगलवार को करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार कार खोखे में घुसी जिससे घनश्याम को गंभीर चोटे आई।

# पांच करोड़ की मूर्ति संग दो अभियुक्त गिरफ्तार

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत मंगलवार को धौरहरा कोतवाल की अगुवाई में की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान दो लोगों को सिसैया चौराहे के बहराइच लखीमपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके पास भगवान विष्णु के विराट स्वरूप की बहुमूल्य मूर्ति मिलने से सभी चौंक गए।

जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करीब 5 करोड़ बताई जा रही है। जिसको कब्जे में लेकर पुलिस ने दोनों पर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में मंगलवार को क्षेत्र में की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान सिसैया चौराहे पर लखीमपुर बहराइच मार्ग पर बस स्टैंड से उपनिरीक्षक पवन प्रताप सिंह,रामजीत यादव,महेश सिंह, सिपाही रोहित व इमरान ने दयाराम पुत्र सूरज प्रसाद, पंकज कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम मुड़ापासी पोस्ट सिकंद्राबाद थाना नीमगांव को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से भगवान विष्णु के विराट स्वरूप की बहुमूल्य मूर्ति व अवैध तमंचा कारतूस बरामद हुआ। जिसको देख पुलिस ने मूर्ति तमंचे को कब्जे में लेकर दोनों पर विधिक कार्रवाई कर पूछताछ शुरू कर दी है। वही इस बाबत कोतवाल दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि भगवान विष्णु की जो मूर्ति बरामद हुई है उसकी अनुमानित कीमत पांच करोड़ बताई जा रही है। फिलहाल दोनों पर विधिक कार्रवाई कर पूछताछ की जा रही है।

# कच्ची शराब के गिलास में डूब रहीं जिंदगियां

- खानापूर्ति की कार्यवाही चर्चा का विषय, फोटो खिंचवाने और वाहवाही लूटने में पुलिस मशगूल

**बॉकेगंज- खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी थाना के बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के कई गांवों के लोग इस अवैध कच्ची शराब के कारोबार से जुड़कर मोटी कमाई कर रहे हैं। कई गांवों में शाम ढलते ही बूढ़े व नौजवानो से लेकर बच्चे भी इस अवैध शराब के जाल में फंसते जा रहे हैं। पुलिस द्वारा कभी कभार शराब माफियों को पकड़ भी लिया जाता है तो उसका चालान अवैध कच्ची शराब बनाने व तस्करी की मामूली धाराओं में कर दिया जाता है। शराब के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर एक आध महिने में कार्यवाही कर घरों से कच्ची शराब व उपकरण बरामद कर फोटो खींचने और वाहवाही लूटने में बॉकेगंज पुलिस मशगूल हैं। कच्ची शराब का करोबार गंगापुर, मैकूपुर, अम्बेडकर नगर, कुंवरपुर, बंजरिया, सुभानपुर, पसियापुर, चौधीपुर, पूरनपुर, निपानिया, समेत गांवों में शाम ढलते ही जाम छलकता हैं। वही पिछले माह से लेकर अब तक शराब बनाने व उपकरण बरामदगी मामले में पुलिस ने खानापूर्ति के लिए एक आध लोगों पर कार्रवाई की हैं। लेकिन आबकारी विभाग भी अवैध कच्ची शराब बनाने वाले तस्करों पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं। फिलहाल बॉकेगंज पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ खानापूर्ति की कार्यवाही को लेकर कस्बे के संभ्रांत नागरिकों में चर्चा का विषय बना है। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार अलग -अलग गांवों में हो रही अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचने में महिलाएं भी शामिल होना बताया जा रहा है। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली की चौधीपुर गांव के शराब माफियाओं के घर की महिलाएं घर के अन्दर रखे बक्से और अपनी मकान की छतों पर भी अवैध कच्ची शराब से भरी पिपिया और बोतल रखती है। सूत्रों की मानें तो पुलिस की अवैध कमाई का बड़ा हिस्सा इन्हीं शराब व्यवसायियों से मिलता है।

आबकारी व स्थानीय पुलिस की शिथिलता से अवैध शराब के कारोबारियों का धंधा खूब फल-फूल रहा है। इसमें पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं और बच्चे भी जुटे रहते हैं। हर दिन सैकड़ों लीटर कच्ची शराब बनाई जाती है। बाद में सस्ती दर पर बेचने के लिए इसे पाउच में पैक किया जाता है। गांवों में इन अवैध देशी शराब के कारोबारियों के बारे में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से लेकर थाना पुलिस तक सबको पता रहता है। लेकिन, विभागीय उच्चाधिकारियों की शिथिलता के कारण अवैध शराब का धंधा खूब फल-फूल रहा है।

कम कीमत पर ज्यादा नशा देने के लिए नाम मात्र के महुआ के साथ एक लीटर स्प्रिट से साढ़े तीन लीटर कच्ची शराब बनाने के लिए शराब में यूरिया, आक्सीटोसिन इंजेक्शन व गुड़ का शीरा मिलाया जाता है।

# दुख,अशांति का कारण शास्त्र विरुद्ध साधना: संत रामपाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को लखीमपुर खीरी के सहदेवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का वेद, गीता जी, श्री मद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि गीता जी अध्याय 16 श्लोक 23 में लिखा है कि जो पुरूष शास्त्र विधि को त्यागकर अपनी इच्छा से मनमाना आचरण करता है वह न सिद्धि को प्राप्त होता है न परमगति को और न सुख को ही प्राप्त होता है आगे गीता अध्याय 16 श्लोक 24 में बताया है कि इससे तेरे लिऐ कर्तव्य और अकर्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही प्रमाण है इसे जानकर शास्त्रविधि से नियत कर्म करने योग्य है अपने सभी पवित्र ग्रंथ गीता जी, वेद, पुराण, बाईबल, कुरान शरीफ , गुरुग्रंथ साहिब आदि से प्रमाणित है कि जन मानस को कबीर परमेश्वर की शास्त्र अनुकुल साधना करनी चाहिए जिससे सभी को सुख प्राप्त होगा, सभी को शांति प्राप्त होगी लेकिन मानव समाज बिना अपने धर्मग्रंथो की जानकारी किए गुरुओं के अनुसार बताई साधना कर अपना अनमोल जीवन बर्बाद कर रहा है।

# अंगीठी जलाकर सोने से दम घुटने पर दो बच्चों की मौत, दम्पति घायल

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज**



सर्दी में अंगीठी जलाकर सोना एक परिवार को भारी पड़ गया । उत्तरप्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे निजात पाने के लिए नगर पंचायत मैलानी में एक परिवार सोमवार की रात्रि कमरे में अंगीठी जलाकर सो गया । अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों भाई-बहन थे । जबकि दोनों के माता-पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा वार्ड नं 12 मोहल्ला ईदगाह, खुटार रोड कस्बा मैलानी में हुआ। हादसे की जानकारी मंगलवार की सुबह उस समय हुई जब परिवार की महिला उमा देवी ने देखा कि सुबह 9 बजे भी कमरे में कोई हलचल नहीं हो रही है ।तो काफी दरवाजा पीटने के बाद शोर सुनकर मोहल्ले वालों भी मौके पर पहुँच गए और कमरे के पास खिड़की में हाथ डालकर अंदर लगी सिटकनी को खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा बंद कमरे में रमेश विश्वकर्मा (40) अपनी पत्नी रेनू (38) और बेटी अंशिका (8) और बेटा कृष्णा (7) बेहोश पड़े थे।परिजनों ने चारों को तत्काल निजी अस्पताल मैलानी भिजवाया। जहां पर डॉक्टर ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया ।माँ की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।

मैलानी थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के मुताबिक रात में सर्दी ज्यादा होने के चलते रमेश विश्वकर्मा ने घर के कमरे में ही अंगीठी जलाकर रख दी और पूरा परिवार सो गया । लेकिन सुबह जब दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला तो पड़ोसियों ने खटखटाया पर दरवाजा नहीं खुला, तो पुलिस को सूचना दी गई। जब अंदर देखा गया तो बेटी अंशिका और बेटे कृष्णा की मौत हो चुकी थी। वहीं कमरे में रमेश विश्वकर्मा और रेनू देवी बेहोश पड़े थे तुरंत ही दोनों को मैलानी निजी अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टर ने रेनू देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों मृत बच्चों को परिजन अपने घर ले गए है ।थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया है कि बच्चों के पोस्टमार्टम हेतु परिवार वालों से बात की जा रही है ।सूचना मिलने पर घटना स्थल पर गोला क्षेत्राधिकारी परवीन यादव उप जिलाधिकारी रत्नाकार मिश्रा मौके पर पहुँचे । उन्होंने कहाँ है कि प्रथम दृष्टया मामला धुएं से फैली गैस से दम घुटने का लग रहा।

# अयोध्या से जुड़े मार्गों पर चलाई जाएं दुरूस्त बसें : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अयोध्या होकर जाने वाली 933 बसों में से 335 बसों में साउण्ड बाक्स लग चुके हैं एवं 598 बसों में लगने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जल्द ही अयोध्या होकर जाने वाले परिवहन निगम की सभी बसों में साउण्ड बाक्स लगाने की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी और रामधुन एवं भजन श्रद्धालुओं को सुनाई पड़ेगा। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने यह जानकारी दी।

अयोध्या जाने वाली कुछ बसों में रामधुन व भजन बजने भी लगे हैं। अयोध्या धाम में श्रीराम जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि होगी। परिवहन विभाग व निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तत्परता से कार्य करें। आने वाले दिनों में आयोजनों के दौरान गोरखपुर अयोध्या, वाराणसी अयोध्या, प्रयागराज अयोध्या, लखनऊ अयोध्या, चित्रकूट प्रयागराज अयोध्या मार्गों पर यातायात में बहुत अधिक वृद्धि रहेगी।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले प्रस्तावों को तेजी से धरातल पर उतारें

▸ प्रभावी बनाई जाए एकल खिड़की व्यवस्था : नंदी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने गुजरात की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी प्रदेश स्तरीय उद्योग बंधु तथा जिला व मंडल स्तरीय उद्योग बंधु को वैधानिक दर्जा देकर एकल खिड़की की व्यवस्था को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों और निवेशकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अधिकारों का विकेंद्रीकरण करके मंडल स्तरीय समितियों जैसे उद्योग बंधु को और अधिकार दिए जाएं ताकि उद्यमियों को बार-बार लखनऊ के चक्कर न काटने पड़ें।

श्री नंदी ने औद्योगिक विकास आयुक्त और प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को भेजे गए प्रस्ताव में कहा है कि गुजरात जैसे कुछ प्रदेशों द्वारा सिंगल विंडो एक्ट बनाकर अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में इन प्रदेशों में प्रचलित अधिनियमों का अध्ययन कराया गया था तथा प्रस्ताव भी बनाया गया था। कदाचित यह प्रस्ताव किसी स्तर पर लंबित है जिसे तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। श्री नंदी ने कहा कि उद्यमियों की विभिन्न प्रकार की अनुमति के लिए अधिकारों का आधिकाधिक विकेंद्रीकरण किया जाना चाहिए। मंडल स्तर की समितियां जैसे उद्योग बंधु को और अधिकार दिए जाने की जरूरत है और जनपद तथा मंडल स्तर की उद्योग बंधु की बैठकें हों।

जिलाधिकारी तथा मंडलायुक्त स्वयं बैठक की अध्यक्षता करें। शासन स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जानी चाहिए तथा किसी जिलाधिकारी अथवा मंडलायुक्त के रुचि न लेने पर प्रकरण को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। श्री नंदी ने कहा कि पिछले साल लखनऊ में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश में लगभग 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रयासों में तेजी लाने तथा निवेशकों को बेहतर अनुभव देने के लिए प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन का उपयोग कर बढ़ाएं अपना ज्ञान : दयालु

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमओएस डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने टुड़ियागंज राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ में बीएएमएस अंतिम वर्ष के 81छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'क्पहप शक्ति'' उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द, युवा सशक्तिकरण योजनाअन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की डिजिटल इण्डिया पहल के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल रूप से सक्रिय बनाने हेतु प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण हेतु वर्तमान सरकार ने स्वामीविवेकानन्द, युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न वर्गों को छात्रों को टैबलेट,स्मार्टफोन वितरित करने का निर्णय लिया गया है। डॉ दयालु ने कहा कि प्रदेश सरकार ने संकल्प लिया था कि छात्र–छात्राओं को अच्छी शिक्षा के लिए टैबलेट स्मार्ट फोन वितरण करेंगे, ताकि इससे पढ़ाई में मदद मिल सके। छात्र–छात्राएं स्मार्ट फोन के उपयोग से अपने ज्ञान को आगे बढ़ाएं। कोरोना समय में भी शिक्षकों द्वारा स्मार्टफोन के माध्यम से घर से ही छात्र–छात्राओं को शिक्षा दी गयी। स्मार्ट फोन पाने वाले छात्र–छात्राओं से कहा कि वे जिस विधा में अध्ययनरत हैं, उनमें इसके जरिए नई तकनीकी की जानकारी प्राप्त करें,इसका लाभ उठायें। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने कहा कि मंत्री के द्वारा वितरित स्मार्ट फोन से छात्र–छात्राओं को अच्छी शिक्षा एवं नवीनतम जानकारी उपलब्ध होगी।

## खबरें एक नजर में

### रमाबाई अंबेडकर मैदान में निषाद पार्टी मनाएगी संकल्प दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 13 जनवरी को निषाद पार्टी अपनी 11वीं संकल्प दिवस को भव्य और विशाल बनाने जा रही है। संजय निषाद ने बताया कि संकल्प दिवस का आयोजन लखनऊ स्थित रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में होगा और प्रदेश भर से मछुआ समाज के लोग एकजुट होंगे। संकल्प दिवस के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत को आमंत्रित किया गया है। रैली में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मछुआ समाज के विकास और उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भी उनके समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा पूर्व की सपा बसपा एवं कांग्रेस की सरकारों ने निषाद समाज को मुद्दों से भटकने का कार्य किया है। 13 जनवरी की रैली में मछुआ समाज के सामने गुरु की सरकारों द्वारा किए गए कुकृत्य एवं मौजूदा प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किए गए मछुआ हितेषी कार्यों को भी उनके सामने रखा जाएगा।

### यूपी में छह आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को 6 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर हुए हैं। डॉ. प्रीतिंदर सिंह को पुलिस कमिश्नर आगरा से डीजीपी ऑफिस से अटैच कर दिया है। आईजी रेंज गोरखपुर में तैनात रहे जे. रवींद्र गौड़ को पुलिस कमिश्नर आगरा बनाया गया है। वहीं, जेल सुधार शाखा में तैनात शिवहरि मीणा को अपर पुलिस आयुक्त नोएडा बनाया गया है। सुरेश राव ए. कुलकर्णी को अपर पुलिस आयुक्त नोएडा से पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर रेंज में तैनात किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज में तैनात चंद्र प्रकाश को पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ में तैनात किया गया है। प्रेम कुमार गौतम को आईजी डीजीपी मुख्यालय से पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज में तैनात किया गया है।

### प्रशिक्षकों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हज कमेटी आफइण्डिया द्वारा सकुर्लर 08 जनवरी को जारी किया है जिसमें हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतुप्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ऑनलाइन आवेदन 08 जनवरी को आरम्भ हो गया है जो 15 जनवरी तक जारी रहेगा। ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफइण्डिया की वेबसाइ पर किया जायेगा। राज्य हज समिति द्वारा प्रशिक्षकों का चयन किये जाने की अन्तिम तिथि 25 जनवरी है। यह जानकारी आज यहां राज्य हज समिति के सचिव कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने दी।

### हिन्दी संस्थान में संगोष्ठी आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा ''विश्व हिन्दी दिवस'' के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कल 10 जनवरी, को पूर्वाह्न 10:30बजे से हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया जा रहा है। संगोष्ठी मेंअतिथि के रूप में डॉ कैलाश देवी सिंह, डॉ बलजीत श्रीवास्तव तथा डॉअनुराधा पाण्डेय 'अन्वी' लखनऊ से पधार रहे हैं। यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रधान सम्पादक डा अमिता दुबे ने दी।

### इंग्लैण्ड व आस्ट्रेलिया के सात विवि में तान्वी सिंह चयनित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा तान्वी सिंह को इंग्लैण्ड एवं आस्ट्रेलिया के सात प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है, जिनमें आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, मैक्वायर यूनिवर्सिटी एवं ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी एवं इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी ऑफलीड्स, यूनिवर्सिटी ऑफससेक्स, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफलंदन एवं यूनिवर्सिटी ऑफलंदन शामिल हैं। इस प्रकार, सी.एम.एस. की एक और प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। तान्वी ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

### मुन्नवर राना की तबीयत बिगड़ी, वेंटिलेटर पर शिफ्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मशहूर शायर मुन्नवर राना की तबियत फ़िर से बिगड़ गई हैं। उन्हें गंभीर हालत में सोमवार को एसजीपीजीआई में एडमिट किया गया हैं। इस बीच मंगलवार को हालत ज्यादा बिगड़ने के बाद उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया हैं। फेफड़ों में संक्रमण बढ़ने के बाद उन्हें सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई थी। इस बीच उन्हें मेदांता से एसजीपीजीआई लखनऊ में शिफ्ट किया गया। हालांकि उनकी तबियत में फिलहाल अभी सुधार नही हैं। एसजीपीजीआई की प्रवक्ता कुसुम यादव ने बताया कि मुनव्वर राना का लंबे समय से एसजीपीजीआई से इलाज चल रहा हैं। उन्हे मल्टीपल ऑर्गन इशू हैं। संक्रमण बढ़ने के साथ परेशानी बढ़ने पर उन्हें एडमिट कराया गया हैं। नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के आईसीयू में उन्हें भर्ती किया गया हैं। एक्सपर्ट डॉक्टर की निगरानी में उनका इलाज चल रहा हैं।

# गरीब कल्याण की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करें अफसर : डिप्टी सीएम

▸ सरकार एक अप्रैल से जमा करेगी किसानों के नलकूपों का बिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा, कौशाम्बी में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विद्युत विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के कैम्प, स्टॉल लगाये जाने के निर्देश दियें, जिससे आमजन इन विभागों से सम्बन्धित समस्याओं का भी निस्तारण करा सकें।

शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का सम्पूर्ण समाधान, निस्तारण करने का कार्य किया जाय, विशेषकर तहसील, ब्लॉक एवं थानों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को ओवर बिलिंग आदि शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क विद्युत गैस कनेक्शन एवं शौचालय आदि योजनाओं से भी लाभान्वित करने के निर्देश दियें।

उन्होंने अधिशासी अभियंता, जल निगम को हर-घर नल से जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को निर्धारित समयावधि में ठीक करवाने तथा कराये जा रहें कार्यों का सत्यापन भी कराने के निर्देश दियें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक करने के निर्देश दियें, जिससे आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

उपमुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि किसी गॉव में कहीं पर भी बीमारी फैलने की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल हेल्थ कैम्प लगाकर लोगों का इलाज सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि नलकूप विद्युत कनेक्शन वाले किसानों को 01 अप्रैल से विद्युत बिल नहीं जमा करना है, प्रधानमंत्री के निर्देश से नलकूप कनेक्शन वाले किसानों का विद्युत बिल सरकार द्वारा जमा किया जायेगा। उन्होंने निर्माणाधीन सेतुओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सेतुओं के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियां को राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण की योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में किसी व्यक्ति को कोई समस्या न होने पाये, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय।

## 210 समूहों को तीन करोड़ 15 लाख की धनराशि वितरित

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सपनों, संकल्पो व भरोसे की यात्रा बन चुकी है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को बड़े भाव से आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में देख रहा है। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को कौशाम्बी की ग्राम पंचायत–अटसरई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्राफ्र कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी–रानी देवी, शकुन्तला देवी, सावित्री देवी, पुष्पा देवी एवं चन्द्रकली देवी को आवास की चाभी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी–अनूप कुमार, पुजारी लाल एवं घनश्याम को आवास प्रमाण–पत्र वितरित किया।

# सरकारी भूमि व तालाबों से अवैध कब्जे को तत्काल कराएं ध्वस्त

समृद्धि न्यूज

▸ मंडलायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में तालाबों के संरक्षण एवं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण कर, कब्जा मुक्त कराने को कहा है। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूमि संबंधित विवादों को सूचीबद्ध करते हुए उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत तालाब, जलाशय को चिन्हित करते हुए इनको पुनः पुनर्जीवित किया जाये। अपर नगर आयुक्त द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि नगर निगम क्षेत्र के 145 तालाबों का सर्वे कराकर अपने स्वामित्व में ले लिया गया है। तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शुभि सिंह ने बताया कि जनपद के नगर निगम क्षेत्र के लगभग 26223 वर्गमीटर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराया जा चुका है।

मंडलायुक्त ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा व प्लाटिंग की जो भी शिकायत आयी थी उसको सूचीबद्ध करके तहशील स्तर पर अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है उसकी गहनता से बिंदुवार समीक्षा किया गया। जिसमे मोहनलालगंज तहसील की कार्य शैली शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराने में अग्रणी रही। उक्त समीक्षा में पाया गया सरकारी भूमि से कब्जा मुक्त कराते हुए संबंधित के खिल एफआईआर भी दर्ज कराया गया है। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक शीलधर यादव, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शुभि सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक ही हैं हमारे भगवान : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय में विधायकों के साथ बैठक की। इस दौरान मीडिया से बातचीत की। राम मंदिर से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सबके अपने-अपने भगवान हैं। हमारे केवल पीडीए है।

बता दें कि पीडीए में पी से मतलब पिछड़ा, डी से मतलब दलित और ए से अल्पसंख्यक, अगड़ा है। उधर, मंगलवार सुबह लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की एक होर्डिंग लगाई गई। इसमें एक तरफप्रभु राम की फोटो है, जबकि दूसरी तरफअखिलेश यादव और बीच में राम मंदिर की तस्वीर लगी है। होर्डिंग पर सपा के युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह का नाम और फोटो लगी है। अखिलेश यादव ने कहा-कई साधु संत, शंकराचार्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग बातें कर रहे हैं। सपा इस पर क्या सोचती है? हमारा काम धर्म का नहीं है। हमारा रास्ता गैर बराबरी दूर करने का है। वहीं, विहिप के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार के बयान पर अखिलेश ने कहा, मैं उनको नहीं जानता हूं। निमंत्रण वो देते हैं, जो एक दूसरे को जानते हों। न मेरी कभी उनसे कोई मुलाकात हुई है। जिसका परिचय एक दूसरे से होता है, वो एक दूसरे को निमंत्रण-व्यवहार देते हैं।

दरअसल, विहिप कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा था कि उनको निमंत्रण गया है। पहले मैंने उनका बयान पढ़ा था, बुलाएंगे तो जाएंगे। अब उनको बुलाया गया है। लेकिन, अब उनका बयान देखा राम जी बुलाएंगे, तो जाएंगे। मैं इस बात का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं कि रामजी बुलाते है या नहीं। अखिलेश ने कहा कि जितना उन्हें वोट पहले मिला था। इस बार उससे भी ज्यादा वोट दिलाएं। हमें उम्मीद है आने वाले समय में उत्तर प्रदेश का परिणाम ऐसा होगा, जिसमें भाजपा का सफाया होगा। भाजपा इस बात का प्रचार कर रही है कि विकसित भारत बनेगा।

## आबकारी आयुक्त ने किया देशी मदिरा व यूपी एमएल की श्रेणियों का निर्धारण

**लखनऊ।** आबकारी आयुक्त ने घोषित आबकारी नीति में वर्ष 2024-25 के लिए देशी मदिरा और यू.पी. एम.एल. की श्रेणियां का निर्धारण कर दिया है। आबकारी आयुक्त ने देशी लेबिल आदेश नौ जनवरी के शासनादेश के अन्तर्गत घोषित आबकारी नीति में वर्ष 2024-25 के लिए देशी मदिरा और यू.पी. एम.एल. की श्रेणियाँ अनुमन्य की गयी हैं। देशी मदिरा की श्रेणी दो सौ एमएल शीरा से निर्मित ई.एन.ए. आधारित 36 प्रतिशत वी. वी. काँच, पेट की बोतलों तथा एसेप्टिकब्रिक पैक में शीरा से निर्मित ई.एन.ए. आधारित 25 प्रतिशत वी.बी . काँच, पेट की बोतलों तथा एसेप्टिकबिक पैक में बीएमएल की श्रेणी 200 एम 0 एल 0 ग्रेन ई.एन.ए. पर आधारित 42.8 प्रतिशत बी.बी. विशिष्टियाँ मसाला सुवासित विशिष्टियाँ काँच की बोतलों तथा एसेप्टिकब्रिक पैक में ग्रेन ई.एन.ए. पर आधारित 36 प्रतिशत वी.बी. काँच की बोतलों तथा एसेप्टिकब्रिक पैक में तथा मसाला पेट बोतलों के लिए मिनरल वाटर की बोतलों में प्रयुक्त होने वाले कैप्स के समान अच्छी गुणवत्ता के प्लास्टिक कैप्स भी अनुमन्य होंगे।

# यूपी सरकार पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों के हितों की करेगी रक्षा : डॉ. दिनेश शर्मा

▸ यूपी टिंबर एसो. ने किया 'धन्यवाद यूपी सरकार' का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,पूर्व विधायक स्व. पं. रामपाल त्रिवेदी के प्रपौत्र मोहनीश त्रिवेदी के नेतृत्व में तुलसी सभागार, रामलीला मैदान, ऐशबाग लखनऊ में 'धन्यवाद यूपी सरकार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा जी,अतिविशिष्ठ अतिथि सहकार भारती, उ. प्र. के महामंत्री प्रवीन सिंह जादौन, विशिष्ठ अतिथि मध्य विधानसभा प्रभारी, उपाध्यक्ष हिरेंद्र मिश्र, नगर निगम के उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता,पूर्व पार्षद व अयोध्या विधान सभा के प्रभारी साकेत शर्मा,पार्षद राजीव बाजपाई, संदीप शर्मा,शशि गुप्ता, पीयूष मिश्रा, शशि गुप्ता मौजूद रहे। मुख्यातिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रदेश भर से आए टिम्बर व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों के हित में तमाम फैसले लेने का काम किया जिसकी बानगी है ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 जिसके माध्यम से काष्ठ आधारित उद्योगों के अंतर्गत से हजारों करोड़ रुपए का निवेश आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है आज उत्तर प्रदेश का व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस करता है क्युकी मा. मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश से गुंडाराज का अंत करने का काम किया।

प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से संगठन के सैकड़ों टिम्बर व्यापारियों ने एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का सामूहिक निवेश करने का प्रस्ताव सरकार को दिया है जिसके तहत तमाम टिम्बर व्यापारी व्यापार को शुरू कर के प्रदेश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का कार्य करेंगे वही ईदूलॉटरी के अंतर्गत लाइसेंस पाए टिम्बर व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार व वन मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना जी सहित वन विभाग के तमाम अधिकारियों ने बहुत ही सराहनीय प्रयास किया जिसके चलते आज यूपी में काष्ठ आधारित उद्योगों के लिए सकारात्मक माहौल है। प्रवीण सिंह जादौन ने कहा प्रदेश की सरकार पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ टिम्बर उपयोग में लाए जाने वाली लकड़ी हेतु भी पेड़ लगाने पर जोर दे रही है जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ पुश्तैनी टिंबर व्यापारियों का भी व्यापार बच रहा है।कार्यक्रम के दौरान संगठन द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह के साथ ही टिंबर व्यापारियों का शोषण करने वालो के विरुद्ध प्रतिकात्म स्वरूप धनुष बाण भेंट किया।

आयोजन

## 35 हजार कलाकार करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन : जयवीर सिंह

# मकर संक्रांति से 24 मार्च तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आगामी 14 जनवरी से 24 मार्च तक प्रदेश के समस्त मन्दिरों, धार्मिक स्थलों पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भजन कीर्तन के माध्यम से पूरे प्रदेश को राममय बनाया जायेगा। इस अवधि के दौरान राम कथा प्रवचन, रामायण, सुन्दर काण्ड, भजन-कीर्तन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा।

इस आयोजन में महिला मंगल दल एएनएम, आशा बहुएं, आंगनबाडी आदि का सहयोग लिया जायेगा।पर्यटन मंत्री विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने संस्कृति विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुये बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा अयोध्या के 25 प्रमुख स्थलों के साथ-साथ लगभग 1200 मन्दिरों में भी भजन कीर्तन और सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा। इस सम्पूर्ण आयोजन में 35000 कलाकारों का सांस्कृतिक समागम होगा और हर दिन 500 कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवधि के दौरान विभिन्न अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा जिसके तहत सरयू नदी में नाव पर सांस्कृतिक कला नौका यात्रा के आयोजन के अलावा देश-विदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों के कला का प्रदर्शन के साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन भी कराया जायेगा। 22 जनवरी को दीपोत्सव के दौरान ग्रामीण व शहरों के लगभग 05 करोड़ आवासों में दीप जलाये जायेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राम चरण पादुका यात्रा, राम गमन पथ पर, चित्रकूट भरत-कूप, से शुरू होकर कौशाम्बी-मंझनपुर, प्रयागराज-श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ, सुल्तानपुर, अयोध्या नंदी ग्राम में समाप्त होगी। इस दौरान 1111 शंखों का सामूहिक शंखवादन करके विश्व रिकार्ड बनाया जायेगा। इसके अलावा विद्वानों के नेतृत्व में सभी घाटों पर सरयू आरती का आयोजन होगा। सरयू आरती करने वालों को प्रशिक्षित करने के लिये काशी के विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। इस अवधि में देश-विदेश के कथा वाचकों द्वारा श्रीराम पर कथा करायी जायेगी।

## विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने वितरित किए 10000 कंबल

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा सीट से विधायक राजेश्वर सिंह ने कड़ाके की ठण्ड और शीतलहर को देखते हुए अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरत को पूरा करने का बीड़ा उठा लिया है, सरोजनीनगर में हर निराश्रित, हर असहाय तक कंबल पहुँचाने के लिए युध्स्तर पर काम किया जा रहा है। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सरोजनीनगर में अब तक 10000 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध करा चके हैं। शीत ऋतु के प्रारंभ से विधायक राजेश्वर द्वारा चलाये जा रहे कंबल वितरण महाअभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम सभा गौरी में अनुसूचित जनजाति के लोगो के बीच कंबल वितरित किया गया, कडाके की ठण्ड में सहारा पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। अवगत हो कि जन जातीय गौरव यात्रा के दौरान विधायक राजेश्वर सिंह ने उनके बीच जाकर जनजातीय समाज की बस्तियों की हर जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। वहीं सरोजनीनगर के हर जरूरतमंद को शीतलहर से बचाव हेतु कंबल पहुंचाने के क्रम में सोमवार को बनी स्थित रितेश्वर मन्दिर परिसर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए थे।

## फिजूल में खर्च कर रही है भाजपा : शिवपाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने राम मंदिर को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वोटों के लिए मंदिर का प्रचार कर रही है। जिस पैसे से बेरोजगारों को नौकरी मिलनी थी और महंगाई रोकी जानी थी, उसे फिजूल में खर्च कर रही है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि भाजपा वोट के लिए सुबह से लेकर शाम तक राम मंदिर का प्रचार करने में लगी हुई है। सुबह टीवी खोलो तो आजकल सिर्फ मोदी और योगी के अलावा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि सब पैसा सरकार का खर्च हो रहा है। जिस पैसे से महंगाई रोकी जानी थी और नौकरी देनी चाहिए थी, लेकिन वो न करके फिजूल में खर्च कर रहे हैं। सपा नेता ने आगे कहा कि मंदिर के अलावा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।

# काकोरी में तीन अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने काकोरी में लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने 40 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की।

इस दौरान निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर अवैध रूप से विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट आफिस व बिजली के खम्भे ध्वस्त किया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मनोज कुमार व अन्य द्वारा काकोरी में समदा ताल के आगे लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए वेलकम सिटी (न्यू फेज) नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह विक्की व अन्य द्वारा काकोरी में मौदा रोड के बायें किनारे पर सीमेन्ट गोदाम के सामने लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग करायी गयी थी। इसके अलावा राजू यादव व अन्य द्वारा काकोरी में मौदा रोड पर यूनीवर्सल सिटी कॉन्वेंट स्कूल के मोड़ पर 15 बीघा से अधिक क्षेत्रफ्ल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए भूखण्ड बेचे जा रहे थे। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना तीनों स्थानों पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे।

# नगर मजिस्ट्रेट ने दिया सिंध बेकर्स को ढहाने का आदेश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

गुड्डू मल चौराहे पर स्थित मानचित्र के विपरीत बने भवन को ध्वस्त करण का आदेश दिया गया है।जिसमें निर्माण के पार्किंग ना छोड़कर दुकान बना लिया गया था।और सड़क की पटरियों पर सीढ़ी पाए गए। इतना ही नहीं मानचित्र के विपरीत निर्माण होने से जाम की समस्या बनने लगी। जिसके चलते नियत प्राधिकारी न्यायालय ने निर्माण को ध्वस्त करवाने के निर्देश दिए हैं।



स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बना था सिंध बेकर्स

मुख्य शहर क्षेत्र में जाम की समस्या काफी विकराल होती जा रही है।1958 की धारा 10 के अंतर्गत निर्माण गिराए जाने का आदेश पारित किया गया है। वही शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए कई निर्माण अतिक्रमण की जद में आ गए थे।शहर क्षेत्र में बने निर्माण में मानचित्र के विपरीत भवन का निर्माण करवा दिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने शहर के गुड्डू मल चौराहे पर स्थित सिंध बेकर्स प्रतिष्ठान है जो स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कर दिए हैं। साथ ही प्रतिष्ठानों में संक्षिप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते सिंध बेकर्स प्रतिष्ठान को नियत प्राधिकारी न्यायालय ने धराशायी करने का आदेश पारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन प्रतिष्ठानों को गिरा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्किंग के नाम पर प्रतिष्ठान भवन के बेसमेंट में पार्किंग के लिए जगह दर्शाया गया था। इसके बाद भी पार्किंग स्थल में भी निर्माण करवा दिया गया जिसके चलते प्रतिष्ठानों के सामने भीड़ वाले वाहन सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने बताया कि नियत प्राधिकारी न्यायालय का आदेश मिलते ही इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जल्द ही इन प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करवा दिया जाएगा।

# पूजित अक्षत पाकर खिले लोगों के चेहरे

- विश्व सनातन महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने गांव गांव में जाकर वितरित किये पूजित अक्षत



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद कई गांवों में श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत वितरण किया गया बताते चलें कि गोण्डा जनपद के सरैया ग्रामपंचायत के निवासी व विश्व सनातन महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता लखन लाल मिश्र द्वारा सरैया के आस पास के सभी गांवों में जाकर पूजित अक्षत वितरण किया गया,तथा सबको देव दीपावली मनाने व उद्घाटन उपरान्त श्री रामलला के दर्शन हेतु आमंत्रित किया गया। बीडीसी शिवभोले तिवारी ने बताया कि श्री रामचन्द्र जी जब मां सीता अनुज लक्ष्मण समेत चौदह वर्षों का वनवास काटकर आए थे तो दीपोत्सव मनाया गया था आज तो पाँच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भगवान घर में आए हैं अब तो और भव्य कार्यक्रम होना चाहिए । लखन लाल मिश्र ने बताया कि आज हम सब राममंदिर जैसी अपनी धरोहर को वापस भव्य रूप में देख रहे हैं यह हम सनातनियों की एकता का परिणाम है, इसलिए हमको जातियों में बंटकर नहीं बल्कि एक होकर हिन्दू बनकर रहना चाहिए कोई दुश्मन हमारा बाल बांका नहीं कर पाएगा। इस पूजित अक्षत वितरण के शुभ अवसर पर कृष्ण बहादुर सिंह, ठाकुर प्रिया सिंह, आंचल सिंह,कप्तान सिंह, लल्लन पाण्डेय, नीरज मिश्रा, मनोज मिश्रा, अजय ओझा, जयकिशन ओझा आदि सम्भ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति रही ।

# गोंडा के रैन बसेरों में सुविधा का अभाव

## निदेशक के निर्देश का नहीं हो रहा पालन, सोते मिले केयरटेकर

- गंदे कंबल में रात गुजाने को विवश जरूरतमंद

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

यूपी में हर बार ठंड के सीज़न में बेघर लोगों की देखभाल के लिए सरकार की ओर से कई तरह के दावे किए जाते हैं। रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने की बात कही जाती है और सरकार उनमें तमाम सुविधाएं देने की भी बात करती है। लेकिन दावों से उलट धरातल पर सच्चाई कुछ और ही नजर आती है। ऐसे में, हमने अलग-अलग रातों में यूपी के गोण्डा जिले के विभिन्न रैन बसेरों में जाकर उनका रियलिटी चेक किया अपनी पड़ताल के दौरान हमने पाया कि बस स्टैंड पर रैन बसेरों में कई कंबल इतने गंदे हैं कि उन्हें ओढ़ा ही नहीं जा सकता, लेकिन फिर भी वो कंबल लोगों को ओढ़ने के लिए दिए जा रहे हैं। और रात गयारह बजे केअर टेकर सोते हुए मिला जबकि इनकी ड्यूटी 8 शाम से सुबह 8 बजे तक है जैसे ही रात का 10 बजता है केअर टेकर सो जाते हैं और रैन बसेरे में चाहे कोई आये या फिर जाए या फिर किसी का सामान ही क्यों न चोरी हो जाए इससे केअर टेकर को कोई फर्क पड़ता। जबकि निदेशक नगर विकास उत्तर प्रदेश नितिन बंसल ने यूपी के सभी जिलाधिकारी व अधिशाषी अभियंता को निर्देश जारी किया है कि नगर क्षेत्र में पड़ने वाले रैन बसेरे में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था होनी चाहिए इसी के साथ शौचालय की भी व्यवस्था होनी चाहिए और जेन्टस और लेडीज़ का अलग अलग बेड होना चाहिए और गर्म पानी की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

# बजाज कुन्दरखी चीनी मिल ने भेजा चालू पेराई सत्र का भुगतान

गोंडा, समृद्धि न्यूज। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दरखी चीनी मिल ने वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 के तहत दिनांक 26 नवम्बर 2023 तक पेराई किये गये गन्ने का भुगतान मूल्य 10.18 करोड़ रूपये कृषकों के खाते में भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख पी0एन0 सिंह ने बताया कि चीनी मिल आने वाले दिनों में अन्य तिथियों में आपूर्ति किये गये गन्ने का भुगतान क्रमानुसार करती रहेगी। इकाई प्रमुख श्री सिंह ने कृषकों से अपील किया है कि चीनी मिल को साफ-सुथरा व ताजा गन्ना आपूर्ति करें। इसमें किसान व मिल दोनों का हित है। अतः किसान बन्धु चीनी मिल के सफल संचालन में सहयोगी बनें। साथ ही वसन्तकालीन गन्ना बुआई के लिए किसान बन्धु अपना स्वयं का सी0ओ0 15023 एवं सी0ओ0 0118 गन्ना बीज रोककर रखें एवं अधिक से अधिक क्षेत्रफल में अगेति प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें।


# छाछपारा कानूनगो में प्रधानी कर रहा है रोजगार सेवक

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

एक ग्राम प्रधान ने विकास की परिभाषा ही बदल दी। ग्राम पंचायत में संपर्क मार्गों पर मिट्टी पटाई व सीसी रोड निर्माण के नाम पर बिना काम कराए ही लाखों रूपए डकार लिया गया। इस संबंध में ग्राम पंचायत के ही एक व्यक्ति द्वारा सशपथ जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गयी है।

मामला जिले के झंझरी विकास खंड की ग्राम पंचायत छाछपारा कानूनगो का है। यहां के निवासी रामकिशोर मिश्र पुत्र स्वर्गीय परमहंस मिश्र ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से शपथपत्र के साथ शिकायत की है जिसमें आरोप लगाया है कि छाछपारा कानूनगो का ग्राम प्रधान अवधेश तिवारी है, लेकिन सारा कामकाज उसका बड़ा भाई सत्यराम तिवारी ही देखता है, जो इसी ग्राम पंचायत का रोजगार सेवक भी है।

- शपथपत्र के साथ डीएम से की गई शिकायत




शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि छाछपारा कानूनगो की प्रधानी अवधेश तिवारी के बजाय उसका भाई रोजगार सेवक सत्यराम चलाता है। यहां तक कि सभी कागजात/अभिलेखों पर अवधेश की जगह उसका हस्ताक्षर सत्यराम ही करता है। यदि हस्ताक्षर का मिलान कराया जाए तो स्वतः ही स्पष्ट हो जाएगा। इतना ही नहीं, आरोप है कि ग्राम पंचायत में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत बिना काम कराए ही लाखों रूपए भुगतान करा लिया गया है, जिसमें किशुनपुरवा में रामरूप के घर से हरीश के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, शिवदत्त के खेत से नहर तक मिट्टी पटाई कार्य, छाछपारा कानूनगो संपर्क मार्ग से काली स्थान होते हुए दोनों पटरियों की सफाई व मिट्टी पटाई कार्य, छेद्दन के खेत से छाछपारा पिच रोड तक मिट्टी पटाई, नहर पुल से तिवारी पुरवा गांव तक मिट्टी पटाई, छाछपारा कानूनगो संपर्क मार्ग से छाछपारा मुतवल्ली सड़क तक पटरी पर मिट्टी पटाई, चैनवापुर रोड से रामदेव के खेत तक मिट्टी पटाई, बोहिया में पिच रोड से फागू के खेत तक मिट्टी पटाई, बोहिया में ही नहर से फागू के घर से होते हुए नर्सरी तक मिट्टी पटाई, छांगुर के सागौन से रामदेव के खेत तक मिट्टी पटाई, छाछपारा कानूनगो पिच रोड पुल से खखरइया पिच रोड तक मिट्टी पटाई, छाछपारा कानूनगो में गंगाराम के घर से संते के खेत तक मिट्टी पटाई छाछपारा कानूनगो में पिच रोड तक मिट्टी पटाई तथा छाछपारा कानूनगो में पिच रोड से खखरइया पिच रोड तक मिट्टी पटाई का कार्य शामिल है।

शिकायतकर्ता द्वारा डीएम नेहा शर्मा को शपथपत्र के साथ दिए गए शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि छाछपारा कानूनगो ग्राम पंचायत में कराए गए 80 प्रतिशत विकास कार्यों में घोर अनियमितता बरती गयी है और बड़े पैमाने पर सरकारी धन की बंदरबांट की गयी है। जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की गयी है।

# सरकारी पत्रावली गमन करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जनपद गोण्डा में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक गोण्डा के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-1034/2023, धारा 409 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त चन्द्रपाल यादव पुत्र श्री राम अनुज यादव निवासी विशुनपुर बैरिया को0देहात जनपद गोण्डा को थाना कोतवाली नगर पुलिस के अथक प्रयास से बुढ़ादेवर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मन्दिरों की सूची तैयार कर सजावट के लिए कार्य योजना तैयार की जाय : डीएम



- बहराइच महोत्सव एवं रामोत्सव के आयोजन के सम्बंध में बैठक सम्पन्न
- विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रमवार समितियों का किया जाय गठन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद बहराइच में प्रस्तावित बहराइच महोत्सव एवं रामोत्सव 2024 के सफल आयोजन के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि शासन की मंशानुसार बहराइच महोत्सव एवं रामोत्सव 2024 के आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय।

बहराइच महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट को प्रभारी नामित किया गया है। डीएम ने बहराइच महोत्सव के आयोजन के सम्बंध में निर्देश दिया कि महोत्सव के आयोजन से सम्बन्धित तीन दिवसीय विस्तृत कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार की जाय। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रमवार समितियों गठन किया जाय। महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों लोक नृत्य, लोक गायन, शिक्षण संस्थाओं के सांस्कृति कार्यक्रमों, कवि सम्मेलन, भजन, कीर्तन, क्रीडा प्रतियोगिता, दिव्यांगजन से सम्बन्धित कार्यक्रम, थारू कार्यक्रम, श्री अन्न फूड फेस्टिवल इत्यादि एवं अन्य विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यक्रमों हेतु पृथक-पृथक समितियों के गठन की कार्रवाई समय से पूर्ण कर ली जाय। इसी प्रकार रामोत्सव 2024 के सफल आयोजन के सम्बंध में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि ग्राम प्रधानों व सचिवों के साथ बैठक आयोजित कर समय से तैयारी पूर्ण कर ली जाय। मन्दिरों की सूची तैयार कर ली जाय। साथ ही मन्दिरों की सजावट इत्यादि के लिए कार्य योजना तैयार कर ली जाय। नगरीय क्षेत्रों के लिए अधिशाषी अधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन के सम्बंध में भी खण्ड विकास अधिकारियों व ईओ को समय से तैयारी करने के लिए निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# रामलला के आगमन की प्रतीक्षा में राममय हुआ बहराइच

- रामभजन गाते हुए घर-घर दिया जा रहा पूजित अक्षत देकर निमंत्रण




बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम मन्दिर में होने वाले बाल स्वरूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता घर घर जाकर श्री रामजन्म भूमि का अक्षत वितरण कर रहे हैं। जहाँ संघ कार्यकर्ता घर घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं वहीं पूरा संघ परिवार इस कार्यक्रम में जुटा हुआ है। बुधवार को चित्तौरा खण्ड के न्याय पंचायत धरसवां में पूजित अक्षत कलश यात्रा गांव के गंजे बाबा मंदिर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह भूपेन्द्र के नेतृत्व में निकाल कर प्रत्येक हिन्दू परिवारों को अक्षत वितरण के साथ 22 जनवरी को होने वाले रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हेतु घरों मन्दिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश कर महा दीपावली मनाये जाने का आग्रह किया।

न्याय पंचायत में प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच के जिला कार्यवाह भूपेन्द्र ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब 22 जनवरी को श्री धाम अयोध्या में जब प्रभु राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो रही हो तो सभी ग्रामवासी रामभक्त अपने-अपने ग्राम में दीप प्रज्वलित कर महा दीपावली का पर्व मनाएं। इस दौरान टोली में शामिल कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम का उद्घोष कर पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। दूसरी तरफ खंड चितौरा की नौ न्याय पंचायतों के कुल 90 ग्राम सभाओं की 60 से अधिक ग्रामों में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत वितरण का कार्य घर-घर जाकर किया गया। उक्त ग्राम सभाओं में अक्षत वितरण के कार्य में कुल 24 महिला पुरुष टोलियां कार्यरत हैं। अक्षत वितरण कार्यक्रम में जिला प्रचारक अजय, रमेश, जय, अमर सुखलाल, खंड संघचालक धनंजय, खंड कार्यवाह धर्मेंद्र, राजकुमार, अभिमन्यु, अवधराम, अमरजीत, दीनदयाल, मनोज, दिव्यांश, राहुल, आनंद प्रताप, खण्ड पत्रिका प्रमुख मनीष एवं सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति तथा स्वयंसेवक बंधुओं ने सहभागिता किया।

# शैक्षिक व सामाजिक समस्याओं को लेकर किया नारेबाजी



- अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करके एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवा रोड किनारे दौड़ने को मजबूर : आदर्श शुक्ला

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कैसरगंज इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी करते हुए तहसील में व्याप्त शैक्षिक समस्या व सामाजिक समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी कैसरगंज को ज्ञापन सौंपा।

तहसील कैसरगंज मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कैसरगंज इकाई के कार्यकर्ता हनुमान मंदिर तिराहा पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवाशीष के नेतृत्व में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अभाविप के प्रदेश सह मंत्री आदर्श शुक्ला ने कहा कि कैसरगंज की युवाओं के लिए खेल मैदान न होने के कारण बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवा रोड किनारे दौड़ने को मजबूर हैं जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं कैसरगंज में खेल मैदान का निर्माण हो ?अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के खेलो भारत सहसंयोजक अभय तिवारी ने कहा कि तहसील कि अवैध नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर का जंजाल बढ़ता जा रहा है ऐसे सभी मानक विहीन नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच कर कर अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर को तत्काल रूप से बंद किया जाए।अभाविप के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवाशीष सिंह ने कहा कि तहसील के अधिकांश मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रयोगशालाएं नहीं बनी हुई है तथा ऐसे विद्यालयों की जांच करा कर कठोर कार्रवाई करते हुए नियमित प्रयोगात्मक कक्षाओं का संचालन करवाया जाए। जिला सहसंयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा कि तहसील में अवैध रूप से चल रहे विद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है इन सभी विद्यालयों के ऊपर तत्काल रूप से कार्रवाई की जाए। इस मौके पर जितेंद्र सिंह,आकाश मिश्र,निखिल जोशी,विवेक श्रीवास्तव,पियूष सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षा का प्राचार्य ने किया निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के रिसिया महाविद्यालय में हो रही सेमेस्टर परीक्षा का प्राचार्य ने प्रोफेसर के निरीक्षण किया।और निगरानी टीम को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। तथा समय-समय पर महाविद्यालय प्रशासन निरीक्षण करता रहे।जिले के रिसिया ऋषिभूमि स्थित गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज में चल रही विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा की सकुशल संपन्न हो रही है।



मंगलवार को द्वितीय पाली में 126 छात्रों ने परीक्षा में 1 छात्र अनुपस्थित रहा। महाविद्यालय में चल रही परीक्षा की सुचिता की दृष्टिगत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी सहित आंतरिक सचलदल में डॉ सुभाष चंद्र, प्रो दयाराम यादव, डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ राम जनम, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण करके परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में लगे रहे। प्राचार्य ने बताया की परीक्षा के दौरान निरीक्षण करके नकलविहीन परीक्षा कराया जा रहा है। तथा वहा पर तैनात महाविद्यालय प्रशासन को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# मकान में सेंध लगाकर चोर ले गए लाखों का सामान



- थाने में ड्यूटी कर रहा था पीआरडी जवान

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद के ग्राम पंचायत टेपरहा निवासी पीआरडी जवान रात में रूपईडीहा थाने में ड्यूटी कर रहा था। देर रात को उसके मकान में सेंध लगाकर चोरी हो गई। चोर नकदी समेत दो लाख से अधिक की संपत्ति लेकर फरार हो गए। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेपरहा के मजरा बिचपरी गांव निवासी बच्चू लाल यादव यादव पीआरडी जवान हैं। उनकी तैनाती रूपईडीहा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगी हुई है। सोमवार को वह ड्यूटी के लिए थाने चले गए। जबकि घर पर परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात को अज्ञात चोर पहुंचे। सभी ने पीआरडी जवान के मकान में पीछे से सेंध लगा दी। इसके बाद कपड़ा, बर्तन, सोने चांदी के जेवरात और 40 हजार रूपये नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह परिवार के लोगों ने सामान बिखरा देखा तो चोरी की जानकारी हुई। पीआरडी जवान ने गांव पहुंचकर तहरीर लिखी। इसके बाद थाने में तहरीर दी। पीआरडी जवान के मुताबिक दो लाख से अधिक की चोरी हुई है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चोरी हुई है। पुलिस टीम जल्द ही खुलासा करेगी।

# मदरसे की विवादित जमीन की हुई कुर्की

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत के मोहल्ला वैराकाजी में एक मदरसा की विवादित जमीन को उप जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। साथ ही लोगों को कुर्की के पत्र भी दिए। जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला बैराकाजी में विवादित जमीन पर विद्यालय /मदरसा संचालित है। इस जमीन की कीमत लगभग तीन करोड़ रूपये है। जमीन पर प्रतिपक्षी रज्जब अली पुत्र अहमद खाँ, कायम खाँ पुत्र जहूर खाँ, अनवर निवासी बैराकाजी जरवल कस्बा थाना जरवलरोड द्वारा अली फात्मा जूनियर हाईस्कूल को लगभग 20 वर्षो से संचालित किया जा रहा था।जिसके संबंध में कोर्ट ने

- तीन करोड़ रुपए है कीमत



सैय्यद नसीर हैदर बनाम जहूर खाँ आदि की पत्रावली पर निर्णय करते हुए न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट कैसरगंज पंकज दीक्षित द्वारा धारा 145 दण्ड प्रक्रिया संहित के तहत आदेशित किया गया कि विवादित सम्पत्ति को कुर्क कर किसी दो निष्पक्ष व्यक्तियो को देकर कहा कि वो आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करें। उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा कुर्क के सम्बन्ध में दिये गये आदेश निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव द्वारा पुलिस टीम गठन कर सोमवार को मोहल्ला बैराकाजी स्थित उपरोक्त विद्यालय / मदरसे को विधिक कार्रवाई करते हुए नियमानुसार कुर्क किया गया।टीम में उप निरीक्षक दीवान असलम खाँ, महिला उप निरीक्षक गीता यादव, एसआई भृगुनाथ सिंह, हेड कांस्टेबल ध्रुब नारायण यादव, भवानी प्रसाद मिश्रा, शम्भूशंकर यादव, अजय कुमार शुक्ला, अमरनाथ यादव, पृथ्वीपाल सिंह और महिला आरक्षी सीमा पान्डेय शामिल रहे।

# अब गांव व नगर से मिलेंगी मौसम की जानकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अब जिले में बेमौसम भारी वर्षा, आंधी-तूफान व आकाशीय बिजली गिरने सहित अन्य आपदाओं से बचाव के लिए अब हर तहसील में एक-एक ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन बनाया जाएगा। इसके साथ ही हर ब्लॉक मुख्यालय पर दो-दो वर्षा मापी यंत्र भी लगेंगे। डीएम के निर्देश पर वेदर स्टेशन के निर्माण एवं वर्षा मापी यंत्र लगाने के लिए उपयुक्त स्थल की तलाश शुरू कर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। तराई के बहराइच जनपद में प्रतिवर्ष प्राकृतिक आपदाओं से काफी क्षति होती है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान आकाशीय बिजली

- जिला आपदा विशेषज्ञ ने चिन्हित की जमीन, भेजी रिपोर्ट
- छह तहसील में आटोमेटिक वेदर स्टेशन का होगा निर्माण
- जिले के 14 ब्लाक में आटो मैटिक रेन गेज की स्थापना से मिलेंगी सटीक जानकारी




गिरने से होता है। इसकी चपेट में आने से हर साल कई लोगों की जान भी जाती है। इन मौसमी आपदाओं से निपटने और समय पूर्व प्रबंधन की कवायद शुरू करते हुए शासन ने अब मौसम की सटीक जानकारी के लिए जिला मुख्यालय सहित तहसील स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) व ब्लॉक स्तर पर दो-दो वर्षा मापी यंत्र (एआरजी) की स्थापना का फैसला किया है।एडब्लूएस व एआरजी की स्थापना में करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा। प्रस्तावित मौसम केंद्र जिले के सदर तहसील, नानपारा मोतीपुर, पयागपुर, कैसरगंज व महसी तहसील परिसर में सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल में स्थापित होगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मौसम केंद्र के निर्माण कार्य के लिए शासन से बजट की स्वीकृति मिल गई है। इसका सबसे अधिक फायदा जिले के किसानों को मिलेगा। उनकी फसल को मौसमी आपाद से काफी हद तक बचाने में मदद भी मिलेगी।

### चिन्हित हुई जमीन, शासन को भेजी रिपोर्ट



ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की स्थापना के बाद तापमान, आर्द्रता, हवा के प्रवाह, दबाव, दिशा, गति व वर्षा आदि के बारे में हर 15 मिनट पर अपडेट व सटीक जानकारी मिल सकेगी। इसकी रिपोर्ट लखनऊ भेजी जाएगी। वहां से मौसम की सटीक जानकारी जिले के लोगों को मिल सकेगी। इसके साथ ही ब्लाकों में स्थापित एआरजी वर्षा की स्थिति, तापमान व आर्द्रता उपलब्ध कराएगा। *सुनील कुमार आपदा विशेषज्ञ*

### किसानों को होगा अधिक लाभ



जिले के सभी तहसील में स्वचालित मौसम केंद्र और ब्लॉकों में वर्षा मापी यंत्र की स्थापना होगी। शासन के निर्देश पर आपदा विशेषज्ञ ने सभी स्थानों पर जमीन चिन्हित कर ली है इसका निर्माण होने से किसानों को अधिक लाभ होगा क्योंकि आंधी पानी और बारिश की जानकारी उन्हें सही से पहले ही मिल जाएगी। *मोनिका रानी जिलाधिकारी*

# राज्य मंत्री ने कृषि उत्पादन मंडी में दुकानों का किया शिलान्यास

जरूरत पडी तो किसानों के लिए और दुकानें बनाई जाएगी



**लालगंज /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लालगंज कृषि मंडी में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने 20 नई दुकानों, गेट पुर्ननिर्माण,चबूतरे ,सी.सी.रोड, इंटरलॉकिंग आदि कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिलान्यास करने के पश्चात उपस्थित क्षेत्रवासियों व किसानों और व्यापारियों को संबोधित कर मंडी परिषद द्वारा किसानों एवं व्यापारियों के हित में चल रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही किसानों एवं व्यापारियों के विकास हेतु मंडी परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो और दुकान किसानों के लिए बनाई जाएगी मंडी के साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जाए इसके लिए मंडी सचिव को निर्देशित किया और कहा जितने धन की आवश्यकता होगी धन की कमी नहीं होगी मंडी को साफ सुथरा बनाने का कार्य करें यह आपका दायित्व है व्यापारियों किसानों को अच्छी सुविधा मिले यही हमारा पहला कर्तव्य है और इसमें समझौता नहीं होगा इसके लिए जितना पैसा लगेगा हम देने को तैयार हैं।

### हर वर्ग को मिल रहा है सरकार की योजनाओं का लाभ : मंत्री

सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है यह गर्व की बात है और बताया कि पहले की व्यवस्था ऐसी थी की ऊंचाहार का कोटरा बहादुरगंज गांव जो प्रतापगढ़ की सीमा पर स्थित है उन जैसे गांव को अगर अपनी कृषि उपज को एमएसपी पर मूल्य लेना होता था तो वहा का किसान लालगंज मंडी लेकर अपनी उपज आता था हमने ऊंचाहार में नई मंडी का निर्माण कराया जिससे लालगंज मंडी पर कम भार पड़ेगा और अधिकारियों पर निशाना साधा कहा कि अगर अधिकारी ठीक से ध्यान दें तो किसानों और व्यापारियों को और अच्छी सुविधा मिल सकेगी अगर आसपास जमीन उपलब्ध हो जाए तो अच्छी हाईटेक नर्सरी लालगंज में स्थापित करके अच्छी सब्जियों का उत्पादन यहां लालगंज में हो सकेगा जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिल सकेगा और यह बताया की लालगंज बाईपास फरवरी के पहले सप्ताह में जनता को समर्पित कर दिया जायेगा पिछले सरकारों पर निशाना साधा कहा उनके आधिकारिक बयान थे पहले की सरकारों में रायबरेली की जनता को100रू मिलता था उसमें 75 रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था सिर्फ 15 रुपए ही पहुंचता था आज की सरकार में 100रु. का कार्य सीधे जनता को मिल रहा है।

## रोजगार मेले में 181 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन, 79 का हुआ चयन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें पहुंची निजी कंपनियों मदर सन राजस्थान एस के आर सर्विसेज नोएडा पीएनजी एच आर सर्विसेज ब्राइट फ्यूचर कम्पनी रायबरेली द्वारा आए हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में 181 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया तो वहीं पर 79 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजकुमार सहायक खंड विकास अधिकारी सतीश चतुर्वेदी जिला समन्वयक तनुजा यादव जिला कौशल प्रबंधक राजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ई-लाटरी द्वारा कृषि यंत्रों का वितरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उप कृषि निदेशक रायबरेली विनोद कुमार ने बताया है कि कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में कृषि यंत्रों का वितरण पूर्व में ''पहले आओ पहले पाओं'' के आधार पर किया जाता था। शासन द्वारा इस व्यवस्था को बदल दिया गया है और अब किसानों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। जिसके लिए 11 जनवरी 2024 से 12 जनवरी 2024 तक 10000 रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के चयन के लिए किसानों द्वारा 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक जनपद के समस्त विकास खंडों के कृषकों द्वारा बुकिंग की गई है। उन्होंने बताया है कि जिन यंत्रों के लक्ष्य से अधिक किसानों द्वारा बुकिंग की गई है उनमें चयन के लिए 11 जनवरी 2024 को प्रात: 10:00 बजे से विकास भवन स्थिति महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में नीलामी समिति के सदस्यों के द्वारा ई-लाटरी कराई जायेगी। उन्होंने बताया है कि ई-लाटरी यदि 11 जनवरी 2024 को पूर्ण नहीं हो पाती है तो 12 जनवरी 2024 को पुन: 10:00 बजे ई-लाटरी का कार्य समाप्ति तक कराई जायेगी। इस लॉटरी की प्रक्रिया में बुकिंग करने वाले किसानों को भी ई-लाटरी के समय उपस्थित रहना है। समस्त ऐसे कृषकों को सूचित किया जाता है कि उन्होंने यदि किसी भी यंत्र की बुकिंग 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक की अवधि में की गई है तो वे समस्त कृषक 11 जनवरी 2024 को प्रात: 10:00 बजे ई-लाटरी के समय विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में उनके लिए बने प्रकोष्ठ में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किये जाते हैं।

### ई-रिक्शा पलटने से मां बेटी घायल, दोनों की हालत गंभीर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां विकासखंड की नीम टीकर ग्राम सभा के हसनगंज गांव के पास लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट जाने से मां और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्य रानी पत्नी सुक्खा उम्र 65 वर्ष व सुनीता पत्नी पुत्तन उम्र 38 वर्ष निवासीगण जलालपुर विकासखंड बछरावां जनपद रायबरेली निगोंहा दवा लेने के लिए ई-रिक्शा से गई हुई थी वापस लौटते समय हसनगंज गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर अपने आप पलट गया। इस दुर्घटना में चालक वीरपाल बाल बाल बच गया। वही मां और बेटी को गंभीर रूप से चोटे आई। आसपास के राहगीरों द्वारा मामले की सूचना बछरावां पुलिस को दी गई। बछरावां पुलिस ने एनएचईआई की एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां पर इनका प्राथमिक उपचार किया गया और हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं इस संबंध में संवाददाता ने जब बछरावां थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के जनई ग्राम पंचायत और डोमापुर पहुंची जहां के ग्राम प्रधानों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया जनई और डोमापुर ग्राम पंचायत में कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि अमावा मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार मौर्य रहे ।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गए तथा पीएम किसान निधि के प्रमाण पत्र दिए गए ।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जीत बहादुर सिंह उर्फ बिल्ला डोमापुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार अशोक सिंह खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ग्राम प्रधान साहब देई ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार लेखपाल विपिन मौर्य आशा बहू गीता पाल निबर राम सजीवन जायसवाल किशोरी लाल ममता शीतला देवी मोहम्मद नसीम प्रधानाचार्य कोटेदार शिवनायक सिंह राकेश सिंह अखिलेश विपिन कुमार अर्जुन सिंह अनिल कुमार सहित आदिलोक मौजूद रहे।

### लोक निर्माण विभाग की जमीनों पर हो रहा अवैध कब्जा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर में अधिकारियों की मिलीभगत व लापरवाही के चलते लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की जमीनों पर लोग कब्जा कर धड़ल्ले से निर्माण कर कर रहे हैं वहीं लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किये हुए हैं वहीं कब्जाधारी कागजों में हेराफेरी कर लोक निर्माण विभाग की जमीन पर मकान निर्माण कराकर अधिकारियों को ठेगा दिखा रहे हैं। कब्जाधारियों में रसूखदार लोग व उनके जानने वाले भी शामिल हैं साथ ही लेखपाल व ग्राम प्रधान की भूमिका संदिग्ध है। ग्राम प्रधान की ग्राम सभा में उक्त जमीन पर लोग निर्माण कर रहे वही क्षेत्रीय लेखपाल लोक निर्माण विभाग की जमीन होने के चलते हाथ खड़े कर रहे हैं वहीं विभागीय अधिकारी उन्हें हटाने के बजाय नोटिस देकर खानापूर्ति कर रहे हैं। नतीजा यह है कि सरकारी जमीन पर देखते-देखते कई-कई मंजिलों के मकान भी बन गए। ऐसी स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं है अपित नगर के कटरी क्षेत्र में धड़ल्ले से निर्माण जारी है। विगत वर्ष लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी व लेखपाल ने उक्त जमीन पर निर्माण कार्य को रोकते हुए जेसीबी से गिरवाया था। पीडब्लूडी की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर जानकारी के लिए जब संवादाता ने जेई गंगवार को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### भूमि विवाद में पिता-पुत्र भिड़े, तीन घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** भूमि विवाद में भाई का पक्ष लेने पर पिता पुत्रो के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया। आसीवन थाने के खरगौरा गांव निवासी सरवन (25) व प्रेम कुमार (30) पुत्र रामनरेश का उसके चाचा से भूमि को लेकर विवाद होने लगा। यह देख पिता रामनरेश (50) पुत्र बेनीप्रसाद अपने भाई का पक्ष लेते हुए दोनों बेटों से भिड़ गया और जमकर लताड़ लगाई लेकिन उसके दोनो बेटे पिता के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। दोनो के मध्य चले लाठी डंडे में पिता व दोनो बेटे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।




### फूड सेफ्टी वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम हर्षिता माथुर ने फूड सेफ्टी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह वाहन जनपद के विभिन्न तहसीलों व ब्लॉकों के गांवो में जाकर खाने पीने की वस्तुओं की जांच करेगी। जिससे बढ़ती बीमारियों पर रोक लग सके। वहीं पहले दुकानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के जांच के नमूने लखनऊ भेजे जाते थे लेकिन अब इस वैन के आ जाने से कुछ ही घंटे में खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी तथा जांच के बाद जो भी निष्कर्ष निकलेगा उसके आधार पर संबंधित दुकानदार या खाद्य पदार्थ विक्रेता पर कार्यवाही की जाएगी। तत्पश्चात अजीत कुमार, सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रायबरेली के आदेश के उपरान्त खाद्य सचल प्रयोगशाला को सदर तहसील के राही व शहर क्षेत्र कचेहरी रोड़ में भेजा गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपराजिता तिवारी, उदय राज मौर्य, राजेश कुमार एवं सौरभ उत्तम के द्वारा हल्दी, मिर्च, धनिया व खाद्य तेल, दूध के लगभग 52 नमूनें, खाद्य सचल प्रयोगशाला के द्वारा जांचे गये।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

## जनरल नॉलेज ओलंपियाड में गोल्डमेडलिस्ट विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में द्वितीय आवधिक परीक्षा के तत्वावधान में अध्यापक - अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अभिभावकों के साथ सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन से किया।

अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति को देखकर प्रसन्न व संतुष्ट थे।कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित एवम प्री प्राइमरी विंग के टी एल एम व बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स से संबंधित ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में शामिल विद्यार्थियों ने अभिभावकों की जिज्ञासाओं का बड़े ही आत्मविश्वास पूर्ण ढंग से समाधान किया। जिसे सुनकर एवं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को देखकर अभिभावकों ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की।



कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित हुई जनरल नॉलेज की परीक्षा में विद्यालय की कक्षा -4 के छात्र अभिनव कुमार, दर्श प्रताप सिंह, रुद्रांश प्रताप सिंह व छात्रा गुंजन पाल एवम कक्षा- 6 की छात्रा अमृतादीप को गोल्ड मेडल व प्रसास्त्र पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। और बताया कि शिक्षक और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही छात्र उन्नति के शिखर पर पहुंच सकते हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसी गोष्ठियां महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय परिवार अपने विद्यार्थियों की उन्नति के लिए कृत संकल्प है और उनकी उन्नति के लिए हम सदैव हर संभव प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने अभिभावकों को सूचित किया कि विद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मंत्री के आश्वासन के बाद किसानों का धरना समाप्त

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आवारा गोवंशों की समस्या से परेशान किसान यूनियन के पदाधिकारी ब्लॉक परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए थे किसान नेताओं की मांग थी कि बार-बार आश्वासन के बाद भी छुट्टा गोवंशों को संरक्षित करने का कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है अनिश्चितकालीन धरने के दौरान धरना स्थान पर पहुंचे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के आश्वासन के बाद किसान यूनियन ने धरना समाप्त किया मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान नेता मनोज यादव जिला महासचिव सुशील यादव जिला उपाध्यक्ष शिव बहादुर मौर्य शिव प्रकाश पटेल जयशंकर पांडे गंगा दयाल शिवप्रसाद के साथ कई दर्जन किसान अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए थे किसान नेताओं का कहना था कि विकास खंड डलमऊ में कम से कम दो स्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र एवं 10 अस्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र एक माह के अंदर बनवाया जाए पूर्व में एक गौ अभ्यारण केंद्र बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था जिसकी कार्रवाई भी शुरू हुई लेकिन नाप जोख के बाद उसे पर कोई निर्माण कार्य नहीं शुरू किया गया जिससे बड़ी संख्या में आवारा जानवर सड़कों पर घूम रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसकी मांग कई बार की गई लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता रहा अनिश्चितकालीन धरने की सूचना जब राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को मिली तो उन्होंने वहां पहुंच कर किसान नेताओं को शांत कराया और आश्वासन दिया कि उनकी मांगे जल्द ही पूरी की जाएगी तथा गोवंश आश्रय केंद्र बनवाकर आवारा गोवंशों को संरक्षित किया जाएगा राज्य मंत्री के आश्वासन के बाद किसान नेताओं ने धरना समाप्त की घोषणा की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला युवक का शव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला अधेड़ युवक का शव मृतक युवक के शरीर पर पाए गए चोट के निशान हत्या कर शव फेकें के जाने की आशंका सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पीपरहा रोड पर स्थित निर्माणाधीन सन शाइन मून स्कूल के पास का है सड़क के किनारे अज्ञात अधेड़ युवक का शव पड़ा हुआ मृतक युवक के शरीर पर कई जगह चोट निशान पाए गए हैं जिससे लोग हत्या करके शव फेकें जाने की आशंका जता रहे हैं, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, वहीं मृतक युवक की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास के थानों व सोशल मीडिया का सहारा ले रही है।




## ब्लॉक परिसर में भाकियू द्वारा पंचायत का किया गया आयोजन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हुई उक्त पंचायत की अध्यक्षता लवकुश कुमार तथा संचालन ब्लॉक महामंत्री रामराज गौड़ ने यह पाया गया कि कुछ एक जगह पर बिजली वृद्धा पेंशन आदि समस्याएं बनी हुई है हालांकि अधिकांश मामले शासन द्वारा सुलझाए भी गए हैं इन समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तो शीघ्र ही धरना और आंदोलन के लिए रणनीति बनाई जाएगी तथा ब्लॉक महराजगंज में एक विशाल पंचायत लगाई जाएगी।

इस मौके पर श्रीनाथ पासी जगदेव प्रसाद मौर्य अशफाक अहमद संतोष कुमार मौर्य जरीना बानो हसरुतनिशा मेदनी सुशीला रुखसाना बानो शारदा रामधनी सहित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अयोध्या जा रहे रामभक्तों का हुआ स्वागत



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जनपद फिरोजाबाद से पदयात्रा कर अयोध्या जाते हुए राम भक्तों का दल आज मंगलवार को नगर से गुजरा। पदयात्रियों की सूचना मिलते ही नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व सभासद सरोज सैनी रंगा भैया और प्रदीप सोनी के नेतृत्व में दर्जनों नागरिक नानामऊ मार्ग पर जा पहुंचे। जहां सभी ने रामभक्तों पर पुष्प वर्षा कर माल्यार्पण किया और श्रीराम गमछा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। बाद में रामभक्तों का दल जै जै श्री राम के जय घोष के साथ अयोध्या धाम को रवाना हो गया। रामभक्तों के अभिनंदन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लवकुश नगर के जिला प्रचारक स्वामीनाथ, कुलदीप, जितेंद्र शर्मा, आनंद मिश्रा, अंशुल, मनीष, देवकीनंदन व अनिल दिवाकर आदि नागरिक शामिल रहे।

### आरएस स्कूल में दी गयी आग से सुरक्षा की जानकारी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के संडीला रोड स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा आग से सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्कूलों, बहुखंडीय इमारतों, व्यवसायिक स्थानों, घरों, सार्वजनिक स्थानों, खेतों, ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक आग लगने पर उससे सुरक्षा एवं बचाव से सम्बंधित नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अग्निशमन संबंधी उपकरणों के प्रयोग एवं उनके रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई। अग्निशमन अधिकारी विजय प्रताप सिंह एवं दयाराम ने बच्चों को फायर हेल्पलाइन नम्बर 101 एवं फायर स्टेशन के सीयूजी नम्बर की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक रिजवान अहमद, प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उप प्रधानाचार्य अंजू बाजपेई सहित रुचि पांडेय, शिखा, अनीता,नेहा, शुभी, फैज, अनुज, मनोज यादव, एडी सिंह, मो0 शाद, कौशल यादव आदि शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।




## कंबल वितरण में मची अफरा-तफरी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक परिसर में कंबल वितरण के दौरान अधिक संख्या में पहुंचे ग्रामीणों के चलते कंबल पानी की चाहत में अफरा तफरी मच गई कंबल पाने के लिए लोग एक दूसरे से धक्का मुक्की करते देखे गए जिससे आयोजकों को काफी मशक्कत करनी पड़ी मंगलवार को ब्लॉक परिसर में जिला पंचायत एवं ग्राम प्रधान द्वारा अनुमोदित ग्रामीणों को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा कंबल वितरण किया जाना था कंबल वितरण की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सुबह से ही इकट्ठे हो गए लगभग 2:00 बजे के बाद पहुंचे राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कंबल वितरण का शुभारंभ किया और कुछ ही ग्रामीणों को कंबल बांटने के बाद चले गए लेकिन इसके बाद कंबल पाने के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ में अपरा तफरी मच गई लोग कंबल पाने के लिए एक दूसरे से धक्का मुक्की करते देखे गए विकासखंड डलमऊ के सभी ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान द्वारा 10-10 गरीबों को कंबल बांटे जाने का निर्देश दिया गया था लेकिन संख्या से अधिक ग्रामीणों के पहुंच जाने की वजह से लोग कंबल पानी से वंचित रह गए जिन लोगों को कंबल नहीं मिला वह धक्का मुक्की करते हुए देखे गए बुजुर्गों को कंबल पाने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा कंबल लेने के लिए आई वृद्ध महिला रामकली सुंदर सुनीता देवी कलावती जगराना रामवती ने बताया कि वह सुबह से कंबल लेने के लिए आई थी लेकिन कंबल नहीं मिला है।

## पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह का लगातार संपर्क जारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व सांसद एवम पूर्व महा अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह का इन दिनों रायबरेली लोक सभा में लगातार संपर्क जारी है।जनपद की प्रमुख तहसीलों और नगरों के अधिवक्ता,शिक्षक एवम प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर संपर्क का सिलसिला जारी है।

इसी क्रम में श्री सिंह आज जनपद के बछरांवा तहसील मुलाकात करते हुए लालगंज पहुंचे जहां वरिष्ठ भाजपा नेता पशुपति शंकर बाजपेई से मुलाकात की।तत्पश्चात में पवन सिंह के आवास पर सैकड़ो लोगो से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना आगे श्री सिंह डलमऊ पहुंचे जहां तहसील परिसर में अधिवक्ताओं से मुलाकात की और एक बैठक भी संबोधित की इसके बाद डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ से मुलाकात करने के साथ ही नहर में स्थापित महा कवि निराला की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। उसके बाद दीन शाह गौरा होते हुए विराम लिया गया।इस दौरान श्री सिंह ने लोगो को केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताया और लोक सभा से दावेदारी प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही श्री सिंह ने कहा कि अगर पार्टी भरोसा जताती है तो रायबरेली के लिए पूरी लगन से कार्य करूंगा। इस दौरान डॉ विनय भदौरिया, कवि योगेन्द्र प्रताप सिंह,चंदन सिंह राठौर, सौरभ सिंह, दिलीप प्रजापति, विनोद कुमार सिंह, अंशुमान सिंह,राम आधार मौर्य, सुजीत, श्त्रोहान बाजपेई सहित काफी संख्या में लोग साथ रहे।

### जरूरतमंदों को बाँटे गर्म कपड़े और कम्बल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला के द्वारा पिछले कई वर्षो से गरीब, बेसहारा, लाचार लोगों को सर्दी से बचाने के लिए एक विशेष मुहिम चला रही है उसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज जनपद के विभिन्न जगह पर नये पुराने पहनने योग्य कपड़ों व कंबल का वितरण किया गया। कई गाँवों के लोगों को नये, पुराने गर्म कपड़े व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कपड़े एवं कम्बल जिसमें लगभग कई हजारो जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किये गए और अति जरूरतमन्द सैकड़ो लोगों को नये पुराने पहनने योग्य कपड़े और कम्बल वितरित किये गए।

## 50 लाख से अधिक कीमत वाले निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद में निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी।

इस अवसर पर डीएम ने जलनिगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दें और समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, समयबद्धता तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले निर्माण कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें। यह भी कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनको हैण्डओवर कराने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का विलम्ब न किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ ऋषिराज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्यप्रकाश, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम शहरी, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि गण आदि मौजूद रहे।



## दुर्भावना के बोल

यूं तो मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत व इस छोटे द्वीपीय देश मालदीव के संबंध पटरी से उतरते नजर आ रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री के लक्षद्वीप दौरे के बाद उसके कुछ मंत्रियों के आपत्तिजनक बयानों ने आग में घी का काम किया। हालांकि भारत में जनमानस की तल्ख प्रतिक्रिया और भारत सरकार के कड़े रवैये के बाद मुइज्जू सरकार बैकफुट पर नजर आई है। लीपापोती की कवायद में जुटी मालदीव सरकार ने मंत्रियों के बयान से खुद को अलग करते हुए तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। लेकिन दशकों पुराने सौहार्द के संबंधों में वो गांठ पड़ गई है, जिसे जल्दी सुलझाना कठिन है। यह घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर भी अभूतपूर्व है। ऐसा पहले नहीं सुना गया कि एक देश के प्रधानमंत्री के खिलाफदिये गए आपत्तिजनक बयान के बाद किसी देश ने अपने तीन मंत्रियों को निलंबित किया हो। इस घटनाक्रम का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव के पक्ष में देश के आम लोग उठ खड़े हुए। प्रधानमंत्री पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद चार हजार भारतीयों ने मालदीव के होटलों की बुकिंग रद्द कराई और तीन हजार हवाई टिकटें कैंसिल की गई। निश्चित रूप से पर्यटन अर्थव्यवस्था वाले छोटे द्वीपीय देश मालदीव के लिये एक बड़ा झटका है। उल्लेखनीय है कि हर साल औसतन करीब दो लाख लोग घूमने मालदीव जाते हैं। जो मालदीव की आय का बड़ा जरिया है। बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया लक्षद्वीप यात्रा के बाद मालदीव सरकार की मंत्री मरियम शिउना और दूसरे नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद भारत में लोगों का पारा चढ़ा हुआ है और सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव की मुहिम चल रही है। यहां तक कि बड़े बॉलीवुड सितारे व नामचीन क्रिकेटर भी इस मुहिम में प्रतिक्रिया देते नजर आए। साथ ही भारत में खूबसूरत लोकेशन वाले द्वीपों की वकालत की जा रही है। दरअसल, मुस्लिम बहुल मालदीव के नये राष्ट्रपति मुइज्ज्ज़ू राष्ट्रपति बनने के बाद लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उन्होंने अपने चुनाव अभियान में 'इंडिया आउट' की मुहिम चलाई और वहां मदद के लिये तैनात भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के लिये अभियान चलाया। कुछ समझौते रद्द किये। राष्ट्रपति बनने के बाद वे सबसे पहले इस्लामिक देशों के ध्रुवीकरण में जुटे तुर्किये की यात्रा पर गये। उन्हें भारत विरोधी व चीन समर्थक माना जाता है। फिलहाल वे चीन की यात्रा पर हैं। ऐसे में खराब होते दोनों देशों के संबंधों को इन बयानों ने गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया। हालांकि, इस घटनाक्रम के बाद मालदीव में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है और विपक्षी नेता मालदीव सरकार से भारत के लोगों से माफी मांगने की बात कर रहे हैं।

इस हैवानियत के बाद किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए उठ कर खड़े होना, और अपने लिए इंसाफ की लंबी लड़ाई लड़ना आसान नहीं था।लेकिन बिल्किस बानो ने अपने पति के साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ी और आखिरकार मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत ने जनवरी 2008 में बिल्किस के 11 अपराधियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इन लोगों पर गर्भवती महिला का बलात्कार, हत्या और गैरकानूनी तौर पर एक जगह इक्कठा होने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में बिलकिस बानो को दो हफ्ते में 50 लाख रुपये मुआवजा, घर और नौकरी देने का आदेश दिया था। हालांकि तब गुजरात सरकार के वकील ने कहा था कि दस लाख रुपये का मुआवजा देना काफी होगा। इससे पहले गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो को पांच लाख रुपये का मुआवजा दे चुकी थी। बलात्कार, अपने सामने अपनी बच्ची की हत्या, अपने परिवारजनों की हत्या, ऐसे दर्द को सहना मामूली बात नहीं है। कोई भी मुआवजा बिल्किस बानो की जिंदगी 2002 के पहले वाले दिनों की तरह सामान्य नहीं कर सकता। जिंदगी में आगे संभलने में थोड़ी मदद मिल जाए, इस नजरिए से ही मुआवजे की व्यवस्था की गई है। लेकिन गुजरात सरकार यहां भी मोलभाव करती नजर आई।

# बिलकिस बानो को राहत, लेकिन कई सवाल बाकी



**सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में बिलकिस बानो को दो हफ्ते में 50 लाख रुपये मुआवजा, घर और नौकरी देने का आदेश दिया था। हालांकि तब गुजरात सरकार के वकील ने कहा था कि दस लाख रुपये का मुआवजा देना काफी होगा। इससे पहले गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो को पांच लाख रुपये का मुआवजा दे चुकी थी।बलात्कार, अपने सामने अपनी बच्ची की हत्या, अपने परिवारजनों की हत्या, ऐसे दर्द को सहना मामूली बात नहीं है। कोई भी मुआवजा बिल्किस बानो की जिंदगी 2002 के पहले वाले दिनों की तरह सामान्य नहीं कर सकता। जिंदगी में आगे संभलने में थोड़ी मदद मिल जाए, इस नजरिए से ही मुआवजे की व्यवस्था की गई है। लेकिन गुजरात सरकार यहां भी मोलभाव करती नजर आई। हालांकि बिल्किस पर अभी और अन्याय होना बाकी था।**

गुजरात 2002 के गुजरात दंगों में सामूहिक बलात्कार की शिकार बिल्किस बानो को एक लंबे वक्त के बाद फिर से इंसाफमिलने की उम्मीद जगी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार, 8 जनवरी को एक महत्वपूर्ण फैसले में बिल्किस बानो के दोषियों की जल्दी रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है। अदालत ने इस फैसले को सुनाते हुए कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी की हैं, जो भविष्य में न्याय की लड़ाई में राह दिखाने का काम करेगी। बिल्किस बानो पर आए फैसले से यह कड़वा तथ्य भी सामने आया है कि किस तरह सत्ता में बैठे लोग अपने सियासी फायदे के लिए कई बार अत्याचारियों पर मेहरबान होते हैं और पीड़ितों की ओर से आंखें फेर लेते हैं। हालांकि इस प्रकरण से कई जरूरी सवाल भी निकले हैं, जिनके जवाब ईमानदारी से सभ्य समाज को तलाशने होंगे, क्योंकि किसी महिला का बलात्कार करना और उसके दोषियों को सजा देने की जगह उनका स्वागत करना, समाज के बीमार होने की निशानी है। यह देश ऐसे बीमार समाज को एक लंबे वक्त से ढो रहा है। पाठक जानते हैं कि 2002 में गोधरा कांड के बाद गुजरात में जो दंगे भड़के थे, उसमें कई हजार जिंदगियां तबाह हो गई थीं। जो लोग दंगों में मारे जाने से बच गए, उनके जीवन से बाद के वक्त में धड़कनें गायब ही रहीं। अपनी ही जमीन पर धर्म के नाम पर एक पूरे समुदाय को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया और ढोल पीटा गया शाइनिंग गुजरात और शाइनिंग इंडिया का। इन दंगों में बिल्किस बानो के साथ उनके ही गांव के कुछ लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया, उनके सामने उनके परिवार के कई लोगों को मार दिया गया। इस हैवानियत के बाद किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए उठ कर खड़े होना, और अपने लिए इंसाफ की लंबी लड़ाई लड़ना आसान नहीं था।लेकिन बिल्किस बानो ने अपने पति के साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ी और आखिरकार मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत ने जनवरी 2008 में बिल्किस के 11 अपराधियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इन लोगों पर गर्भवती महिला का बलात्कार, हत्या और गैरकानूनी तौर पर एक जगह इक्कट्ठा होने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में बिलकिस बानो को दो हफ्ते में 50 लाख रुपये मुआवजा, घर और नौकरी देने का आदेश दिया था। हालांकि तब गुजरात सरकार के वकील ने कहा था कि दस लाख रुपये का मुआवजा देना काफी होगा। इससे पहले गुजरात सरकार ने बिल्किस बानो को पांच लाख रुपये का मुआवजा दे चुकी थी।बलात्कार, अपने सामने अपनी बच्ची की हत्या, अपने परिवारजनों की हत्या, ऐसे दर्द को सहना मामूली बात नहीं है। कोई भी मुआवजा बिल्किस बानो की जिंदगी 2002 के पहले वाले दिनों की तरह सामान्य नहीं कर सकता। जिंदगी में आगे संभलने में थोड़ी मदद मिल जाए, इस नजरिए से ही मुआवजे की व्यवस्था की गई है। लेकिन गुजरात सरकार यहां भी मोलभाव करती नजर आई। हालांकि बिल्किस पर अभी और अन्याय होना बाकी था। 2022 के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत बिल्किस के सभी दोषियों की समय से पहले रिहाई कर दी। लिहाजा बिल्किस को फिर अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इंसाफकी लड़ाई में एक बार फिर बिल्किस का सामना सत्ता के संरक्षण में फलती-फूलती अमानवीयता से हुआ। उसने अपने सामने अपने बलात्कारियों का स्वागत होते देखा, उन्हें संस्कारी कहते हुए सुना। बीमार समाज संस्कारों और अपराधों का फर्क नहीं कर पाया। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने बिल्किस बानो के हक में फैसला सुनाते हुए यह आदेश दिया है कि उसके सभी दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करें। यानी उन्हें फिर से जेल जाना होगा। यह लगभग वही समय होगा, जब देश राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार कर दिया गया होगा। राम का महात्म्य इसी में है कि उन्होंने सीता का हरण करने वाले रावण का वध किया। लेकिन क्या मौजूदा सरकार आज के रावणों को फिर से जेल में डालेगी, ये देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार के अपने फैसले में एक महत्वपूर्ण बात कही कि गुजरात सरकार ने जिस तरह रिहाई का आदेश दिया, वह दूसरे के अधिकार को हड़पने का मामला है। सजा माफी का अधिकार महाराष्ट्र सरकार के पास था, लेकिन रिहाई का आदेश गुजरात सरकार ने दिया। तो यहां सवाल ये उठता है कि क्या भाजपा अधिकार हड़पने वाली अपनी गुजरात सरकार पर कोई कार्रवाई नैतिकता के आधार पर करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि एक दोषी ने गलत तथ्यों को पेश कर याचिका दाखिल की थी, जो एक तरह का फ्रॉड था। ऐसे में सवाल है कि अगर अदालत के साथ इस तरह की धोखाधड़ी की जा सकती है, तो फिर आम आदमी के अधिकार कितने सुरक्षित हैं। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में गुजरात सरकार का रवैया विवादित था, इसलिए सुनवाई दूसरे राज्य में की गई। यानी शुरु से आखिर तक गुजरात सरकार किसी न किसी तरह सवालों के घेरे में है। तो फिर देश में जिस गुजरात मॉडल को प्रचारित किया गया है, वह कितना विश्वसनीय माना जा सकता है।

## विचार

# प्राण-प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर,बने हुए हैं दिल, दिमाग, डर और एहसान के मुद्दे

के रवीन्द्रन




**न्यायमूर्ति गोगोई की पीठ ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के रुख से भी हटते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से एक स्वामित्व विवाद है जिसे केवल अदालत के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर तय किया जाना आवश्यक है। किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिक मामलों पर विचार करने के लिए अदालत ने 1528 से आगे देखा, जिस वर्ष बाबरी मस्जिद का निर्माण किया गया था। तथ्य यह है कि अतीत वर्तमान को परेशान कर रहा है**

माना जाता है कि प्रत्येक अदालत का फैसला भय या पक्षपात और स्नेह या द्वेष के बिना दिया जाता है, लेकिन भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा अयोध्या राम मंदिर भूमि फैसले पर प्रदान की गई अंतर्दृष्टि से पता चलता है कि कैसे कुछ अस्वीकृत प्रवृत्तिया राम मंदिर मामले के अंतिम निर्णय में भी प्रविष्ट हो गई। राम मंदिर के अभिषेक में अब कुछ ही दिन बाकी हैं, ऐसे में भाजपा को छोड़कर हर राजनीतिक दल को इसी दुविधा से जूझना पड़ रहा है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने पिछले दिनों बताया कि पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ के सदस्यों में इस बात पर रजामंदी के बाद के फैसले को अदालत की एकीकृत आवाज के रूप में पेश किया जाये, उस ऐतिहासिक फैसले के लेखकत्व को गुमनाम रखने का फैसला क्यों किया गया, बजाय इसके कि इसे किसी न्यायाधीश द्वारा दिया गया फैसला कहा जाये। ध्यान रहे कि वर्तमान न्यायाधीश चंद्रचूड़ भी उन पांच न्यायाधीशों में एक थे जिन्होंने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के नेतृत्व में फैसला सुनाया था। इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, देश के इतिहास पर आधारित विविध दृष्टिकोण हैं और जो लोग पीठ का हिस्सा थे, उन्होंने फैसला किया कि यह अदालत का फैसला होगा। अदालत एक स्वर से बात करेगी और ऐसा करने का विचार यह स्पष्ट संदेश देना था कि हम सभी न केवल अंतिम परिणाम में बल्कि फैसले में बताये गये कारणों में भी एक साथ खड़े हैं, सीजेआई ने कहा। लेकिन उन्होंने इस बारे में और कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

जाहिर है, यह डर था कि व्यक्तिगत लेखकत्व अच्छा नहीं होगा, खासकर उन वर्गो के साथ जो एक अलग परिणाम की इच्छा रखते होंगे। ऐसा कोई तरीका नहीं है कि फैसले से विवाद के प्रत्येक पक्ष को समान रूप से प्रसन्नता हुई होगी। पीठ के सामने आस्था, साक्ष्य, इतिहास, धर्म और राजनीति के मामलों से जुड़े असंगत हितों को संतुलित करने का लगभग असंभव कार्य था। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि फैसला भविष्य के लिए एक खाका प्रदान करता है कि अतीत की कथित या वास्तविक गलतियों को ठीक करने के लिए वर्तमान का उपयोग कैसे किया जाये। यह इस संदर्भ में है कि एकल सर्वसम्मत निर्णय मौजूदा स्थिति में और अधिक महत्व और प्रासंगिकता को जोड़ता है।पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान व्यक्त किये गये अपने दृष्टिकोण में निरंतरता बनाये रखी, जिसमें 38,147 पृष्ठों में फैले 11,500 अभिलेखों की जांच शामिल थी, कि अयोध्या भूमि विवाद केवल संपत्ति के बारे में नहीं था, यह दिमाग, दिल और जख्म को भरने के प्रति उपचारात्मकता के बारे में भी था। इसने स्पष्ट रूप से मुद्दे के अतिरिक्त आयामों को स्थापित किया, जिन पर पहले मामले की सुनवाई करने वाली विभिन्न अदालतों द्वारा पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया था। इस संबंध में, न्यायमूर्ति गोगोई की पीठ ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के रुख से भी हटते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से एक स्वामित्व विवाद है जिसे केवल अदालत के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर तय किया जाना आवश्यक है। किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिक मामलों पर विचार करने के लिए अदालत ने 1528 से आगे देखा, जिस वर्ष बाबरी मस्जिद का निर्माण किया गया था। तथ्य यह है कि अतीत वर्तमान को परेशान कर रहा है, तथा कांग्रेस सहित राजनीतिक दल, भव्य रूप से निर्मित मंदिर परिसर में राम की मूर्ति के अभिषेक में भाग लेने की मजबूरी और सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा इसे 2024 के संसदीय चुनावों में इसे राजनीतिक पूंजी बनाने के निर्लज्ज प्रयासों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने की आवश्यकता के बीच फंसे हुए हैं। गोगोई की पीठ ने कहा कि मामला सिर्फ1,500 वर्ग फुट जमीन का नहीं, बल्कि गहरी भावनाओं का है।

इस मुद्दे को इसकी गंभीरता और जनता की भावनाओं तथा देश की राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति नजरंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा, जो हो चुका है उसे हम पलट नहीं सकते लेकिन वर्तमान क्षण में जो मौजूद है उसमें हम आगे बढ़ सकते हैं। वह बिल्कुल नया दृष्टिकोण था। 1994 के इस्माइल फारूकी मामले में सुलझाये गये मुद्दे को फिर से खोलने से अदालत के इंकार से मुस्लिम पक्षों का रुख नरम हो गया था कि मस्जिद इस्लाम में पूजा का एक अनिवार्य हिस्सा नहीं है और नमाज खुले में भी पढ़ी जा सकती है। इससे एक ही बार में पहेली की कई गांठें कट गई। प्रासंगिक पहलू के बारे में अदालत के व्यापक दृष्टिकोण का समान प्रकृति के अन्य मामलों पर भी प्रभाव पड़ता है। इसका तात्पर्य यह है कि मुद्दों को इसके संदर्भ से अलग करके नहीं माना जा सकता है और इसमें ऐसे कारक शामिल होते हैं जिन्हें अब तक अप्रासंगिक माना जाता था। अयोध्या मामले में दृष्टिकोण भविष्य के लिए एक आदर्श बन सकता है। जाहिर तौर पर, मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद स्थल के मामले में भी यही स्थितियां मौजूद हैं, जिसे हिंदू भगवान कृष्ण की जन्मभूमि के रूप में दावा करते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस सप्ताह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ एक अपील खारिज कर दी, जिसमें मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्मभूमि के रूप में मान्यता देने और मस्जिद को हटाने की मांग की गई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पहले ही कृष्ण मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए एक आयोग की नियुक्ति की अनुमति दे दी है।

## भारत में आर्थिक असमानता में कमी आई

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां भारत की हर स्थिति परिस्थिति व गतिविधि पर नजर लगाए हुए हैं क्योंकि हर क्षेत्र में भारत विकास का झंडा लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें से 5वें नंबर पर आकर अब तीसरे नंबर की ओर बढ़ रहा है जिसका जीता जगता सबूत नीति आयोग द्वारा पिछले 5 वर्ष में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के ऊपर उठने की रिपोर्ट और अब दिनांक 8 जनवरी 2024 को देर शाम एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट में भारत में आर्थिक असमानता में कमी मध्यम वर्गीय लोगों का विकास आईटी रिटर्न भरने में तीन गुना ऊछाल सहित अनेक बातें अपनी रिपोर्ट में अनेक आधारों का विस्तृत उल्लेख कर बताया है। परंतु अगर हम स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 2023 की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट याने दावोस रिपोर्ट को देखें तो असमानता बड़ी हुई है ठीक उसी तरह अगर हम अंतरराष्ट्रीय रिसर्च एजेंसियों की रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट उठाकर देखें तो हर साल की रिपोर्ट में भारत की स्थिति का आकलन बहुत कम होता है यही कारण है की सूची में भारत बहुत पिछड़ा नजर आता है अनेक रीसर्च रिपोर्ट्स पर भारत ने नाराजगी भी व्यक्ति की है। खैर इस बात की तस्वीर हमें मिशन 2047 की दिशा में बढ़ते कदमों से आभास हो जाएगा कि हम अगड़े हैं या फिर पिछड़े। परंतु मेरा मानना है कि हम अपने लक्ष को लेकर बेहद संजादिगी और विश्वास से आगे बढ़ रहे हैं जो आगे चलकर दुनियां देखेगी क्योंकि ऐसे हम दिखाने में नहीं काम करने में विश्वास रखते हैं। चूंकि एसबीआई की 8 जनवरी 2024 की हालिया रिपोर्ट विकसित भारत की ओर बढ़ रहे परिणाम की सफलता की पुष्टि करती है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे एसबीआई रिपोर्ट को देखें तो टारगेट विकसित भारत में सक्रियता परंतु दावोस रिपोर्ट 2023 को देखें तो स्थिति विपरीत फिर भी हम लक्ष्य प्राप्ति में आगे हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 8 जनवरी 2024 को देर शाम जारी एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट की करें तो स्टेट बैंक ऑफइंडिया ने भारत के लोगों की आय पर रिसर्च किया है। नए अध्ययन से पता चला है कि हाल के वर्षों में लोगों की आय में असमानता कम हुई है और आमदनी बढ़ रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय मिडिल क्लास की स्थिति मजबूत हो रही है जिसके वजह से यह संभव हो पाया है। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक ने अपने एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया है।



## राशिफल

**मेष:-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

**वृषभ:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुन:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा,

**कर्क:-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह:-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**तुला:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर:-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभ:-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा और पदोन्नति के योग हैं।

**मीन:-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान या राजनीतिक-चुनावी ईवेंट

राजेंद्र शर्मा



**राजनीतिक-चुनावी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मोदी और संघ-भाजपा की राम मंदिर बनाने वाले की छवि गढ़ना भी काफी नहीं है। इसके लिए, आम तौर पर इस मंदिर के बनने और खासतौर पर इसके उद्घाटन की ईवेंट का अधिकतम प्रचार करना भी उतना ही जरूरी है। और यही प्रचार, शासन पर ही नहीं मीडिया पर भी अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के सहारे तो संघ-भाजपा द्वारा किया ही जा रहा है, इसके साथ ही धार्मिक भावनाओं को भुनाने में अपनी सारी संगठित ताकत झोंकने के जरिए भी किया जा रहा है। जनवरी की शुरूआत से संघ-भाजपा ने बाकायदा राम मंदिर के नाम पर मुहिम का अपना कैलेंडर ही जारी नहीं कर दिया है, इसमें देश भर में सभी हिंदू मंदिरों को लपेटने और ज्यादा से ज्यादा हिंदुओं को समेटने का भी इंतजाम कर दिया है।**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के उद्घाटन को, जिसे तकनीकी रूप में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन कहा जा रहा है, एक खुल्लमखुल्ला राजनीतिक और उसमें भी चुनावी ईवेंट बना दिया गया है। यह सब इतनी अशोभन नंगई से हो रहा है कि चार-चार पीठों के शंकराचार्यों ने खुलकर इसके खिलाफ आवाज उठाना और इस ईवेंट के बहिष्कार की घोषणा करना जरूरी समझा है। बेशक, उनके इस फैसले के कारण अलग-अलग हैं। इनमें, अभी अधबने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के औचित्य से लेकर, इस आयोजन के समय तक पर आपत्तियां शामिल हैं। लेकिन, उनकी आपत्तियों में एक केंद्रीय तत्व, इस आयोजन के संघ-भाजपा द्वारा खुल्लमखुल्ला राजनीतिक-चुनावी इस्तेमाल का है। जाहिर है कि इसके साथ, हिंदू धार्मिक परंपरा में सर्वोच्च पद का दावा करने वाले शंकराचार्यों की इसकी चिंता भी शामिल है कि कथित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के केंद्र में प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी को बैठा दिया गया है, जिसे वे एक धार्मिक आयोजन में अपने सर्वोच्च स्थान के अपहरण की तरह देखते हैं। बेशक, शंकराचार्यों के इस बहिष्कार से 22 जनवरी के प्रस्तावित ईवेंट की चमक-दमक पर शायद ही कोई फर्क पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि अव्वल तो हिंदू धार्मिक परंपरा का जितना ज्यादा फैलाव है, उसमें उतनी ही ज्यादा विविधता है। इसका एक नतीजा यह भी है कि सर्वोच्चता के अपने-अपने दावों के बावजूद, शंकराचार्यों की भी ऐसी खास सर्वस्वीकृत सत्ता नहीं है, जैसी कि मिसाल के तौर पर ईसाई परंपरा में पोप की मानी जाती है।

दूसरे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके राजनीतिक बाजुओं ने, हिंदू धर्म की अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल आदि, आदि के जरिए ही नहीं, संतों-महंतों के बीच अपने समर्थक समूह खड़े करने के जरिए भी, और खासतौर पर अयोध्या के मंदिर-मस्जिद विवाद के जोर पकड़ने के लिए साथ-साथ, परंपरागत हिंदू धार्मिक परंपरा को और कमजोर किया है तथा बहुत हद तक अपनी राजनीतिक-धार्मिक परंपरा से प्रतिस्थापित कर दिया है। इसी का नतीजा, यह कथित प्राण प्रतिष्ठा ईवेंट है, जिसके केंद्र में नरेंद्र मोदी और उनके अगल-बगल मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ होंगे। कुल पांच में से तीन, राजनीतिक नेता और वह भी सांप्रदायिक ब्रांड की राजनीति के नेता। हैरानी की बात नहीं है कि इस राजनीतिक-धार्मिक ईवेंट का दोहन, सिर्फ इसी तक सीमित नहीं रहने दिया गया है कि धर्मनिरपेक्ष राज्य के प्रधानमंत्री पद की मर्यादाओं को पूरी तरह से तार-तार करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी इस कर्मकांड के मुख्य होता ही नहीं बन बैठे हैं बल्कि बड़ी दीदा-दिलेरी से सत्ताधारी पार्टी के प्रचार में उन्हें उंगली पकड़कर रामलला को लाते हुए दिखाया भी जा रहा है। और किसी गफलत की गुंजाइश न छोड़ते हुए, यह साफ-साफ चुनावी नारा भी लगाया जा रहा है कि, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे! मकसद एकदम साफ है। नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी की मंदिर बनाने वालों की छवि बनानी है, ताकि आने वाले चुनाव में उसे खासतौर पर भुनाया जा सके। इस मकसद के सामने, इस तरह के तथ्यों के लिए कोई जगह ही नहीं है कि अयोध्या में मंदिर, अंततः सुप्रीम कोर्ट फैसले के आधार पर बना है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही निर्देशित कमेटी द्वारा उसे बनाया गया है, न कि किसी सरकार द्वारा जिसमें मोदी सरकार भी शामिल है। लेकिन, इस राजनीतिक-चुनावी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मोदी और संघ-भाजपा की राम मंदिर बनाने वाले की छवि गढ़ना भी काफी नहीं है। इसके लिए, आम तौर पर इस मंदिर के बनने और खासतौर पर इसके उद्घाटन की ईवेंट का अधिकतम प्रचार करना भी उतना ही जरूरी है। और यही प्रचार, शासन पर ही नहीं मीडिया पर भी अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के सहारे तो संघ-भाजपा द्वारा किया ही जा रहा है, इसके साथ ही धार्मिक भावनाओं को भुनाने में अपनी सारी संगठित ताकत झोंकने के जरिए भी किया जा रहा है। जनवरी की शुरूआत से संघ-भाजपा ने बाकायदा राम मंदिर के नाम पर मुहिम का अपना कैलेंडर ही जारी नहीं कर दिया है, इसमें देश भर में सभी हिंदू मंदिरों को लपेटने और ज्यादा से ज्यादा हिंदुओं को समेटने का भी इंतजाम कर दिया है। कोरोना के दौरान मोदीजी द्वारा लोगों को बार-बार दिए गए टास्कों से इशारा लेकर, सभी हिंदू मंदिरों, हिंदू परिवारों के लिए, 22 जनवरी के लिए और उससे पहले के लिए टास्क तय कर दिए गए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# नमो एप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को भी होगा बहुत लाभ : विधायक

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित किए गए नमो एप शिविर में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने छात्र छात्राओं को जागरुक किया। उपस्थित छात्र छात्राओं को जागरुक करते हुए विधायक ने कहा कि नमो एप मोबाइल में डाउनलोड करने से केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी विकास परख जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की आवश्यक जानकारियां आसानी से प्राप्त हो सकेंगी और इन सभी योजनाओं का लाभ संबंधित पात्र महिला पुरुष ले सकता है। उन्होंने कहा कि नमो एप के माध्यम से छात्र छात्राओं को भी बहुत लाभ होगा। छात्र छात्राओं के हित में सरकार द्वारा जो योजनाएं चलायी जा रहीं हैं, उनकी समुचित जानकारी एक क्लिक में प्राप्त हो सकेगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 जातियों के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर हैं जिनकी जानकारी नमो एप के माध्यम से आसानी से प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान विधायक ने उपस्थित छात्र छात्राओं से शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल जबाब भी किए और उन्होंने पूर्ण मनोयोग से विद्या अर्जित कर नाम रोशन करने का आह्वान किया।

महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ टीआर निरंजन, शिक्षक डॉ. मनोज तिवारी, ओपी यादव, महेंद्र नाथ, भूपेंद्र त्रिपाठी, हरिश्चंद्र तिवारी, लवकेश, सुनील बाबू, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक सुधीर अवस्थी ने किया।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर किसान यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन जिला अध्यक्ष खलील शाह के नेतृत्व में मंगलवार को श्रीदत्तगंज ब्लाक परिसर में किसानों ने प्रदर्शन किया। और जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र बीडीओ सुमित सिंह को सौंपा। खलील शाह ने कहा कि विकास खंड के रामपुर भगनहा में स्थित मजरा राम किशुनडीह में जगराम के घर के पास लगे इण्डिया मार्का नल का बनाया गया चबूतरा तीसरे दिन ही धराशाई हो जाने की शिकायत करने के बाद भी मरम्मत नहीं कराया गया।

परिवार रजिस्टर में 40 वर्ष पूर्व में जो नाम अंकित किया गया था। उसमें से मृतको को अभी तक मृतनहीं दर्ज नहीं गया है।

# मौसम बिगड़ने से किसानों की बढ़ी चिंता

- कड़ाके की सर्दी ने गरीबों की और बढ़ा दी हैं मुश्किलें

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार की सुबह शुरू हुई बूंदाबांदी के बीच कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हो गई जिससे ठिठुरन बढ़ी है और किसानों में दहशत है। इस कड़ाके की सर्दी ने गरीबों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण आधे दिन तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और तमाम सरकारी कार्यालयों से लेकर बैंकों, बस स्टैंड आदि सार्वजनिक स्थलों पर इक्का दुक्का लोग ही नजर आए जो जलते अलावों के सहारे ठंड से निजात पाने की कोशिश करते देखे गए। इस छिटपुट बूंदाबांदी से उन किसानों के चेहरे जरूर खिल गए जिन्होंने अपने खेतों में गेहूं, चना, सरसों, मसूर या सफेद मटर बोई है। जानकारी के मुताबिक लौना, कुंवरपुरा, गोरा, सिकरी खकल आदि गांवों से ओलावृष्टि की खबरें मिली हैं। इन गांवों में लगभग डेढ़ हजार हैक्टेयर में हरी मटर की फसल बोई गई है। इधर, बूंदाबांदी शुरू होते ही कोंच में उरई रोड स्थित 33/11 विद्युत सब स्टेशन ब्रेक डाउन हो गया जिससे बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई और लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ा।



### ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों का लेखपाल करेंगे सर्वे

**कोंच।** एसडीएम अतुल कुमार का कहना है कि लेखपालों से सर्वे कराया जा रहा है कि किन किन गांवों में ओले गिरे हैं और फसल खराब हुई हैं। जहां भी ओलावृष्टि से फसल खबर हुई होगी वहां के किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। किसान अपनी फसल के नुकसान की शिकायत टोल फ्री नंबर पर दर्ज कराएं। किसान 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी, संबंधित बैंक, स्थानीय कृषि विभाग, सरकार, जिला अधिकारियों या टोल फ्री नंबर 1800 200 7710 के माध्यम से या राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

### ओलावृष्टि से हरी मटर की फसल में नुकसान की आशंका

**कोंच।** किसान राममोहन रिछारिया का कहना है कि एक ओर जहां सफेद मटर, गेहूं, सरसों आदि की फसलों को फायदा पहुंचा है तो वहीं दूसरी ओर हरी मटर की फसल में नुकसान होने की आशंका है। अधिकांश गांवों में हरी मटर की फलियां दाने से भर गई हैं या भरने वाली हैं। इस बारिश के कारण खेतों में अधिक नमी हो जाने के चलते अब नीचे की ओर झुककर मिट्टी के संपर्क में आकर फली खराब हो सकती है।

जिन खेतों में फलियों के अंदर दाने भरने में अधिक देरी है वहां सर्दी से उत्पन्न कीटाणु फलियों में लगने का डर किसानों को सता रहा है।

# रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने से मना किया तो दबंगों ने की मारपीट

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

- तहरीर मिलते ही पुलिस ने आरोपियों पर किया मुकदमा दर्ज
- घर के सामने आम रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा कर देते हैं

घर के बाहर रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने से मना करने पर चार लोगों ने महिला समेत परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनई परवई निवासी संजू देवी ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के देवेंद्र कुमार के पास ट्रैक्टर है। वह घर के सामने आम रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा कर देते हैं। आम रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने से निकलने में दिक्कत होती है। जब उन्होंने ट्रेक्टर मालिक से आम रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने से मना किया तो देवेंद्र कुमार, प्रकाश व उनके दो पुत्र मंजेश व विदेश गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। जब बचाने के लिए उनके पति सुभाष, जेठ विक्रम व जेठानी रजनी आई तो इन चारों लोगों उनके साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर गांव के अन्य लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# फर्राटा भरते तीन ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

सोमवार की रात एसडीएम ने औरैया मार्ग से जा रहे बालू के 3 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ लिया। जरूरी प्रपत्र न मिलने पर एसडीएम ने उन्हें कोतवाली में खड़ा कराया।

नगर से लगातार बालू के ओवरलोड ट्रकों का संचालन हो रहा है। रात के समय लगातार ओवरलोड ट्रकों से बालू की ढुलाई चल रही है। ओवरलोडिगं पर परिवहन विभाग व खनन विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद भी रोक नहीं लग पा रही है। सोमवार की रात एसडीएम सुशील कुमार को सूचना मिली की औरैया मार्ग से ओवरलोड बालू के ट्रक निकल रहे हैं।

सूचना मिलने पर एसडीएम औरैया मार्ग पर छत्रसाल इंटर कालेज के पास पहुंच गए और बालू के जा रहे तीन ओवरलोड ट्रकों को रूकवा लिया। ट्रक चालकों से रायल्टी के पेपर मांगे तो उन्होंने राजस्थान की रायल्टी के पेपर दिखाए। रायल्टी के पर संदेह होने पर जानकारी की गई तो संदेह सही निकला गया। इसके अलावा अन्य दो ट्रकों से उचित दस्तावेज न मिलने पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को सूचना देकर तीनों ट्रकों को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। है इस बाबत एसडीएम सुशील कुमार ने बताया कि औरैया मार्ग से तीन ओवरलोड बालू के ट्रकों को पकड़ा है संबंधित विभाग को सूचना देकर ट्रकों को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।



ओवरलोड वाहनों की चेकिंग करते एसडीएम।

## दौलतपुर में तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण हेतु जमीन चिन्हित

**जालौन (उरई)।** ग्राम समाज की जमीन पर ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण होना है। लेकिन चिन्हित की गई जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर के प्रधान राजेश कुमार ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत उनके गांव को मॉडल ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। चयन के उपरांत गांव में साफ–सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने और कूड़े कचरे के निपटान के लिए गांव में ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण किया जाना है। इसके लिए लेखपाल ने ग्राम पंचायत की भूमि गाटा संख्या 105 का चयन किया है। इस भूमि के चिन्हीकरण के साथ ही पैमाइश भी करा ली गई है। अब वहां केंद्र के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करनी है। लेकिन चिन्हित की गई भूमि पर गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से अतिक्रमण किए हुए हैं। जिसके चलते निर्माण प्रक्रिया शुरू करने में दिक्कत आ रही है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम से चिन्हित की गई भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ताकि इस स्थान पर अपशिष्ट केंद्र के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सके।

## खबरें एक नजर में

### मृतक परिजनों को सभी खननकर्ताओं से मिली नगद धनराशि

**ओबरा।** सोनभद्र के ओबरा खनन बिल्ली मारकुंडी के 8 जनवरी को दोपहर 3 बजे चालक स्व. हंसलाल निवासी खुटिया की गंगा खादान में लगभग 500 फिट ऊपर से अचानक टिपर सहित गिर जाने से मौत हो गयी है। योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक ने बताया कि मौके पर खदान संचालक के माध्यम से दुर्घटना होने के बावजूद भी कई घण्टे कार्य भी चला जो मानवता को शर्मसार करती है। पाठक ने मौंके पर पहुचकर थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित अधिकारियों को कॉल किया जिसमें पुलिस के जवानों ने काफी मेहनत रात्रि लगभग 7 बजे शव को निकाला। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के संयोजक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक महाराज ने बताया कि मृतक के परिजनों के साथ खान अधिकारी के खिलाफ मुकदमा कराएंगे तथा , खान सुरक्षा सप्ताह में हुई अधिकारियों के लापरवाही से मृत्यु मानक के विपरीत हो रहा है खनन , मजदूरों की कोई सुरक्षा नही है। जबकि मौके पर ही खनन विभाग का कोई अधिकारी न पहुचा 8 घण्टे की जद्दोजहद में रात्रि 11 बजे मृतक परिजनों को सभी खननकर्ताओं से आठ लाख पचास हजार का नगद धनराशि मिली और शव को रात्रि में ही अत्यन्त परीक्षण के लिए चला गया।

### सिंगरौली की टीम ने सुपर स्टार राबर्टसगंज को हराया

**दुद्धी,सोनभद्र समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्रीडांगन मैदान पर चल रहे 37 वॉ अन्तर्राजीय टूर्नामेंट में मंगलावर की मैच सिंगरौली और सुपरस्टार राबर्ट्सगंज के बीच खेला गया। टॉस सिंगरौली के कप्तान दिनेश ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सुपरस्टार राबर्ट्सगंज के टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 192 रन बनाये। जिसमे विनम्र ने 65 रन, आशुतोष ने 35 रन तथा बृजेश ने 28 रन बनाया। गेंदबाज़ी करते हुए सिंगरौली विशाल सिंह और दिनेश ने 2-2 विकेट अर्जित किया। इसके आलावा विपिन और सुजीत ने 1-1 विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए सिंगरौली की टीम ने 19.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 194 रन बनाये। जिसमें बरुन ने नाबाद 80 रनों की पारी खेली।इसके अलावा सुजीत ने 37 रन तथा मुनुनजा ने 32 रन का योगदान दिया। गेंदबाज़ी करते हुए सुपरस्टार राबर्ट्सगंज टीम के खिलाड़ी अनुराग ने 3 विकेट तथा नितिन ने 1 विकेट हासिल किया। इस तरह से सिंगरौली की टीम ने सुपरस्टार राबर्ट्सगंज की टीम को 4 विकेट से पराजित कर सेमी फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### भाविप 12 को मनायेगा स्वामी विवेकानंद की जयंती

**कोंच, जालौन।** स्वामी विवेकानंद की जयन्ती भारत विकास परिषद द्वारा 12 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे स्थानीय दरिद्र नारायण सेवा समिति के भवन में धूमधाम के साथ मनायी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए परिषद के अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता ने बताया कि जयन्ती कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता मुख्य अतिथि और सेवानिवृत्त आईआरएस शंभूदयाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संत महेश्वरानंद मुख्य वक्ता रहेंगे। श्रीगुप्ता ने बताया कि विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नव युवक युवतियों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने परिषद से जुड़े सभी सदस्यों सहित नागरिकों से जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

## औरेखी के किसान ने एसडीएम से मांगा बोरिंग का मुआवजा

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण के समय अधिग्रहण की गई जमीन में बोरिंग लगी थी। अधिग्रहण के समय मुआवजा देने की बात कही गई थी। लेकिन अब तक किसान को मुआवजा नहीं मिला है। पीड़ित किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बोरिंग का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी जयप्रकाश श्रीवास्तव ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी कृषि भूमि मौजा औरेखी में स्थित थी। जिसमें सिंचाई के लिए उन्होंने बोरिंग भी कराई थी। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण के समय उनकी भूमि का अधिग्रहण किया गया। जिसमें 26 मार्च 2019 को उन्होंने बैनामा कर दिया था।

# विद्युत पोल गिरने से 72 घंटे से तीन गांवों की बिजली ठप

- परेशान ग्रामीणों ने डीएम से लगाई लाइन दुरुस्त की मांग की

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

उरई रोड से रूरा मल्लू गांव के रास्ते में गांव में जाने वाली मेन लाइन का खंभा गिरने से तीन दिनों से गांव की लाइट ठप पड़ी है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने डीएम से खंभे व लाइन को दुरुस्त कराने की मांग की है।

उरई जालौन फोर लेन से ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू की सड़क मिलती है। इसी सड़क के साइड में होकर गांव के लिए बिजली की लाइन पहुंचाई गई है। इस सड़क पर बंबा के आगे सीमेंट से बना बिजली का एक पोल तीन दिन पूर्व गिर गया था। पोल गिरकर सड़क के किनारे खड़े पेड़ों पर टिक गया है। जिससे रास्ता तो बंद नहीं हुई है लेकिन हादसे का डर बना हुआ है। तेज हवा चलने पर पोल नीचे भी गिर सकता है। पोल गिरने से उस पर लगी बिजली की केबिल भी क्षतिग्रस्त होकर पेड़ों में ही उलझी पड़ी है। पोल गिरने व लाइन क्षतिग्रस्त होने से गांव की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है। तीन दिन से गांव में बिजली न आने से गांव के लोग परेशान हो गए हैं। गांव के घरों में लगे इंवर्टर भी जबाव दे गए हैं। लोग मोबाइल फोन चार्ज न होने से लोग जरूरी कॉल के लिए भी परेशान हैं। गांव के कुलदीप परिहार, उपेंद्र, बॉबी, रामू, देव सिंह, साहिल, सुमित, शिवानंद, प्रमोदपाल, कृष्णपाल आदि ने बताया कि तीन दिन पूर्व बिजली का पोल गिरने से गांव में बिजली चली गई थी। तीन दिन से ग्रामीण रात में अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। सर्दी का मौसम चल रहा है गांव में अंधेरा रहने से चोरी का भी डर बना रहता है। बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी अब तक कोई सुध नहीं ली गई है। खंभा जस का तस पेड़ों से लटककर झूल रहा है। तेज हवा चलने पर खंभे के गिरने से हादसे का भी डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने डीएम राजेश पांडेय से मांग की है कि जनहित को देखते हुए गिरे हुए बिजली के पोल के स्थान पर नया खंभा लगवाया जाए और बिजली की केबल दुरूस्त कर गांव में बिजली व्यवस्था बहाल कराई जाए। इस बाबत जेई पीराम ने बताया कि सुबह बारिश के चलते काम शुरू नहीं हो पाया था। बारिश बंद होने के बाद काम चालू करा दिया गया है। काम पूरा होते ही बिजली आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।



सड़क किनारे गिरा बिजली का पोल।

## मेले में हार-जीत की बाजी लगाते जुआड़ी गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** सोमवार देर शाम पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम रायड़ दिवारा में आयोजित मेले के दौरान हारजीत की बाजी लगा रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से लगभग 8450 रुपये की नगदी भी बरामद हुई है। लगता है कि क्षेत्र में जुआ का खेल रोजगार बन गया है तभी तो एक सप्ताह में 4 जगहों पर छापामार कर लगभग डेढ़ दर्जन जुआरी पकड़े जा चुके हैं लेकिन इसके बाद भी इस सामाजिक बुराई का अंत अभी नहीं हुआ है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार सोमवार की देर शाम हल्का प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार यादव को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्राम रायड़ में आयोजित मेले के दौरान जुआ का खेल हो रहा है जिसको संज्ञान लेकर दविश दी गयी तो मौके पर राम अवतार पुत्र हरीराम ग्राम रायड़ दिवारा कालपी, कुंवरपाल उर्फ रामशंकर पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम रायड़ दिवारा कालपी, दिनेश पुत्र यदुनाथ निवासी ग्राम धमना थाना कालपी, मानसिंह पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम धमना कालपी, राजू उर्फ राजेन्द्र पुत्र गहरु निवासी रामगंज कालपी, जगदीश पुत्र चुन्नूवाद निवासी ग्राम बैरी थाना कुरारा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से मालफड़ 4400 रुपया व 52 अदद ताश तथा जामातलाशी में 4050 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ13 जी जुआ एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

# भाजपा विधायक के आवास पर बैठक हुई सम्पन्न



**उतरौला/बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा के आवास पर जिला प्रभारी एवं अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राहुल रस्तोगी ने कार्यकर्ताओं की बैठक की भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने जिला प्रभारी राहुल रस्तोगी को अंगवस्त्र व चित्र भेंट करके उनका स्वागत किया इस दौरान जिला प्रभारी राहुल रस्तोगी ने बूथ सशक्तिकरण सत्यापन एवं नमो ऐप ,सरल ऐप को डाउनलोड अधिक से अधिक कराने के विषय पर चर्चा की इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सीबी माथुर,जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल,जनक राम मौर्य,रोहित गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पीले चावल, पत्रक बांटे

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

जालौन सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के विभिन्न मोहल्लों में प्रभू श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों को आमंत्रित करने के लिए पीले चावल और पत्रक बांटे। इस दौरान 22 जनवरी को दीपावली की तरह मनाने की अपील की गई।

नगर मोहल्ला खंडेराव, नया खंडेराव आदि मोहल्लों में आयोध्या से आए निमंत्रण में पूजित अक्षत, प्रभु श्रीराम का चित्र और पत्रक का वितरण किया गया। पत्रक में खासतौर पर अपील की गई है कि लोग प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या ना पहुंचें। बल्कि 22 जनवरी को मंदिरों में जाएं और पूजा अर्चना करें। घर और मंदिर को दीपोत्सव की तरह ही सजाएं और शाम को घरों में और घर के बाहर दीप जलाएं। इस दौरान अखंड रामायण पाठ, रामधुन, संकीर्तन का आयोजन अपने घरों और मंदिरों में करें।

उधर, ग्राम उदोतपुरा में भी पूजित अक्षत का घर घर जाकर वितरण किया गया और गांव के लोगों से अपील की गई प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों को दीपावली की तरह सजाएं और घरों व मंदिरों में दिये जलाएं। इस मौके पर जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष राम शरण विश्वकर्मा, रामेंद्र सिंह, राहुल निरंजन, शिवकुमार, महेंद्र सोनी, धीरज साहू, मंडल पालक प्रदीप चौहान, समन्वयक कैलाश बाबू वर्मा, राजू चौहान, श्याम पाल, अहवरन, रामजी चौहान, तन्नू चौहान, राधेसिंह चौहान, मनू, दीपू राजावत, संदी सिंह, जितेंद्र बाबूजी, वीरेंद्र बब्बा आदि मौजूद रहे।



पूजित अक्षत व पत्रक का वितरण करते रामशरण विश्वकर्मा

# एसडीएम उतरौला से की पीड़ित ने रास्ता निर्माण कराने की मांग



**उतरौला/बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

उतरौला ग्रामीण के मजरा गुरुदयाल डीह निवासी सौरभ गुप्ता ने समाधान दिवस में अर्जी देकर हीरालाल व प्रार्थी के मकान से होते हुए अनुदान श्रीवास्तव के मकान तक रास्ता निर्माण कराए जाने का मांग किया है। उन्होंने बताया कि घर तक आने जाने हेतु खेत के बराबर पगडंडी छूटी हुई है। लेकिन अभी तक इस पगडंडी पर सड़क निर्माण नहीं करवाया गया है। बरसात के समय यहां जल भराव हो जाता है, जिससे यहां के लोगों को पैदल तथा मोटरसाइकिल से आवागमन करना संभव नहीं है। किसी प्रकार का सामान लाना या ले जाना बहुत मुश्किल है। ऐसी दशा में सड़क का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**मांग** — पेंशन बहाली को लेकर रेलकर्मियों ने की हड़ताल

# मंडल यातायात प्रबंधक ने जूस पिलाकर किया समापन

**चोपन/सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**



ऑल इन्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन तथा ईसीआरकेयू के निर्देशानुसार पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर ईसीआरकेयू चोपन शाखा - 1 द्वारा चोपन स्टेशन के 01 नंबर प्लेटफार्म पर मंगलवार को सुबह 10 बजे से संध्या 05 बजे तक ÷भूख हड़ताल सह धरना प्रदर्शन÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से युवा रेलकर्मियों ने बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। इस भूख हड़ताल कार्यक्रम का संचालन शाखा कोषाध्यक्ष कपिल कुमार चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईआरएफ के सेवानिवृत्त शाखा अध्यक्षता श्याम लाल पाठक ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में एआईआरएफ के सेवानिवृत्त शाखा सचिव एम पी राय रहें। शाखा सचिव उमेश कुमार सिंह ने सभी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर एआईआरएफ के सेवानिवृत्त शाखा अध्यक्ष एस एल पाठक और शाखा सचिव ने उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए पुराने पेंशन के लाभ एवं नये पेंशन की खामियों को विस्तार से रखा ? फेडरेशन के नेतृत्व में 32 से अधिक केन्द्रीय, राज्य सरकार के कर्मचारियों, शिक्षक संघ, अराजपत्रित कर्मचारी, रक्षा मंत्रालय के सिविल कर्मी, सभी ने पिछले साल 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में एकत्रित हो कर पुराने पेंशन के लिए आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर रखा। अब संयुक्त फोरम ने आंदोलन की धार को तेज करते हुए आज से चार दिन के लिए क्रमिक भूख हड़ताल का कार्यक्रम किया है। अगर केन्द्र सरकार ने जल्द ही पुराने पेंशन बहाल करने की घोषणा नहीं की तो फेडरेशन के नेतृत्व में रेल का चक्का जाम कर दिया जाएगा। संध्या को इस भूख हड़ताल का समापन मण्डल यातायात प्रबंधक अभिषेक विशाल द्वारा जूस पिलाकर किया गया। अभिषेक विशाल ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि ईसीआरकेयू द्वारा अनुशासित एवं शांति पूर्ण ढंग से आंदोलन किया जाना रेलकर्मियों की अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 अनुक्रमांक 2100402 का सनद जो बाजार जास्ते समय रास्ते में कहीं गिर गयी है। काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। दीपक चौहान पुत्र ओमप्रकाश निवासी ओवरब्रिज के पास नेकपुर कलां, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।

## सूचना

शपथी शकुंतला देवी के पति 81 वर्षीय सुरेश चंद्र पाठक जो की थल सेना से सेवानिवृत्त है। इनका चाल चलन ठीक नहीं है व दीमागी स्थिति भी ठीक नहीं है। इस हालत में अपनी चल अचल संपत्ति का किसी भी व्यक्ति को बैनामा या रजिस्ट्री करते है तो वह अवैध माना जायेगा। शकुंतला देवी पत्नी सुरेश चन्द्र पाठक निवासी ग्राम व पोस्ट श्रंगीरामपुर थाना कमालगंज, हाल निवासी शास्त्री नगर कस्बा कमालगंज, फर्रु0

## सूचना

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी मां का नाम भवरी देवी व जन्मतिथि 01/05/1945 अंकित हो गयी है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मां का नाम भमरी व जन्मतिथि 01/01/1946 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाये।
आर्मी नम्बर 300385
ओमप्रकाश गुर्जर पुत्र रामसहाय गुर्जर मूल निवासी ग्राम भौड़ा पोस्ट व तहसील बैर जिला भरतपुर राजस्थान/ वर्तमान तैनाती आर.आर. सी. फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांक:-1446/ न0पा0 परि0का0/2023-24 — दिनांक 08/01/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम पत्नी संजीव यादव निवासी ग्राम मिल्किया ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 152 मोहल्ला रेलवे रोड कायमगंज पर श्री किशोरी लाल पुत्र अंगने लाल के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**


# विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी योजनाओं की जानकारी

- बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने साझा किया मंच

**तालग्राम, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के नगर पंचायत तालग्राम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विकसित संकल्प यात्रा को देखने के लिए नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुचें।

मंगलवार को संकल्प यात्रा कार्यक्रम के संचालक ईश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना समेत कई जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भी कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में गरीबों के लिए दस रुपए भेजे जाते थे। लेकिन पात्र लाभार्थियों तक आते-आते एक रुपया रह जाता था। अब ऐसा नही है बीजेपी सरकार में योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में पहुचं रहा है। संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि सांसद सुब्रत पाठक व विधायक अर्चना पांडेय व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह का आना तय माना जा रहा था। लेकिन बारिश के चलते कार्यक्रम में शामिल नही हो सके। ईओ नीलम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्रजभूषण भारतीय इंटर कॉलेज व जागृति पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान ईओ नीलम चौधरी ने पीएम आवास लाभार्थियों को आवास की चाबी और प्रमाण पत्र वितरित किए। वही स्वागत गीत प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कन्नौज के ब्लॉक प्रमुख रामवीर कठेरिया, सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सिंह भदौरिया, सभसाद, पंकज ठाकुर, राजेश शर्मा, मुकेश शाक्य, अतुल गुप्ता, नरेंद्र शाक्य, नगर विधायक प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, राजा चौरसिया, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, हिमांशु त्रिपाठी, नितेश कुमार, संतराम बाल्मीकि, गोकरन राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



लाभार्थी को आवास की चाबी भेंट करती अधिशासी अधिकारी — समृद्धि न्यूज


विकसित भारत संकल्प यात्रा में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

### संकल्प यात्रा के जरिए लोकसभा चुनाव की तैयारी

**तालग्राम, कन्नौज।** हाल में हुए विधान सभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद भाजपा अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। भाजपा ने जमीनी स्तर मतदाताओं में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कई नए प्लान शुरू किए है। भाजपा ने विकसित संकल्प यात्रा के जरिये लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। मंगलवार को बीजेपी की विकसित संकल्प यात्रा नगर पहुचीं। संकल्प यात्रा पहुचते ही बीजेपी के नगर व क्षेत्रीय कार्यकर्ता मंच साझा करने लगे।

## कारागार में निरूद्ध महिला बंदियों को वितरित किए गए वस्त्र

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**अनौगी स्थित** जिला करागार में माता स्व. सरोज गुप्ता की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर अभिषेक गुप्ता उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल तिर्वा द्वारा सभी निरूद्ध महिला बंदियों को गरम स्वेटर व उनके साथ रह रहे बच्चों को गरम वस्त्र, जूते सहित तथा कारागार में निरूद्ध 80 गरीब बंदियों को कम्बल वितरित किये गये। गरम वस्त्र पाकर बंदियों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम समापन के उपरान्त अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान कारापाल विजय कुमार शुक्ला, अरविन्द भदौरिया, मो रेहान वारसी, अरूण कुमार, निखिल पोरवाल, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार व जेल वार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय सहित प्रशासनिक कर्मचारी रहें।

# अरुण शर्मा बने सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महासचिव

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उच्च शिक्षामंत्री ने नगर के युवा सपा कार्यकर्ता को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला महासचिव नियुक्त किया है। जिससे कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। मंगलवार को सपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे रामआसरे विश्वकर्मा ने कन्नौज के जिलाध्यक्ष मास्टर रामसेवक बाथम की स्वीकृति पर प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला महासचिव बनाया है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राम अवतार शर्मा, शिव शंकर शर्मा, बंटी नेता, गोविंद शर्मा, देवेश शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिगंबर सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष तिर्वा शरद यादव आदि लोग मौजूद रहे।



अरूण शर्मा का मनोनयन पत्र सौंपते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

## आज शहर में निकलेगी रामलला पूजित अक्षत कलश पद यात्रा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** रामलला पूजित अक्षत कलश पद यात्रा 10 जनवरी बुधवार को सुबह 10 बजे शहर के मकरन्दनगर स्थित बिजली पावर हाउस के सामने से प्रारंभ होगी। भाजपा मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बुधवार को रामलला पूजित अक्षत कलश पद यात्रा शहर में भ्रमण करेगी।

बताया कि शहर के मकरन्दनगर स्थित बिजली पावर हाउस के सामने से पूजित अक्षत कलश पद यात्रा का शुभारम्भ होगा, जोकि शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए ग्वाल मैदान स्थित रामलीला ग्राउण्ड पर पहुंचेगी। पद यात्रा में समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री असीम अरुण और सांसद सुब्रत पाठक शामिल होंगे। उन्होने आमजनमानस से पद यात्रा में शामिल होने का आवाह्न किया है।

# साइकिल से अयोध्या जा रहे राम भक्तों का किया जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ कन्नौज**

**भारतीय किसान** यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने माल्यार्पण करके राजस्थान से अयोध्या जा रहे राम भक्तों का जोरदार स्वागत किया। सीकर जिला के लक्ष्मणगढ़ (राजस्थान) निवासी रवि निर्वाण एवं जयपुर निवासी मनोज कुमार ने 25 दिसंबर से अयोध्या के लिए अपनी पैदल यात्रा प्रारंभ की थी। हाथरस, सिकंदराराऊ व एटा होकर 8 जनवरी की रात यह दोनों छिबरामऊ पहुंचे। यहां भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने उनके रहने खाने की व्यवस्था की। दोनों राम भक्तों ने बताया 550 वर्षो बाद हमारे आराध्य प्रभु रामलला अयोध्या धाम में 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे हैं। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए रामलला के दर्शन की इच्छा को लेकर पैदल यात्रा शुरू की है। 22 जनवरी को यदि अयोध्या धाम में प्रवेश नहीं मिला तो जहां पर रोका जाएगा वहीं पर साथ ले जा रहे टेंट को लगाकर इंतजार करेंगे लेकिन वापस तभी आएंगे जब रामलला के दर्शन हो जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी, उनकी पत्नी आरती त्रिपाठी, पुत्र कार्तिकेय व सक्षम पुत्री उन्नति ने माल्यार्पण करके दोनों राम भक्तों को अयोध्या के लिए रवाना किया।



## खबरें चलते-चलते

### उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ के द्वारा पब्लिक हेल्थ आउटरीच के अंतर्गत विकासखंड छिबरामऊ का कैंप तहसील परिसर में लगाया गया उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ के द्वारा पब्लिक हेल्थ आउटरीच के अंतर्गत विकासखंड छिबरामऊ का निशुल्क कैंप तहसील परिसर में लगाया गया कैंप का शुभारंभ उप जिलाधिकारी उमेश तिवारी ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा महासचिव चंद्रजीत यादव संदीप दीक्षित कट मिश्रा सामोद यादव पंकज मिश्रा आलोक दिक्षित शिवदत्त तिवारी शिवम द्विवेदी अमित द्विवेदी अधिवक्ताओं के अलावा बदकारियों ने भी निशुल्क कैंप का लाभ उठाया कैंप में आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कन्नौज डॉक्टर सर्वेश कुमार जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार विश्वकर्मा नोडलात्कारी डॉक्टर संतोष कुमार डॉक्टर पायल सक्सेना डॉक्टर विष्णु कुमार डॉक्टर पूजा डॉक्टर मोहम्मद शकील डॉक्टर कमल ने मरीजों का परीक्षण किया निशुल्क दवाई वितरित की।

### मारपीट की घटना में दो युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अलग-अलग स्थानों पर हुए विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बनियानी निवासी सुरेश चंद्र ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मंगलवार की सुबह 08 बजे गांव के दो लोगों ने रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी सुधीर कुमार ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के ही तीन लोगों ने सोमवार की शाम 06 बजे मामूली विवाद को लेकर घर से लौटते समय रास्ते में रोक कर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुत्री से मारपीट करने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के ही लोगों ने पड़ोस की लड़की को बुलाकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सदरपुर निवासी शिवपाल पुत्र रंजीत ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने उसकी पुत्री को बुलाया और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्र0नि0 जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा न्यायालय में गैर हाजिर चल रहे अभियुक्त दीपक जाटव पुत्र घासीराम निवासी ग्राम रामपुर बैजू थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 28 वर्ष का न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कन्नौज से स्थायी वारण्ट निर्गत कराकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### एंटी रोमियो टीम ने दो मनचलों को दबोचा

**तालग्राम, कन्नौज।** छात्रा की शिकायत पर विद्यालय के सामने चक्कर काट रहे दो मनचलों को पुलिस व एंटी रोमियो की संयुक्त टीम ने दबोच लिया। पुलिस ने दोनों मनचलों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक श्रीनाथ तिवारी ने बताया कि वह एंटी रोमियो टीम के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। तभी एक छात्रा ने शिकायत करते हुए बताया कि विद्यालय के पास दो लड़के अक्सर छात्राओं को देखकर अश्लील गाने व इशारे किया करते है। उन्होंने मौके पर जाकर दोनों लड़कों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने ग्राम ढिपारा निवासी रजत व दूसरे ने अमित बताया जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों लड़कों के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर अश्लील गाना गाना व आने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों को देखकर इशारे करने के आरोप में केस दर्ज किया है।


### माचिस बनी झगड़े की जड़, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**तालग्राम, कन्नौज।** जेब से माचिस निकालकर मांगने पर वापस न देने पर चार लोगों ने युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस घटना के संबंध में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रोहली निवासी सुनील कुमार पुत्र रामनाथ ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने दोस्त के साथ रास्ते पर खड़े थे। तभी गांव के मुनेश, अंशुल पुत्रगण केवल व गौरव, दिव्यांशु पुत्रगण पप्पू आए और उनकी जेब से जबरन माचिस निकाल ली। जब वापस मांगी तो गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी तालग्राम भेजकर चारों आरोपित के विरुद्ध गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल करना व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएंगी।

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल भर्ती कराया। ग्राम बरगांवा निवासी दिलीप कुमार पाल मंगलवार को बाइक लेकर अमोलर बाजार गए थे। वहां से घर वापस लौटते समय सहरहनी मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक दिलीप पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी गुरसहायगंज भर्ती कराया।

# पहले चली तेज़ हवाएं फिर हुई बारिश पूरे दिन रही गलन


आलू फसल में तेजी लगा झुलसा व पर्रा रोग

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**सर्दी का** सितम जारी है रोजाना कोहरा भी पड़ रहा है। धूप वैसे भी काम निकल रही है जनजीवन पूरी तरह से अस्त्र व्यस्त है। मंगलवार सुबह 6- 30 बजें अचानक मौसम ने करवट ली पहले चली तेज़ हवाएं फिर काफी देर तक बारिश हुई चलती रही हवाएं पूरे दिन गलन बनी रही आम जनमानस से लेकर पशु पंक्षी भी सर्दी से परेशान उधर बाजारों में सन्नाटा रहा दुकानदार आग के सहारे बैठे रहे। शाम होते ही आसमान में फिर बारिश बाले बादल आ गए खेतों में तैयार हो रही सरसों व आलू फसल को इस बारिश से काफी नुकसान हो सकता है। और गेहूं फसल को इस बारिश में काफी फायदा पहुंचेगा आलू किसान समधन निवासी विश्राम पाल, मुस्तकीम शेख, सुरेश पाल,नईम शेख, हाफिज अब्दुर्रहमान, रियाज़ अहमद, भुल्लू यादव आदि ने बताया कि हमारे यहां आलू फसल में बारिश होने से पहले ही कई खेतों में झुलसा व पर्रा रोग काफी तेज लग चुका है अब इस बारिश से झुलसा रोग बहुत तेजी से लगेगा और गेहूं की फसल के लिए यह बारिश बहुत ही फायदेमंद है।

# अब जनता करेगी बाइक सवार लुटेरों की पहचान

- पुलिस ने बदमाशों पर घोषित किया 25000 का नाम।
- सोशल मीडिया पर बदमाशों का चित्र जारी
- खेत में मिले बदमाशों के हेलमेट व खाली बैग

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**समधन के** सर्राफ व्यापारी के साथ चार दिन पहले हुई लूट के मामले में पुलिस अब तक लुटेरों की पहचान नहीं कर पाई है। इसके चलते पुलिस ने सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज जारी कर लुटेरों को पहचानने के लिए 25000 का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस जनता के माध्यम से लुटेरे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

मंगलवार को सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने समधन के सर्राफा व्यापारी अयाज साथ लूट व हत्या को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान करने पर 25000 का इनाम घोषित किया है। जबकि पुलिस की अलग-अलग पार्टी में भी बदमाशों की तलाश में दिन रात एक कर रही है। घटना के 5 दिन गुजरने के बाद भी पुलिस लुटेरों की पहचान तक नहीं कर पाई है। उधर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो में फर्रुखाबाद जिले के एक गांव के खेत में बदमाशों के हेलमेट, खाली बैग, डिब्बे मिलने की चर्चा भी जोरों पर है। इसके अलावा पुलिस ने अभी तक लूट के संबंध में 10 लोगों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की है। लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लग रही है। मामले में कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा का कहना है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।


सीसीटीवी फुटेज से चिंहित लुटेरों का फोटो। — समृद्धि न्यूज

## ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दरोगा और सिपाही निलम्बित

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में विगत दिनों हुई चोरियों के मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरते जाने पर एसपी ने दरोगा और सिपाही को निलम्बित कर दिया है। वहीं एसपी ने मामले की जांच क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी को सौंपी है। गौरतलब है कि विगत तीन दिन पूर्व तिर्वा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नजरापुर पट्टी में एक ही रात चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात का अंजाम दिया था। हांलाकि चोरों ने चौथी दुकान के ताले ही तोड़ पाए थे। चोरों ने रामू श्रीवास्तव के मेडिकल स्टोर आशीष वर्मा व दीपू और निखिल वर्मा की ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़कर वहां रखे आभूषण व नकदी पार कर दी थी। इस घटना से क्षेत्र में चोरों की दहशत फैल गई। पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगने लगे। दुकानदारों व क्षेत्रीय लोगों ने एसपी से इसकी शिकायत की। जिसके बाद एसपी द्वारा जांच पड़ताल कराए जाने के बाद क्षेत्रीय दरोगा हृदयराज उपाध्याय और सिपाही सचिन कुमार की लापरवाही देखने को मिली।

# सड़क किनारे खड़ा ट्रक दे रहे दुर्घटनाओं को दावत

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**सर्दी** के मौसम में कोहरे एवं धुंध में यदि आप किसी हाईवे पर गाड़ी चला रहे हैं तो सावधान रहें।

जरा सी चूक बड़े हादसे का कारण बन सकते है नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहन ट्रक हादसे की बड़ी वजह बन सकते हैं नेशनल हाईवे राजमार्ग तीव्र गति से चलने योग्यबनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है लेकिन जान का जोखिम भी बढ़ गया है हाईवे पर चलने वाले माल भरे ट्रक हो या अन्य कोई वाहन लापरवाही के कारण या वाहन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं नेशनल हाईवे पर पूर्वी बाईपास से लेकर पश्चिमी बाईपास तक हाईवे के किनारे दोनों तरफ हाईवे के किनारे ट्रक लदे हुए खड़े रहते हैं आने वाला वाहन उनको नहीं देख पता है जिससे कभी किसी की तरह घटना दुर्घटना हो सकती है यही हाल रहा कार्रवाई न हुई दोनों तरफ 24 घंटे सड़क के दोनों तरफ ट्रक व भारी वाहनों का मेला लगा रहता है सड़क किनारे चालक अपने वहां अक्सर रात में खड़ा कर देते हैं जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं



### वाहनों से ढोई जा रही लोहे की सरिया अत्यंत घातक है

कई गाटर को एवं ट्रैक्टर या अन लोडिंग वाहनों में क्षमता से अधिक माल भरा होता है मुक्त लोहे की सरिया व गाटर आदि जो लोडिंग की लंबाई में ना आते हुए पीछे निकल रहते हैं और वहां भी हाईवे के किनारे खड़े रहते हैं इस तरह के वहां भी दुर्घटना का कारण बनते हैं पीछे से आ रहे बाहन कभी भी इन लोहे के गाटर से टकरा सकते हसर्दी के मौसम में कोहरे एवं धुंध में यदि आप किसी हाईवे पर गाड़ी चला रहे हैं तो सावधान रहें।

### जरा सी चुक

**बड़े हादसे** का कारण बन सकती है नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहन ट्रक हादसे की बड़ी वजह बन सकते हैं नेशनल हाईवे राजमार्ग तीव्र गति से चलने योग्यबनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है लेकिन जान का जोखिम भी बढ़ गया है हाईवे पर चलने वाले माल भरे ट्रक हो या अन्य कोई लापरवाही के कारण या वाहन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं नेशनल हाईवे पर पूर्वी बाईपास से लेकर पश्चिमी बाईपास तक हाईवे के किनारे दोनों तरफ हाईवे के किनारे ट्रक लदे हुए खड़े रहते हैं आने वाला वाहन उनको नहीं देख पता है जिससे कभी किसी की तरह घटना दुर्घटना हो सकती है यही हाल रहा कार्रवाई न हुई दोनों तरफ 24 घंटे सड़क के दोनों ट्रक व भारी वाहनों का मेला लगा रहता है सड़क किनारे चालक अपने वहां अक्सर रात में खड़ा कर देते हैं जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।

### वाहनों से ढोई जा रही लोहे की सरिया अत्यंत घातक है

कई वाटर को एवं ट्रैक्टर या अनलोडिंग वाहनों में क्षमता से अधिक माल भरा होता है मुक्त लोहे की सरिया व घटेर आज जो लोडिंग की लंबाई में ना आते हुए पीछे निकल रहते हैं औरबे वहां भी हाईवे के किनारे खड़े रहते हैं इस तरह के वहां भी हंसों का कारण बनते हैं पीछे से आ रहे बहन कभी भी इन साड़ियों या लोहे के गाटर से टकरा सकते हैं इसीलिए हाईवे पुलिस आयातायत पुलिस परिवहन।

### विभाग को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए

**नेशनल** हाईवे के किनारे दोनों तरफ गाड़ियां व दुकानदार अपनी अपनी दुकानों के बाहर कोई तो मौरामफैलाए हुए हैं कोई दुकानदार अपनी- की लोहे की दोनों तरफ ट्रॉली हाईवे के किनारे बना रहे हैं और कोई तो किसानोकी मशीनों का बाहर अंबर लगाए हुए हैं जबकि नेशनल हाईवे के किनारे अतिक्रमण का बहुत बड़ा अंबार लगा हुआ है दुर्घटनाओं का भी होना संभव है क्योंकि रात में कोहरा काफी करता है जिससे ट्रक ड्राइवर को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इस हाइवे से दिल्ली से लेकर कोलकाता तक गया हुआ है इस हाइवे पर आलासे आला अधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है इसी हाईवे के किनारे सौ सैया अस्पताल भी है यहीं से रास्ता कट की गई है।

### खुद बरतनी होगी सावधानी

**हाईवे** पर वाहन चलाते समय पहले यह समझना जरूरी है कि आप कितनी दूर तक देख पा रहे हैं गाड़ी की लाइट और आपके देखने की क्षमता का ध्यान में रखकर स्पीड को नियंत्रण में रखें अधिक स्पीड से न जाए। कर को डिवाइड और सड़क किनारे पार्किंग के पास बिल्कुल भी ना चलाएं सड़क के दोनों और की पार्किंग का डिवाइड करने वाली पार्किंग लाइन से17 कर चले इससे पीछे से आने वाले वहां से भी बचाव होता है साथ ही आगे सड़क किनारे कोई खराब ट्रक या अन्य वाहन खड़ा है तो इससे भी ग्रंथ होने से बच सकते हो। चार पहिया वाहन चलाते समय पार्किंग लाइटऑन रखें या लगातार क्लिक करते हैं जिससे पीछे या सामने से आ रहे वाहनों को अपने वाहन की स्थिति का पता चल जाता।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता की उपचार के दौरान मौत

- मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप
- भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पीएम के लिए भेजा
- क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर की जांच, फोरेंसिक टीम ने लिये नमूने



घटनास्थल पर मौजूद परिजन व पुलिस — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध परिस्थितियों** में नव विवाहित की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर असदुल्ला निवासी सोनू की 25 वर्षीय पत्नी नीलम ने शुक्रवार को गृह कलह के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने के बाद घबराए परिजनों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहा गंभीर हालत में चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हालत में सुधार ना होने पर महिला को जनपद के एक प्राईवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां बीते दिवस की रात्रि उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मायके खंदरा जनपद इलाहाबाद दी गई। जिस पर भाई राजेश कुमार, माता मीना देवी तथा रिश्तेदार शिवमूर्ति मौके पर पहुंचे तथा शव देखते ही रोने बिलखने लगे। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर बहन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतका के भाई ने सूचना शमशाबाद थाना पुलिस को दी। जिस पर थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जांच पड़ताल कर सूचना उच्चाधिकारियों को दी। वहीं सूचना के आधार पर क्षेत्राधिकारी कायमगंज, नायब तहसीलदार कायमगंज मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। जिला मुख्यालय से आई फोरेंसिस टीम ने भी घटनास्थल की जांच कर नमूने लिए। मृतक महिला के भाई ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की। पुलिस ने भाई की तहरीर पर शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतका के ससुर ने बताया 14 माह पूर्व सोनू का विवाह नीलम से हुआ था। विवाह के बाद संतान नहीं थी। आपसी विवाद की जानकारी नहीं दी गई। मृतका की मौत को लेकर पुलिस का कहना था मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

# मिक्सर की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत



मृतक की फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**मिक्सर ट्रक** की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक मौके से गाड़ी छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर निवासी संजेश कुमार पुत्र श्री राम सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है दिनांक 8 जनवरी को मेरा भाई सुरजीत सिह उम्र 51 वर्षीय पुत्र श्रीराम सिंह गंगवार साईकिल द्वारा ट्रान्सपोर्ट चौराहा कायमगंज की तरफ से दूध लेकर घर आ रहा था। जनता कोल्ड स्टोरेज के निकट पहुँचते ही पीछे से मिक्सर ट्रक संख्या एम.पी.17एचएच7199 आया और लापरवाही से चलाते हुए चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मेरा भाई सुरजीत सिंह गंगवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से गाँव के दिवाकर पुत्र स्व0 जगदीश ने घायल अवस्था में मेरे भाई को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहाँ डाक्टर ने मेरे भाई सुरजीत सिह को मृत घोषित कर दिया। मौके पर ग्रामीणों ने उक्त मिक्सर ट्रक को पकड़ लिया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर मिक्सर ट्रक संख्या एम.पी.17एचएच7199 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने नंबर के आधार पर उसके मालिक की तलाश कर रही है।

# खबरें चलते-चलते

## वसूली को लेकर बकायेदारों का कसा शिकंजा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में भूमि विकास बैंक के प्रबंधक ने बकाया वसूली को लेकर बकायेदारों को नोटिस दिये। जिससे बकायेदारों में हड़कंप मच गया। मंगलवार को कस्बा नवाबगंज में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक कायमगंज के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, फील्ड ऑफिसर सत्येंद्र सिंह, फील्ड ऑफिसर भुवनेश कुमार के साथ गनीपुर कस्बे में रमेश चंद्र दीक्षित और लक्ष्मण दीक्षित के दरवाजे पर बैंक के कर्मचारी पहुंचे और दोनों से बकाया धनराशि जमा करने का नोटिस थमाया। प्रबंधक वीरेंद्र सिंह ने बताया मृतक ऋण मोचन योजना के तहत बैंक ब्याज में 100 प्रतिशत छूट दे रही है। इसके बावजूद लोग पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। लगभग 19 करोड़ रूपया नवाबगंज के लोगों पर बैंक का बकाया चल रहा है। जिसको लेकर बैंक के उच्चाधिकारियों द्वारा रिकवरी का काम तेजी से चलाने का निर्देश दिया गया है। मंगलवार को नवाबगंज कस्बे में10 लोगों को नोटिस थमाया गया।

## स्कूल गया बालक लापता, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दरौरा निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 8 जनरवी को सुबह 9.30 बजे मेरा भतीजा वरुण सिंह उर्फ विष्णु सिंह पुत्र संजीव कुमार उम्र 16 वर्ष जो की कक्षा 9 का आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज का छात्र है। वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज के कस्बा गायत्री गली निवासी सुधवीर उर्फ रामू ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया का उसका छोटा भाई राहुल 18 दिसंबर 2023 को अपने दोस्त विजित भारद्वाज के साथ पेट्रोल पंप पर स्कूटी में पेट्रोल डलवाने जा रहा था। वापस आते समय पिकअप चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके भाई राहुल के टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहुल का कानपुर में एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है और वहीं विजित का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सुधवीर की तहरीर पर पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम धुरीहार और निवासी सुरेश चंद्र ने अपने ही भाई वीरेश, भतीजे मुकुल, सुखदेव और राजीव के विरुद्ध 1 जनवरी को तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि उपरोक्त लोगों ने उसे खेत पर लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे उसके गम्भीर चोटें आयीं। पुलिस ने सुरेश चंद्र की तहरीर पर चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला व उसकी सास को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम उम्मरपुर निवासिनी विनीता देवी पत्नी देवानंद ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें विनीता ने बताया कि मेरी देवरानी कोमल पत्नी सदानंद बिना बात के गाली-गलौज कर रही थी। जब मैंने मना किया, तो उसने अपने मायके गैसिंगपुर फोन कर दिया। वह लोग आज मेरे घर पर आए और मारपीट की। मेरी सास एवं मुझे गंदी-गंदी गालियां दीं। हम लोग अपना घर छोड़कर बाहर निकल गए। मेरे घर पर उस समय कोई नहीं था। घर वाले सब बाहर गए हुए थे। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# मुनीम ने साथी के साथ मिलकर बनायी थी फर्जी लूट की घटना

- पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया खुलासा, दो गिरफ्तार, रुपये बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिन** मुनीम के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर घटना में संलिप्त मुनीम व उसके एक साथी को गिरफ्तार कर नकदी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 8 जनवरी को अमित वर्मा पुत्र स्व0 नारदानन्द निवासी 3/63 किराना बाजार कोतवाली फर्रुखाबाद के मुनीम आकाश गुप्ता पुत्र गणेश प्रकाश गुप्ता निवासी बजरिया निहालचन्द्र थाना शमशाबाद ने थाना शमसाबाद क्षेत्र के नगला नान पुलिया के पास काली पल्सर सवार तीन बदमाशों द्वारा मारपीट कर ढाई लाख रूपये लूटने की पुलिस को झूठी सूचना दी। जिसका पुलिस द्वारा 24 घन्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो अभियुक्तगणों को मंगलवार को गिरफ्तार कर घटना से सम्बन्धित पूरी रकम बरामद कर ली है। मुनीम आकाश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह किराना व्यापारी अमित वर्मा पुत्र नंददास निवासी किराना बाजार यहाँ मुनीम की नौकरी करता है। उसके द्वारा बीते दिन थाना शमशाबाद पुलिस को सूचना दी गयी कि वह अपने मालिक अमित वर्मा के पान मसाला पुड़िया की बिक्री का ढाई लाख रुपये पेमेंट लेकर आ रहा था, तभी नगला नान पुलिया के पास काली पल्सर सवार तीन बदमाशों द्वारा उसके साथ मारपीट कर ढाई लाख रुपए लूट लिये है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर छानबीन की और घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर आकाश गुप्ता उपरोक्त से कड़ाई से पूछताछ की, तो आकाश गुप्ता द्वारा बताया गया कि मुझे पैसे की जरूरत थी इसलिए मैंने ढाई लाख रुपये अपने साथी दिलीप उर्फ पंपल पुत्र गिरजा शंकर राठौड़ निवासी बजरिया निहालचंद थाना मऊदरवाजा को रास्ते में बुलाकर दे दिए थे और लूट की घटना की झूठी कहानी बनायी थी। थाना शमसाबाद, थाना नवाबगंज व सर्विलांस टीम द्वारा घटना का 24 घन्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल आकाश गुप्ता उपरोक्त के कब्जे से 1 लाख 20 हजार रुपये तथा दिलीप उर्फ पंपल उपरोक्त के कब्जे से 1 लाख 30 हजार रुपये बरामद कर लिये। किराना व्यापारी अमित वर्मा उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना शमशाबाद पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।




पुलिस हिरासत में मुनीम आकाश गुप्ता व उसका साथी दिलीप

# आबकारी निरीक्षक ने ग्राम प्रेम नगर में छापा मारकर पकड़ी कच्ची शराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ थाना कायमगंज क्षेत्र अन्तर्गत संदिग्ध ग्राम प्रेमनगर में दविश दी। जहां लगभग 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया। वहीं क्षेत्र की आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। सभी दुकानों पर नियमों को सुनिश्चित कराने के साथ ही, गोपनीय टेस्ट परचेस कराया गया। सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा उनके संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। पीओएस मशीन से बिक्री ऑनलाइन पेमेंट की भी जांच की गई। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।



छापा मारती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# बेमौसम बरसात से आलू किसान चिंतित

- आलू व सरसों में रोग लगने की प्रबल संभावना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

बेमौसम हुई बरसात से आलू व सरसों में रोग लगने की मंशा के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें छा गयी हैं।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कई गांव में मंगलवार को सुबह वेमौसम हल्की-हल्की बरसात होने लगी। जिससे जहां एक ओर सर्दी बढ़ी, वहीं दूसरी ओर आलू व सरसो बोने वाले किसान खासे मायूस दिखे। उनका कहना था कि हजारों रुपये लगाकर फसलें बोयी थीं, कहीं फसलों में रोग न लग जाये, नहीं तो कहीं के नहीं रहेंगे। किसानों ने कहा कि आलू में झुलसा रोग लगने की संभावना प्रबल हो गयी है। छोटे तथा मझोले किसान आलू की फसल की अब तेजी से खुदाई करेंगे और सस्ता मंदा बेच देंगे, क्योंकि देरी की, तो रोग लगने की संभावना हो सकती है। किसानों का कहना है कि वैसे भी आलू में लगी लागत के दाम सीधे नहीं हो रहे हैं। ऊपर से वेमौसम बरसात ने और मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किसान रामपाल, जितेंद्र सिंह, रामबाबू, नौशाद खान, रामबाबू, नौशाद खान आदि कई किसानों ने अपनी वार्ता में बताया कि इतने ही बरसात में अब आलू की फसल में रोग लगने से कोई नहीं बचा सकता है। इसलिए इसको जल्द से जल्द निपटाकर गेहूं की बुवाई की जाए। इसी में किसान की भलाई है। खेतों में खड़ी फसल को मंडी में बेचकर उधार लिया गया खाद बीज का पैसा भी निपट जाएगा। वहीं सरसों में भी रोग लगने की किसान संभावना जता रहे हैं।



खेतों में खड़ी आलू की फसल — समृद्धि न्यूज

# जिलाधिकारी ने कटरी धर्मपुर गौशाला का किया औचक निरीक्षण

- पशुओं की सुरक्षा को लेकर रात्रि में दो गौपालकों की ड्यूटी लगाने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** संजय कुमार सिंह ने राजकीय गौशाला कटरी धर्मपुर का औचक निरीक्षण किया तथा गौ पालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजकीय गौशाला कटरी धर्मपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंश हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना, नमक आदि पाया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को गोवंश हेतु तत्काल हरे चारे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थल में प्रतिदिन निकलने वाले गोबर को एक जगह एकत्र कराया जाये एवं गोवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत दो गौपालकों की नाइट ड्यूटी में लगाया जाये। जिलाधिकारी ने पूछा कि पशुओं के लिए चारा पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था है कि नहीं, जिस पर गौ पालकों ने कहा कि पर्याप्त व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्दी को देखते हुए गायों के लिए झूल या काऊ कोट बनाये जायें। जिससे पशुओं को शीतलहर से बचाया जा सके।



निरीक्षण के दौरान गौपालकों से जानकारी करते जिलाधिकारी

# चोरों ने दो घरों से पार किये नकदी व जेवरात

- तीसरी जगह चोरी का प्रयास विफल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**चोरों ने** बन्द घर समेत दो घरों के ताले तोड़कर हजारों की नकदी व जेवरात पार कर दिये। वहीं तीसरी घटना में चोर चोरी करने में नाकाम रहे। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी राकेश पुत्र श्रीराम कोरी, बेटा हरिश्चंद्र, बेटी गुड़िया को साथ लेकर बीते 15 दिन पूर्व गुजरात ईट भट्टे पर काम करने गया था। चोरों ने सूना घर देखकर उसका ताला तोड़ दिया और अंदर कमरे में रखे बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोड़ी सोने के कुंडल, एक बेसर, गले का मंगल सूत्र, दो जोडी कान के टॉप्स, एक जोड़ी चाँदी की पायल सहित लगभग एक लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोर चुरा ले गये। वहीं गाँव के श्यामवीर पुत्र हनुमन्त के मेन गेट का ताला तोड़कर गृहस्थी का सामान चोर चुरा ले गये। वहीं पड़ोस के रामवीर के घर का ताला तोड़ा, लेकिन चोर चोरी करने में नाकाम रहे। सुबह होने पर घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे मंडी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार कश्यप ने जांच पड़ताल की।



चोरी के बाद अस्त व्यस्त पड़ा सामान — समृद्धि न्यूज

## चोर चुरा ले गये टेंट का सामान

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झब्बूपुर निवासी अमरजीत पुत्र रामनरेश पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी टेन्ट की दुकान अचरा रोड झब्बूपुर बरमदेव के पास है। जिसमें दो शटर चढे हैं। एक बाहर और दूसरा दुकान के भीतर। दुकान के शटर के अन्दर छत का जीना है। जिस पर कोई गेट नहीं लगा है। जीने पर टीन के तख्ते रखे रहते हैं। मैं टेन्ट का सामान दूसरे शटर के भीतर रखता हूँ। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया।

**संकल्प यात्रा** | ग्राम पंचायत बेग भगौरा में हुआ यात्रा का स्वागत

# देश को विकसित भारत बनाने का लिया संकल्प

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा का ग्राम पंचायत बेग भगौरा में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत नेताओं ने केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना से देश में विकास के रास्ते खुले है। सभी ने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बेग भगौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे रथ जिसमें केंद्र तथा यूपी सरकार के विकास कार्यो का लेखा जोखा का पटल लगा था। साथ ही विकास कार्यो के संबंध में एलसीडी के जरिए विस्तार सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं द्वारा सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना जिसके तहत देश में तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं। शहर से लेकर गांव तक गरीब, मजदूर, किसानों को विकास कार्यो के जरिए लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना जिसके तहत देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को अब तक 2.6 करोड़ की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई अभी भी देश के गरीब किसानों को किसान सम्मान योजना के तहत 6000 वार्षिक आर्थिक सहायता भी उपलब्ध हो रही हैं। किसान सम्मान योजना के तहत करोड़ों किसान लाभ उठा रहे हैं। इस मौके पर नवाबगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, एडीओ किशन पाल, सुखदेव, सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव, एडीओ एजी गिरीश चंद्र पाल, अनूप शाक्य, रजनीश, सर्वेंद्र गंगवार, मुकेश सिंह, राजेश राजपूत, अजब सिंह राजपूत, रोजगार सेवक पुष्पेंद्र कुमार, सुधीश कुमार, ग्राम सचिव आकांक्षा सक्सेना, आदेश राठौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



विकसित भारत बनाने का संकल्प लेते भाजपाई व अन्य — समृद्धि न्यूज

# 2400 किलो के घंटे की शोभायात्रा का सांसद ने किया पूजन

- भाजपा जिलाध्यक्ष सहित तमाम हिन्दूवादी नेता मौजूद रहे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रभु श्रीराम** के अयोध्या में बन रहे हैं भव्य मंदिर में 2400 किलो वजन का अष्टधातु से बनाया गया घंटा जो की जलेसर से एटा के रास्ते होते हुए फर्रुखाबाद कायमगंज सीमा पर पहुंचा। जहां भाजपा एवं तमाम हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। सभी एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम का उदघोष किया। कायमगंज नगर के ट्रांसपोर्ट चौराहे पर कायमगंज ब्लॉक प्रमुख पति अरुण दुबे के नेतृत्व में भाजयुमो पूर्व नगर अध्यक्ष देवेंद्र दुवे, अमर गुप्ता एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया। देर रात्रि भारी भीड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी चलाकर हर्ष व्यक्त किया। कायमगंज की सड़कों पर जय श्री राम के नारे का उदघोष हो रहा था। रथ यात्रा कायमगंज से चलकर हथियापुर होते हुए प्रसिद्ध गुड़गांव देवी मंदिर पहुंची। जहां पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, अजीत पांडे, प्रबल त्रिपाठी, शिवांग रस्तोगी, विकास पाण्डेय, पीयूष त्रिपाठी एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं सांसद मुकेश राजपूत ने रथ यात्रा पर रखे हुए 2400 किलो वजन के अष्टधातु घंटा की पूजा अर्चना व आरती उतारी। बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने जय श्री राम नारे का उद्घघोष किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगाए। सांसद मुकेश राजपूत ने पत्रकारों से कहा जनपद के पड़ोसी जनपद एटा के जलेसर कस्बे में निर्मित हुए अष्टधातु के घंटा को अयोध्या के नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में स्थापित किया जा रहा है जो कि जनपद से होकर अयोध्या पहुंचेगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में लगने वाले घंटा को देखने के लिए सभी लोग उत्साहित थे, लेकिन देर रात्रि से रथ यात्रा के पहुंचने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे।



2400 किलो के घंटे की पूजा करते जिलाध्यक्ष व सांसद — समृद्धि न्यूज

# रोजगार मेले में 287 प्रशिक्षार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में विकास खण्ड शमशाबाद के सभागार में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। 37 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 3200 रिक्तियों के सापेक्ष 287 प्रशिक्षार्णियों ने प्रतिभाग किया। 156 अभ्यार्थियों को रोजगार के लिए मेले में चयनित किया गया। मंलवार को आईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्यक्ष कौशल योजना के तहत विकास खण्ड शमशाबाद परिसर में मेले का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। रोजगार मेले में विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने विचार व्यक्त किये और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। आईटीआई पास आउट के 22, कौशल विकास प्रशिक्षण के 10, नॉन आईटीआई 124 प्रतिभागियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, आशीष कुमार, शुभांक मिश्रा, विजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिवबहादुर सिंह, राजकिशोर महतो, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेले में प्रतिभागी — समृद्धि न्यूज

# 2024 की मिस महक बनी डांस चैम्पियन ग्रुप डांस में सिमरन रही विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**20वां फर्रुखाबाद** युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं के क्रम में डान्स चैम्पियन-2024 प्रतियोगिता का आयोजन युवा महोत्सव समिति के सभागार में हुआ। युवाओं नें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निर्णायक के सामने अपने डान्स प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन के बाद निर्णायक नें मिस महक शर्मा को डान्स चैम्पियन-2024 चुना गया, जबकि अनिकेत द्वितीय स्थान पर और वैश्नवी एवं आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप डान्स में सिमरन विजेता बनी। एन0ए0के0पी0 ग्रुप द्वितीय एवं गायत्री इण्टरनेशनल ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायक की भूमिका मो0 रफी, सुनील सक्सेना ने निर्वाह्न की। मुख्य अतिथि भाजपा महिला जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, विशिष्ट अतिथि डा0 शिवानी शुक्ला जी ने सभी विजेताओं को शील्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और अतिथियों ने युवाओं एवं समिति की सराहना की। कोविड 19 के कारण सीमित संख्या में ही प्रतिभागियों को बुलाया गया। प्रतिभागी- शिल्पी राजपूत, सिमरन, महक शर्मा, आदित्य, अनिकेत, प्रियल सिंह, वैश्नवी, कशिश, मीनाक्षी पाण्डेय, अनुष्का, स्नेहा, सोनम, कोमल सक्सेना, शिवी तिवारी, डिम्पल, अनन्या, चांदनी, दिव्या, जैनव, सेजल, रोशनी, आराध्या, वेदिका, नीलम, अनुष्का, कंचन ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा, कृष्णकांत अक्षर, सच्चिदानंद मिश्रा मौजूद रहे। संचालन हर्ष दुबे ने किया।



प्रतियोगिता में सम्मानित होते डांस विजेता — समृद्धि न्यूज

# राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में ब्लाकों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का होगा आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत ब्लॉक कमालगंज, कायमगंज, मोहम्मदाबाद एवं शमसाबाद के समस्त उपकेन्द्रों पर किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि युवा हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य है, यदि इनका स्वास्थ्य और जीवन शैली अच्छी रहेगी तभी आगे चलकर वे एक अच्छे देश के भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। नोडल अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि 12 जनवरी 2024 को जनपद के ब्लॉक कमालगंज, कायमगंज, मोहम्मदाबाद एवं शमसाबाद के सभी उपकेन्द्रों पर किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस का आयोजन कराया जाएगा। जिसके क्रम में समस्त किशोर/किशोरियों के स्वास्थ्य कि जांच जैसे हीमोग्लोबिन, बी0एम0आई0, आयरन टेबलेट, एलबेंडाजॉल टेबलेट, सेनेटरी नैपकिंस, परिवार नियोजन सुविधाये, काउंसलिंग इत्यादि सुविधाये ए0एन0एम0 के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक किशोर/किशोरियों उक्त दिवस में सम्मिलित हो।

## खबरें एक नजर में

### आठ माह के बच्चे समेत दो की हालत बिगड़ी, मौत



बच्चे को देखते चिकित्सक व मौजूद परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम हजरतगंज निवासी प्रांशू उम्र 8 माह पुत्र उत्तम कुमार बीमार होने पर परिजन प्राइवेट चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहाँ चिकित्सक ने उसे खाने के लिए दवा दी। जैसे ही परिजनो ने उसे दवा खिलाई, वैसे ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। एक अन्य घटना में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिलकिया निवासी अशोक कुमार उम्र 58 वर्षीय पुत्र भगवान सिंह की हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। यहाँ डाक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### खेल रहे बालक को पड़ोसी ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज निवासी कुसमा देवी पत्नी नरेंद्र सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी है। जिसमें बताया कि मेरा बेटा शिवलोक खेल रहा था। उसी समय पड़ोसी नन्हेंलाल पुत्र नरेश सिंह ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके सिर में काफी चोट लगी। पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मामूली कहासुनी में लाठी से बोला हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम जाफर नगर निवासी खुशनूर पुत्र मंगल खान ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि दिनांक 8 जनवरी को शाम 7.30 बजे गांव के ही फिरोज खान पुत्र भूरे खान ने उसे अपने घर पर बुलाया था। वहां पर कुछ काम के बारे में बातचीत होने लगी। इसी बात में भूरे खान से थोड़ी सी कहासुनी होने लगी, तभी उसके पुत्र फिरोज खान ने मेरे हाथ में लाठी मार दी। जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### पुत्र ने पिता की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती 7 जनवरी को घर से कस्बा नवाबगंज बाजार करने आया युवक गायब हो गया। काफी खोजबीन करने पर न मिलने पर पुत्र ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। कस्बा नवाबगंज के सटे गांव सलेमपुर बरतल निवासी अजय कुमार पुत्र विशुन सेठ ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीती 7 जनवरी को दोपहर बाद उसके पिता कस्बा नवाबगंज में घरेलू सौदा खरीदने के लिए आया थे। जो कि वापस नहीं लौटे। तब शाम को परिजनों को चिंता हुई, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर। कोई अता पता न चलने पर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### 10 से 25 जनवरी तक बंटेगा राशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलापूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2023 के अंतर्गत माह जनवरी 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह जनवरी 2024 में दिनांक 10.01.2024 से 25.01.2024 के मध्य वितरण करना सुनिश्चित किया जाये। जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त अन्तयोदय कार्डधारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (14 किलोग्राम गेहूं, 20 किलोग्राम चावल तथा 01 किलोग्राम बाजरा) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किलोग्राम प्रति यूनिट खाद्यान्न (02 किलोग्राम गेहूं, 02 किलोग्राम चावल तथा 01 किलोग्राम बाजरा) का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा।

# तमंचा कारतूस सहित शातिर युवक गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान शातिर अपराधी को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर बलात्कार व दलित उत्पीड़त तथा मारपीट सहित 8 मुकदमे दर्ज है। कोतवाली फर्रुखाबाद के उपनिरीक्षक राजेश कुमार गौतम, हे0का0 सुनील कुमार, का0 अनिल कुमार के साथ क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम राहुल श्रीवास्तव उर्फ कुन्ती पुत्र देशराज निवासी अम्बेडकर कालोनी भोलेपुर बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। आरोपी पर बलात्कार व दलित उत्पीड़त तथा मारपीट सहित 8 मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपी युवक का चालान कर दिया।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष (युवा मोर्चा) तेजस्वी सूर्या से मिले युवा नेता विकास राजपूत

- फर्रुखाबाद में बड़े उद्योग लगवाने व युवाओं के लिए रोजगार के आयाम स्थापित कराने की मांग
- लोकसभा सीट के लिए किया आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर युवा नेता विकास राजपूत ने फर्रुखाबाद में बड़े स्तर के उद्योग लगवाने व युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान कराये जाने की मांग की और साथ ही फर्रुखाबाद संसदीय सीट से चुनाव लडने् के लिए अपना आवेदन भी सौंपा है।

तेजस्वी सूर्या भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बेंगलुरु से सांसद है। फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी से अपनी दावेदारी कर रहे समाजसेवी विकास राजपूत ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात की एवं आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर अपना आवेदन भी तेजस्वी सूर्या को सौंपा। विकास राजपूत ने हमारे संवाददाता को बताया कि उन्होंने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को फर्रुखाबाद जनपद की समस्याओं के बारे में अवगत कराया है एवं जिले में युवाओं की रोजगार से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए रोजगार के आयाम स्थापित कराने व बड़े स्तर के उद्योग स्थापित कराने की मांग की। विकास राजपूत ने मुख्य रुप से राष्ट्रीय अध्यक्ष से मांग की कि फर्रुखाबाद में आलू आधारित उद्योग अगर लग जाता है तो इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। फर्रुखाबाद में सर्वाधिक आलू की पैदावार होने से काश्तकारों को उनकी लागत के अनुसार उन्हें वाजिब मूल्य प्राप्त नहीं हो पाता, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर इसका असर पड़ता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विकास राजपूत को आश्वासन दिया कि इन समस्याओं पर वह अवश्य विचार करेंगे।



युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विकास राजपूत

# राम मंदिर की शिलापट पर कल्याण सिंह का लिखने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारतीय** लोधी लोध महासभा की मासिक बैठक आलू मंडी सातनपुर में जिला प्रभारी बेचेलाल वर्मा के प्रतिष्ठान पर आयकर विभाग सेवानिवृत्त जवाहर सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन अरविन्द राजपूत ने किया। प्रदेश महामंत्री ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास कराते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर का रास्ता प्रशस्त करने वाले हिंदू हृदय सम्राट पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का नाम शिलापट पर लिखने व श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के बायलाज में उनके नाम को नामित करने के लिए विचार किया गया और जल्द ही अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के द्वारा पास हुए प्रस्ताव को शासन को भेजा जाएगा। समाजसेवी नवीन राजपूत ने कहा हम सबको हर आपत्ति विपत्ति में एकजुट होकर एक आवाज पर एकत्र होना चाहिए। विक्रांत सिंह राना ने कहा कि हमारे समाज में बेटियां तो शिक्षा की ओर अग्रसर होती जा रही हैं, परन्तु अधिकांश बेटे नशेड़ी होते जा रहे हैं। इस ज्वलंत समस्या पर चिंतन करना होगा। जिलाध्यक्ष महेश चंद्र राजपूत ने सभी ब्लाकों की कार्यकरिणी मजबूत करने को कहा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, अजय राजपूत फौजी, रामलड़ैते राजपूत, महावीर सिंह राजपूत, मलिखान सिंह राजपूत, रामसरकार राजपूत, सर्वेश सिंह राजपूत, हरिश्चंद्र राजपूत, राजेश सिंह राजपूत, नंदकिशोर वर्मा, अमर सिंह राजपूत, अभयराज सिंह, लालाराम राजपूत, रामनरेश राजपूत, मगनलाल वर्मा, पन्ना लाल राजपूत, प्रेमपाल राजपूत, बेंचेलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र सौंपते लोधी समाज के लोग — समृद्धि न्यूज

# दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिक के साथ जबरन बलात्कार करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 8 जनवरी को थाना अमृतपुर में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था कि आरोपी राजवीर पुत्र मटरे निवासी ग्राम नगला हूशा ने मेरी 14 वर्षीय पुत्री के साथ जबरन खेत में खींचकर बलात्कार किया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 376 व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार को अमृतपुर थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी, हे0का0 सनोज कुमार, का0 निखिल कुमार व नेमवती के साथ क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट में फरार आरोपी राजवीर पुत्र मटरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में दुष्कर्म का आरोपी

# श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मानवाधिकार संगठन की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन को लेकर जनपद के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना का कार्यक्रम होगा। इसी के तहत अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के बजरिया चौकी इंचार्ज प्रशांत सिंह के साथ बैठक कर शांति पूर्ण ढंग से कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने को लेकर विचार विमर्श किया। सम्पूर्ण विश्व में श्रीराम जन्मभूमि पूजन कार्यक्रम मनाया जा रहा है। साथ ही घरों में भी पूजा अर्चना होगी। प्रेम एवं सौहार्द के साथ इस उत्सव को मनाने के लिए शांतिपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हो। इस व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ बजरिया चौकी में बैठक हुई। बैठक में मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय व संगठन के लोग मौजूद रहे। साथ कांस्टेबिल धर्मेन्द्र गुर्जर आदि मौजूद रहे।




बैठक के दौरान चौकी इंचार्ज के साथ मौजूद मानवाधिकार संगठन के लोग

# 'पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है'

- फर्रुखाबाद से कांग्रेस के प्रत्याशी सलमान खुर्शीद ही होंगे: प्रकाश प्रधान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान ने पार्टी कार्यालय नगला दीना भोलेपुर में पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि प्रदेश अपराध की आग से जल रहा है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे है। उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में पहले स्थान पर है। वाराणसी में बीएचयू की छात्रा के साथ तीन लड़कों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना में भाजपा के लोगों का हाथ बताया है। अभी तक उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान हो चुकी है और पीड़िता ने भी पहचान की है। पांच राज्यों के चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी। कांग्रेस का दबाव न होता तो आरोपी पकड़े भी नहीं जाते। विनोद उपाध्याय को सुल्तानगंज की पुलिस द्वारा कथित मुठभेड़ में मार दिया गया। वह मुख्यमंत्री के पुराने विरोधी भी रहे है। कांग्रेस इस घटना की न्यायिक जांच की मांग कर रही है। वहीं उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जिले में दो कार्यवाहक जिलाध्यक्ष है। लोगों को पद की कीमत समझकर बैठकों में आना चाहिए। शीघ्र ही बृजप्रांत की बैठक 13 जनवरी को मथुरा में होगी। उसमें रिक्त पदों पर पदाधिकारी बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन के तहत सलमान खुर्शीद ही फर्रुखाबाद के लोकसभा प्रत्याशी होंगे। अधिकृत रुप से शीघ्र घोषणा की जायेगी। कांग्रेस ने अभी तक 30 सीटों पर दावेदारी की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी इच्छा को जाहिर करते हुए कहा कि वह अयोध्या जायेंगे जो पदाधिकारी इच्छुक हो वह भी चले। उन्होंने कहा कि पदों को लेकर शीघ्र ही मापदण्ड तय किया जायेगा और खींचतान बंद होगी। इस मौके पर कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युजंय शर्मा, अम्बार अली, हिलाल सफीकी, प्रमोद कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।



पत्रकारों से बात करते लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान



# विधानसभा में व्यवधान पैदा करने की परंपरा लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं

**लोकसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित विधायकों को दिए टिप्स**

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नव निर्वाचित विधायकों को संसदीय शिष्टाचार और आचरण की सीख दी।

उन्होंने कहा कि नियोजित तरीके से विधानसभा में व्यवधान पैदा करने की नई परंपरा चल पड़ी है, यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कानून सही है तो विपक्ष को सहयोग करना चाहिए। अगर सही नहीं है तो चर्चा करनी चाहिए। कानून बनाते समय तर्कों से चर्चा करें तो कानून बेहतर बनेगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देशभर की विधानसभाओं में शालीनता का स्तर गिरता जा रहा है, यह बड़ी चिंता का विषय है। आजकल विधायकों की रुचि प्रदेश और देश के विषयों में कम होती जा रही है। संक्षिप्त में सवाल पूछने से ज्यादा से ज्यादा जवाब मिलते हैं। प्रश्न करने वाले विधायक और जवाब देने वाले मंत्रियों के सवाल और जवाब के अध्ययन से सरकार में पारदर्शिता बढ़ती है। किसी कानून की चर्चा में केवल विरोध के लिए विरोध और पक्ष को केवल समर्थन करने से हट कर तर्कों के साथ सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा में 30 फीसदी यानी 69 विधायक पहली बार चुन कर आए हैं। इस विधानसभा में कई अनुभवी विधायक भी हैं। इस अनुभव और ज्ञान का लाभ जनता को विधानसभा के माध्यम से मिले, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा राज्य की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है। इसका इस्तेमाल कैसा होगा, यह विधानसभा के सदस्यों पर निर्भर करता है। विधायक अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हो सकता है, लेकिन विधानसभा एक ऐसा मंच है जिससे एक विधायक प्रदेश का लीडर बन सकता है। देश के जितने बड़े नेता बने हैं वो इन सदनों की चर्चा से ही बड़े बने हैं। उन्होंने हर विधानसभा के अंदर एक रिसर्च सेल बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि कानून बनने के बाद नियम बनने में सालों हो जाते हैं, लेकिन जनकल्याण के लिए कानून बनने के बाद जल्द से जल्द नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, सदन में भूमिका और आचरण कैसा हो, जनहित के मुद्दों को कैसे नियम-प्रक्रिया के अंतर्गत उठाया जाए, बजट चर्चा में किस तरह बात रखें और अन्य विधायी कार्यों की क्या प्रक्रिया है- ऐसे कई पहलुओं की जानकारी नवनिर्वाचित विधायकों को देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश विधानसभा में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम हो रहा है। विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुबह 11 बजे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# महिला सीईओ ने की बेटे की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**पणजी।** बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी की सीईओ ने गोवा के एक होटल में अपने 4 साल के बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बैग में भरकर टैक्सी से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई। गोवा पुलिस की जानकारी के बाद कर्नाटक पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके बैग से बेटे की बॉडी बरामद हुई है। महिला की पहचान 39 साल की सूचना सेठ के रूप में की गई है। वह स्टार्टअप कंपनी माइंडफुल एआई लैब की फाउंडर और सीईओ है। सूचना 6 जनवरी को गोवा के सोल बनयान ग्रांडे होटल में अपने बेटे के साथ आई थी।

सोमवार (8 जनवरी) को उसने होटल से चेक-आउट किया था। सूचना ने बेटे का मर्डर क्यों किया, पुलिस ने इसकी वजह नहीं बताई है। कहा जा रहा है कि पति से तलाक की वजह से उसने यह कदम उठाया। सूचना मूल रूप से पश्चिम बंगाल की निवासी है। वह बेंगलुरु में रहती थी। उसके एक्स हसबैंड केरल के रहने वाले हैं। वह फिलहाल इंडोनेशिया में हैं। गोवा पुलिस ने उन्हें भारत बुलाया है। गोवा पुलिस के मुताबिक, सोमवार को होटल की तरफसे उन्हें घटना की जानकारी मिली। दरअसल, जब होटल का एक स्टाफ रूम में सफाई करने पहुंचा तो उसने वहां खून के धब्बे देखे। स्टाफ ने होटल मैनेजमेंट को इसकी सूचना दी। इसके बाद गोवा पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने सीसीटीवी चेक किया, जिसमें सूचना अपने बेटे के साथ होटल में आती दिखती है। हालांकि चेक आउट के वक्त वह अकेली थी। इसके बाद गोवा पुलिस हरकत में आई। होटल के स्टाफ ने पुलिस को बताया कि सोमवार को महिला अपने कमरे से अकेले बाहर निकली और बेंगलुरु के लिए टैक्सी बुक करने को कहा।

## खबरें एक नजर में

### मेट्रो होलसेल स्टोर्स पर मेट्रो किराना उत्सव की शुरुआत


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** व्यापारियों और किराना व्यवसायियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से भारत के प्रमुख थोक विक्रेता, मेट्रो कैश एंड कैरी ने देश के तमाम मेट्रो होलसेल स्टोर्स पर मेट्रो किराना उत्सव की शुरुआत की है। यह अभियान मेट्रो के बाकी होलसेल स्टोर्स और ऑनलाइन मेट्रो होलसेल एप्लिकेशन पर 8 जनवरी से लाइव होगा, जो कि 14 जनवरी, 2024 तक चलेगा। महा मुनाफे के सात दिन टैगलाइन के साथ, किराना उत्सव अभियान की शुरुआत व्यापारियों, छोटे खुदरा विक्रेताओं और किराना ग्राहकों के लिए की गई है, ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धी थोक कीमतों पर एक ही छत के नीचे सभी श्रेणियों के प्रमुख एफएमसीजी ब्रैंड्स से आकर्षक योजनाओं और ऑफर्स का लाभ मिल सके। मेट्रो इंडिया माल, विंटर स्किनकेयर, गर्म और ठंडे पेय, बेबी डायपर्स, टॉयलेटरीज़, कन्फेक्शनरी आइटम्स, प्रोसेस्ड फूड्स, पेट फूड, सफाई और लांड्री आइटम्स, बैटरीज़, स्टेशनरी और सामान्य माल जैसी विभिन्न श्रेणियों में विशेष ऑफर्स की पेशकश कर रहा है। इस अभियान में सप्ताह भर की अवधि के दौरान, माल और प्रोडक्ट्स की श्रृंखला पर विशेष छूट और क्यूरेटेड ऑफर्स की पेशकश की जाएगी। वर्ष 2003 में अपनी स्थापना के बाद से मेट्रो इंडिया एक सुदृढ़ ब्रैंड इक्विटी स्थापित करने में सक्षम रहा है। साथ ही, भारत में किराना, एमएसएमई और अन्य छोटे व्यवसायों व व्यापारियों के लिए इसने खुद को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है।

### एसएलएमजी बीवरेजेज ने गरीबों को बांटे कंबल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लधानी समूह की कंपनी, एसएलएमजी बीवरेजेज, जो कोका कोला के भारत में प्रमुख बोटलिंग कंपनी के रूप में प्रसिद्ध है, और बीवरेजेज उद्योग में अग्रणी है, हमेशा से ही इस कंपनी ने समाज में योगदान करने का संकल्प दिखाया है। इस संकल्प के परिणामस्वरूप, एसएलएमजी बीवरेजेज ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मंदिर हनुमान सेतु पर गरीबों को कंबल दान करने का कार्य किया। इस श्रेष्ठ कार्य में लधानी समूह ने 150 कंबल गरीबों को वितरित किए, जो ठंड से बचाव के लिए महत्वपूर्ण हैं। एसएलएमजी बीवरेजेज के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक लधानी ने कहा कि इसके माध्यम से, समाज में सामंजस्य बनाए रखा जा सकता है और गरीबों को उच्चतम स्तर की जीवनस्तर की ओर एक कदम बढ़ाया जा सकता है। सौरभ लधानी, एसएलएमजी बीवरेजेज ने कहा की इस प्रकार के सामाजिक कार्यो से गरीब और आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को मदद पहुंचती है। इस सामाजिक पहल के माध्यम से, समाज उन व्यक्तियों की समर्थन में शामिल होता है जो आर्थिक कमी और समस्याओं का सामना कर रहे हैं, और इससे समृद्धि और सामाजिक समानता की दिशा में एक कदम और बढ़ता है।

### राज्य मंत्री ने उमंग सिल्क एक्स्पो का किया शुभारंभ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उमंग सिल्क एक्स्पो द्वारा प्रदर्शनी लखनऊ के ' ' मोती महल लॉन, राणा प्रताप मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ में 9 जनवरी से 15 जनवरी 2024 ,समय 11 से रात्रि 9 तक चलेगी। 7 वैवाहिक व विंटर कलेक्शन की सम्पूर्ण रेंज आकर्षण छूट पर उपलब्ध है, जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के बेहतरीन कलेक्शन प्रस्तुत किए गए हैं। देशभर की साड़ियो का फैशन शो भी अयोजित किया गया। उमंग सिल्क एक्स्पो के आयोजक आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वरा आयोजित सिल्क एक्स्पो व सेल में देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाईनरों ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्यौहारो को सिल्क पर छापा है। उमंग सिल्क एक्स्पो में कांजीवरम उपाडा, गढ़वाल पटोला, बैंगलोर सिल्क, कांथा वर्क, डकारी जामदानी, पैठानी, बनारसी, भागलपुरी की साड़ियो, कश्मीरी पश्मीना साड़ी, सूट सॉल जैकेट स्टोल आदि बिक्री हेतु उपलब्ध है। एक्जीवीशन में गुजरात की पटोला सिल्क, तेलांगना की उपाडा सिल्क तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, महाराष्ट्र की पैठानी सिल्क, पर गई कलाकारी लोगो को अपनी ओर खीच रही है। इस प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल के काला हस्ती से आए बुनकर ने भगवान श्री कृष्ण के नोका विहार का द्रश्य सिल्क पर पेंट किया किया है साड़ियो पर बनी डीजायनो में कश्मीरी केशर की डीजायन के साथ ही कश्मीरी कहावा भी है।

### दिल्ली में अब तक के सबसे बड़े 'कैब महोत्सव' का आयोजन



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने मंगलवार को दिल्ली में अब तक के सबसे बड़े 'कैब महोत्सव' का आयोजन किया। 600 से अधिक कैप्टन्स ने इस भव्य आयोजन में हिस्सा लिया, जिन्हें गारंटीड उपहार जैसे फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टेलीविज़न आदि दिए गए। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कैप्टन्स के साथ बातचीत की और उन्हें उपहार देकर उनकी सराहना की। इस अवसर पर कैप्टन्स को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सराहा गया, यह आयोजन अपने कैप्टन्स के लिए रैपिडो की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अपने कैप्टन्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वन गुंटुपल्ली, सह-संस्थापक, रैपिडो ने कहा, ''रैपिडो में हम कैप्टन्स के साथ सिर्फ लेनदेन के दायरे से आगे बढ़कर मजबूत रिश्ते बनाना चाहते हैं। हम अपने उपभोक्ताओं एवं कैप्टन्स दोनों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। हम ज़ीरो कमीशन के साथ रैपिडो कैब्स लेकर आए हैं ताकि हमारे कैप्टन्स की अच्छी कमाई हो सके। रैपिडो ने हाल ही में 60000 से अधिक कैप्टन्स के फ्लीट के साथ दिल्ली एनसीआर में कैब सर्विस का लॉन्च किया। आने वाले दो महीनों में रैपिडो दिल्ली में 40000 से अधिक रोज़गार के अवसर उत्पन्न करेगी।

### अमेरिका : टेक्सास होटल विस्फोट में 21 घायल

**ह्यूस्टन।** टेक्सास के फोर्ट वर्थ शहर के एक होटल में विस्फोट के बाद कम से कम 21 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फोर्ट वर्थ में एम्बुलेंस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले मेडस्टार के अनुसार एक व्यक्ति की हालत ज्यादा गंभीर है और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। फोर्ट वर्थ अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार 245 कमरों वाले सैंडमैन सिग्नेचर फोर्ट वर्थ डाउनटाउन होटल में विस्फोट सोमवार दोपहर करीब 3-30 बजे (स्थानीय समय) हुआ। इस होटल को मूल रूप से 1920 में वैगोनर बिल्डिंग के रूप में बनाया गया था। विस्फोट के कारण होटल की इमारत का भारी मलबा पूरी सड़क पर बिखर गया और आसपास के कर्मचारियों को बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# राम मंदिर में लगा सोने का पहला दरवाजा, सामने आई तस्वीर

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं, राम मंदिर में सोने के दरवाजे लगाने का काम शुरू हो गया है। इसकी तस्वीरें सामने आई हैं। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में देख सकते हैं कि गेट नंबर 11 पर सोने की परत का दरवाजा लगाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, ऐसे 13 और दरवाजे लगाए जाएंगे। इससे पहले राम मंदिर में मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। अयोध्या से सोमवार जटायु की मूर्ति पहुंची है। जटायु की मूर्ति को राम मंदिर परिसर में स्थापित की जाएगी। मूर्ति अयोध्या मंदिर में बने कुबेर टीला पर लगा दी गई है। जटायु की यह मूर्ति 20 फीट चौड़ी और 8 फीट ऊंची है। इसे बनाने में करीब 3 महीने का वक्त लगा था। मंदिर प्रशासन राम मंदिर को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो रात में शूट किया गया है और मंदिर निर्माण के कार्यों को दर्शाया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ÷प्रभु श्री रामलला सरकार का पवित्र गर्भगृह दुनिया भर के लाखों राम भक्तों के स्वागत के लिए अपनी पूरी भव्यता के साथ तैयार है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मूर्ति के स्वरूप का खुलासा करते हुए कहा है कि जो मूर्ति श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित होगी।


## हर घर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि-रोजगार पहुंचाने के लिए बनेगा संजीवनी कार्ड

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** रामनगर प्रखंड के नौरंगिया दोन के कमरचीनवा ग्राम में 21 वीं शस्त्र सीमा सुरक्षा बल द्वारा नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकर्ता सह युवा समाजसेवी दिनेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल, 21वीं वाहिनी के कमांडेंट श्रीप्रकाश, बबली अग्रवाल तथा लक्ष्मी खत्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए दिनेश अग्रवाल ने घर घर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार का अलख जगाने के लिए प्रत्येक घर में संजीवनी कार्ड बनवाने का आह्वान किया। इनका एक मात्र लक्ष्य हैं चंपारण को विकसित चम्पारण बनाना, गरीबों को गरीबी के दुष्चक्र से निकालना। इसके अलावा इन्होंने पीपरा दोन में भी इसी मिशन के तहत कार्यक्रम किया।

# संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का निधन

एजेंसी

**55 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे**



**कोलकाता।** शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान नहीं रहे। मंगलवार को कोलकाता के एक अस्पताल में उन्होंने 55 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। दिसंबर से उनकी सेहत बिगड़ने लगी थी। 23 दिसंबर को खबरें आई थीं कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिछले कुछ दिनों से वे आईसीयू में भर्ती थे और वेंटिलेटर पर थे। शुरुआत में उनका इलाज मुंबई के टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में चला, लेकिन बाद में वे कोलकाता लौट आए थे।

उस्ताद राशिद खान का जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ। उन्होंने तालीम अपने नाना उस्ताद निसार हुसैन खान से ली। राशिद खान की पहली मंचीय प्रस्तुति 11 साल की उम्र में थी। वे रामपुर-सहसवान घराने के गायक थे। उन्होंने फिल्मों में भी अपनी आवाज दी। जब वी मेट में उनकी गाई बंदिश आओगे जब तुम साजना काफी लोकप्रिय रही। राशिद खान अपने नाना की तरह विलंबित ख्यालों में गाते थे। वे उस्ताद अमीर खां और पंडित भीमसेन जोशी की गायकी से भी प्रभावित थे। संगीतकार के लोकप्रिया गानों की बात करें तो वे इंडस्ट्री में तोरे बिना मोहे चैन नहीं जैसा सुपरहिट गाना गाया था। वहीं, वे इंडस्ट्री के किंग यानी शाहरुख खान की फिल्म माई नेम इज खान में भी गाना गा चुके हैं।

यही नहीं, उस्ताद राशिद खान राज 3, कादंबरी, शादी में जरूर आना, मंटो से लेकर मीटिन मास जैसी फिल्मों में भी अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके हैं।संगीत जगत को अपनी आवाज से मंत्रमुग्ध करने वाले उस्ताद राशिद खान को पद्मश्री और पद्मभूषण से नवाजा गया था। राशिद का संगीत करियर 11 साल की उम्र में ही शुरू हो गया था। संगीतकार ने कई बांग्ला गीत भी आए।

# बहुत बड़ा निकला भोपाल अवैध बालगृह मामला, विदेशों से हो रही है फंडिंग

**ईसाई कन्वर्जन के तार कई राज्यों से जुड़े**

एजेंसी



**भोपाल।** भोपाल के अवैध रूप से संचालित आंचल चिल्ड्रन होम मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। इसका संचालक एवं पूर्व में संजीवनी एनसीओ के माध्यम से रेलवे चाइल्ड लाइन चलाने वाला अनिल मैथ्यू कोई अकेला शक्स नहीं, बल्कि इसके साथ कैथोलिक चर्च की बहुत बड़ी मशीनरी काम कर रही थी, जिसमें कई फादर और सिस्टर्स के साथ अन्य नौकरीपेशा एवं सामाजिक कार्यकर्ता लिप्त हैं। यह एक बड़ा जाल है, जो बच्चों का ईसाईयत की आड़ में ह्यूमन ट्रैफिकिंग का संचालन कर रहा है। इसके तार करोड़ों की विदेशी फंडिंग से जुड़े हुए हैं। देशभर से यह सेवा के नाम पर धन उगाही करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब तक केंद्र सरकार के सहयोग से चाइल्ड लाइन इंडिया फाउण्डेशन के पास 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन का काम था, उसके साथ जुड़ कर केंद्र की करोड़ों की राशि लेकर उसका इस्तेमाल अवैध तरीके से कन्वर्जन में ये करते रहे। जांच सही से हो जाए तो इसमें कई अन्य लोगों का सच उजागर होगा।

दरअसल, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) के अध्यक्ष द्रविन्द्र मोरे, सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा एवं ओंकार सिंह ने जब इस चिल्ड्रन होम पर छापा मारा तब उन्हें भी अंदाज नहीं था कि मामला इतना गंभीर है। अब जैसे-जैसे समय बीत रहा है, इससे जुड़े नए खुलासे हो रहे हैं। आंचल नाम के इस चिल्ड्रन होम में कुल 68 बच्चियां रजिस्टर्ड मिलीं। जिनमें से 41 बच्चियां ही मौके पर पाई गईं एवं अन्यों का उनके घर जाना बताया गया। इसकी शिकायत पर परवलिया पुलिस ने शनिवार को हॉस्टल संचालक और पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने मुख्य सचिव वीरा राणा से सात दिन में जांच रिपोर्ट मांगी। जिसमें महिला बाल विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापरवाही बरतने के नाम पर अपने एक पूर्व परियोजना अधिकारी समेत तीन लोगों को सस्पेंड कर दिया।

**जर्मनी से ही सीएमआई व डाई स्टर्न सिंगर ने की करोड़ों की फंडिंग**

आंचल चिल्ड्रेन होम का संचालन कर रही संजीवनी सर्विसेस सोसाइटी को जर्मनी से लगातार करोड़ों की फंडिंग मिली है, जिसके साक्ष्य सामने आ गए हैं। इस संस्था को फंड देने वाले ज्यादातर लोग जर्मनी की कार्मेलाइट्स ऑफ मेरी इमैक्यूलेट (सीएमआई) नाम की संस्था से जुड़े पाए गए हैं। भोपाल के बच्चों के ऊपर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई गई थी, जिनके जरिए जर्मनी की संस्था डाई स्टर्न सिंगर जर्मनी समेत दुनिया के तमाम देशों से गरीब बच्चों की मदद करने के नाम पर फंड इकट्ठा करती थी और फिर उसी में से इस चिल्ड्रेन होम संचालन के लिए धनराशि भेजी जाती थी। अकेले 2020 में ही एक करोड़ 22 लाख रुपए से ज्यादा का फंड इसे दिया गया। इसके अलावा भी खुलेतौर पर अन्य देशों व लोगों से सेवा के नाम पर फंड करने की जानकारी सामने आई है।

**गरीब और मजबूर परिवारों को बनाते हैं निशाना**

कैथोलिक चर्च से जुड़े अनिल मैथ्यू समेत अन्य लोग मध्य प्रदेश के हर जिले में सक्रिय हैं। ये गरीब परिवारों से संपर्क बनाते हैं, उन्हें जरूरत के हिसाब से आर्थिक मदद मुहैया कराते हैं और फिर उनके बच्चों के लिए सुनहरे भविष्य का स्वप्न दिखाकर उन्हें आंचल चिल्ड्रन होम जैसी संस्थाओं में बचपन से ही ले आते हैं ताकि लम्बे समय तक चर्च की प्रैक्टिस कराए जाने के बाद वे स्वतः 18 वर्ष की आयु में बालिग होने पर नाम एवं प्रमाणपत्र में भले ही अजा-जनजा या अन्य कोई बने रहें लेकिन मन से पूरी तरह से ईसाई हो जाएं। इसके साथ ही भविष्य में नौकरी पाने समेत अन्य सरकारी लाभ भी इन्हें मिले और अप्रत्यक्ष रूप से ये ईसाई बनकर ये अपने मूल धर्म से अलग हो जाएं, यह भी मंशा इन कैथोलिक चर्च से जुड़े इन जैसे लोगों की रहती आई है। भोपाल चिल्ड्रेन होम में मिली बालिकाएं भी इसी तरह से छिंदवाड़ा, रायसेन, सीहोर, विदिशा समेत कई जिलों से घर-घर विश्वास जीतकर इनके अन्य जिलों में सक्रिय लोगों द्वारा वहां से लाकर यहां रखवाई गईं थीं।

**सीएम ने दिए सख्त निर्देश**

फिलहाल इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरे प्रदेश में कोई भी अवैध बाल संरक्षण गृह संचालित नहीं हो। बाल संरक्षण गृह अवैध पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन के अधिकारी इसके लिये सतत निरीक्षण भी करते रहें। वहीं, एनसीपीसीआर अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो का कहना है कि आंचल चिल्ड्रंस होम पूरी तरह से गैर कानूनी तरीके से संचालित हो रहा था। उसने बाल कल्याण समिति को भी बच्चियों की जानकारी नहीं दी थी। रिपोर्ट आने के बाद इस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में पुलिस जहां अपनी ओर से छानबीन करने का दावा कर रही है। महिला बाल विकास विभाग आगे कार्रवाई को सुचारु रूप से रखने की बात कह रहा है। वहीं, देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले दो बच्चे (सीएनसीपी) बच्चियों को छोड़ कर सभी को उनके परिजनों को सोमवार रात नौ बजे सौंप दिया गया है, जिस पर भी कई प्रश्न खड़े हुए हैं।

## भारत-नेपाल सीमा पर तलाशी के दौरान मृत कछुए के साथ एक गिरफ्तार

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** वाल्मीकि नगर स्थित भारत-नेपाल सीमा के गंडक बराज पर तैनात एसएसबी 21 वीं वाहिनी बी कंपनी ने गुप्त सूचना के आधार पर एक नेपाली व्यक्ति नवले धमाला पिता सहदेव धमाला वार्ड संख्या-03 धामली जिला अछाम नेपाल को मंगलवार की दोपहर एक मृत कछुआ के साथ गिरफ्तार किया। नवले धमाला नेपाल से इंडिया आ रहा था। जिसको गंडक बराज के चेक पोस्ट पर तलाशी ली गई। जिसके पास इंडियन साफ्ट शेल टर्टल लगभग दो फीट मृत पाया गया। वाल्मीकि नगर स्थित वन विभाग के हवाले कर दिया गया। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के प्रभारी रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि एसएसबी के द्वारा पकड़े गए नेपाली व्यक्ति को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 धारा 9 और 2 के तहत एसआई जीडी अश्वनी कुमार के द्वारा सुपुर्द किया गया।

# रेल लाइनों की रात्रिकालीन गश्त बढ़ाएं सभी मंडल : महाप्रबंधक

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलों पर संरक्षा को प्राथमिकता दिए जाने पर बल दिया गया। उन्होंने इसके लिए रेलपथों, चलस्टॉक, सिगनल और बिजली के ओवरहैड तारों के अनुरक्षण को उच्च वरीयता दी जानी चाहिए ।

श्री चौधुरी ने विभागों से रेल कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने का परामर्श दिया ताकि उन्हें जागरूक बनाए रखा जा सके और रेल प्रणाली में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। सर्दियों के मौसम में घने कोहरे से उत्तरी क्षेत्र में रेल परिचालन बहुत कठिन हो जाता है। उन्होंने सभी मंडलों को रेल लाइनों की रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा सिगनल प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने रेल पटरियों में आने वाली दरारों उपकरणों की विफलता, पॉइंट और क्रॉसिंग का अनुरक्षण, शंटिंग, कार्यस्थल पर सुरक्षा बढ़ाने तथा सिगनलों, रेल दरारों और रेल वेल्डों की व्यापक रूप से निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने, जहां भी आवश्यक है, वहां पेड़ों की छंटाई के लिए वन विभाग से अनुमोदन लेने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए ताकि उनसे रेल पटरियों अथवा ओएचई तारों को कोई क्षति न पहुंचे। उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रेलगाड़ियों के निर्बाध परिचालन के लिए रिले और पैनल रूमों की संरक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिए।

# हर प्रदेश में एक अलग स्वाद है खिचड़ी का



आप अलग-अलग तरह के खाने के शौकीन हों तो भी खिचड़ी को इतना कम नहीं आंकें। इसकी भी शान निराली है। यह भारत का पारंपरिक भोजन है। जिस तरह से देश के हर राज्य का खाना अलग तरह का है, वैसे ही राज्यवार खिचड़ी भी अलग-अलग तरीके से पकाई जाती है। इस मकर संक्रांति आप खिचड़ी खाएं और खिलाएं। साथ ही खिचड़ी की किस्में जानें।

जानने के बाद नहीं कहेंगे आप कि खिचड़ी तो सिर्फ दाल-चावल मिलाकर, हींग, हल्दी, नमक, खूब सारा पानी और कुकर की 2-3 सीटी में बनती है। खाएंगे तो जानेंगे भारत के अलग-अलग राज्य की लजीज खिचड़ियों का स्वाद। काबिलेगौर है कि खिचड़ी का पहला संदर्भ वेदों में है, जहां इसे क्षीरिका कहा गया है। बाद में, वर्ष 1017 में भारत की यात्रा करने वाले फारसी विद्वान अल बिरूनी के लेखन में इस पकवान का संदर्भ सामने आया। इससे पहले 250 ईसा पूर्व के आसपास दार्शनिक चाणक्य ने लिखा था कि एक सज्जन के भोजन में 'एक प्रस्थ शुद्ध चावल, एक प्रस्थ दाल, 1/62 प्रस्थ नमक और 1/16 प्रस्थ घी'। हाल ही में शिकागो स्थित खाद्य इतिहासकार कोलीन टेलर सेन ने एक साक्षात्कार में कहा था कि मुझे लगता है कि खिचड़ी भारतीय उपमहाद्वीप के एक सार्वभौमिक व्यंजन के सबसे करीब हो सकती है। यह हर जगह बहुत ज्यादा खाई जाती है, अफ़ग़ानिस्तान सहित जहां इसका एक संस्करण है, छाने हुए दही से बना केचर कुरूत।

**बंगाल की भोगर खिचड़ी**

पश्चिम बंगाल में त्योहारों पर खिचड़ी खाई जाती है जिसे घी के साथ परोसा जाता है। बंगाली खिचड़ी को गोबिंदोभोग चावल और भूनी मूंग दाल से बनाया जाता है। इस खिचड़ी में खड़े मसालों का प्रयोग होता है। इसमें प्रमुख हैं तेज पत्ता, सूखी लाल मिर्च, जीरा और सौंठ पाउडर या कद्दूकस किया हुआ ताजा अदरक। इसमें तली हुई सब्जियां, बारीक कटा नारियल और थोड़ी-सी चीनी डाली जाती है। परोसते समय थोड़ा-सा गर्म मसाला बुरका जाता है और लाबरा या टमाटर की चटनी के साथ परोसा जाता है।

**कश्मीर का मूंग काशर**

कश्मीर में खिचड़ी को मूंग काशर या मूंग ख्याचूर कहते हैं। इसे धुली मूंग दाल या साबुत मूंग दाल से बनाया जाता है। इसमें डाली जाती है मसूर दाल। इसमें खड़े मसालों में इलायची, दालचीनी और तेज पत्ते का प्रयोग होता है। दही या मूली की चटनी के साथ परोसा जाता है।

**गुजरात की कढ़ी खिचड़ी**

गुजरात में खिचड़ी को अरहर या मूंग दाल के साथ बनाया जाता है। इसमें सरसों, काली मिर्च, हींग, हल्दी और लौंग का तड़का लगाया जाता है। मीठा भी डाला जाता है। इसे छाछ या कढ़ी के साथ परोसा जाता है। गुड की मिठास डाली जाती है।

**कर्नाटक की बिसी बेल भाथ**

कर्नाटक में खिचड़ी को बिसी बेल भाथ कहा जाता है। इसे अरहर दाल, चावल, हल्दी और घी से बनाया जाता है। इसमें पूड़ी डाली जाती है। पूड़ी एक गीला मसाला है, जो गुड और इमली से बनता है।

**महाराष्ट्र की मसाला खिचड़ी**

यहां की खिचड़ी बहुत टेस्टी होती है। इसमें सब्जियां जैसे- प्याज, टमाटर, हरी मिर्चें, बीन्स, गाजर, गोभी और मटर डाले जाते हैं। इसमें जीरा, सरसों दाना, सफेद तिल, लौंग का तड़का लगता है। भुने पापड़ या आम के अचार के साथ परोसा जाता है।

**तमिलनाडु का पोंगल**

पोंगल की खासियत है कढ़ी पत्ते और सरसों दाने का तड़का। दाल चावल की इस डिश को खड़े मसालों का तड़का लगाया जाता है। इसे दही, पापड़ या पाचिड़ी के साथ परोसा जाता है। इसे मीठा भी बनाया जाता है। खिचड़ी में गुड़ या चीनी डाली जाती और हरी इलायची और सूखे मेवों का तड़का लगाया जाता है।

**बिहार में हर शनिवार खिचड़ी खाने की प्रथा**

मकर संक्रांति के अलावा बिहार में हर शनिवार खिचड़ी खाने की प्रथा है। यहां अरवा चावल और मूंग-मसूर दाल में खड़े मसालों का तड़का लगाया जाता है। इसमें सरसों तेल में तली सब्जियों को भी डाला जाता है। खिचूड़ी को कटहल, परवल या आम के अचार, पापड़ और घी के साथ परोसा जाता है। वैसे गर्मियों में भी जमकर खाई जाती है खिचड़ी, लेकिन सर्दियां आते ही राजस्थान में खिचड़ी खूब बनायी-खाई जाती है। प्रमुख कारण है खिचड़ी अंदर से शरीर गर्म रखती है। यहां गेहूं की बीकानेरी खिचड़ी, जिसे जीरे वाले रायते के साथ खाया जाता है और राजवाड़ी खिचड़ियों को गर्मागम कढ़ी के साथ परोसा जाता है।